नई दिल्ली
सोमवार, 17 फरवरी 2025
फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष, पंचमी वर्ष : 28, अंक : 309
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 27
न्यून. 12



# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



11 स्पेन ने महिला प्रो लीग में जर्मनी को 2-1 से हराया

### 20 फरवरी को नई सरकार का शपथ ग्रहण कार्यक्रम होगा

# 19 को दिल्ली के सीएम का होगा ऐलान! भाजपा ने बुलाई विधायक दल की बैठक



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के नए सीएम का नाम तय करने के लिए सोमवार को बुलाई गई विधायक दल की बैठक टल गई है। जानकारी के मुताबिक अब 19 फरवरी को विधायक दल की बैठक होगी और 20 को नए सीएम का शपथ समारोह होगा। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा पहले ही साफ कर चुके हैं कि मुख्यमंत्री निर्वाचित विधायकों में से होगा। बैठक में कैबिनेट मंत्रियों के नाम की भी घोषणा हो सकती है। भाजपा 71% स्ट्राइक रेट के साथ 48 सीटें जीतकर 26 साल बाद सत्ता में वापसी की है। ऐसे में शपथ ग्रहण समारोह एक ग्रैंड इवेंट की तरह हो सकता है। इसमें 1 लाख से ज्यादा लोग आ सकते हैं। समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा पूरी कैबिनेट समेत पार्टी के बड़े नेता शामिल होंगे। साथ ही भाजपा और एनडीए शासित 21 राज्यों के मुख्यमंत्री और डिप्टी सीएम भी आएंगे। सूत्रों का कहना है कि 20 फरवरी को नई सरकार का शपथ ग्रहण कार्यक्रम होगा, जिसमें मुख्यमंत्री और मंत्री शपथ लेंगे। चर्चा यह भी है कि शपथ कार्यक्रम राजभवन की बजाय रामलीला मैदान में होगा। खबर लिखे जाने तक भाजपा ने अपने केन्द्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त नहीं किए थे। बताया जा रहा है कि पर्यवेक्षकों की घोषणा जल्द हो सकती। ज्ञात हो कि दिल्ली में भाजपा ने 48 सीटों पर जीत हासिल की थी। 70 सदस्यीय दिल्ली विधानसभा में बहुमत के लिए आंकड़ा 36 सीटों का है। मुख्यमंत्री बनने की दौड़ में प्रवेश वर्मा, सतीश उपाध्याय, विजेन्द्र गुप्ता, शिखा राय सहित कई विधायक शामिल हैं। बताया जा रहा है कि पार्टी हाईकमान राजस्थान और मध्यप्रदेश की तर्ज पर पहली बार विधायक बने किसी नए चेहरे पर भी भरोसा जता सकता है। हालांकि नई दिल्ली विधानसभा सीट पर अरविंद केजरीवाल को पटकनी देने के बाद प्रवेश वर्मा की दावेदारी सबसे मजबूत मानी जा रही है।



प्रवेश वर्मा | सतीश उपाध्याय | शिखा राय | विजेंद्र गुप्ता

### नड्डा ने की विधायकों से बातचीत



विधायक दल की बैठक से पहले भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कई राउंड की बैठकों में व्यक्तिगत तौर पर नवनिर्वाचित विधायकों से बातचीत की है। इन बैठकों में विधायकों के विचार और प्राथमिकताएं जानी गई हैं, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि पार्टी के आगामी नेतृत्व और मंत्रिमंडल गठन में उनकी राय को ध्यान में रखा जाए। लिहाजा उनकी प्रधानमंत्री के साथ बैठक में यह तय होगा कि कौन सा विधायक मुख्यमंत्री पद के लिए उपयुक्त है और किसे मंत्री या स्पीकर के रूप में नियुक्त किया जाए?

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### आज से लागू होगा फास्टैग का नया नियम



**नई दिल्ली।** फास्टैग का नया नियम सोमवार से लागू हो जा रहा है। जिन भी यूजर्स के फास्टैग में लो बैलेंस, भुगतान में देरी या फिर फास्टैग ब्लैकलिस्ट होगा। उन पर अतिरिक्त जुर्माना लगाया जाएगा। इसके पीछे सरकार का उद्देश्य फास्टैग में होने वाली परेशानी के कारण टोल पर लगने वाली गाड़ियों की लंबी कतारों को कम करना है।

### सोने की खदान ढहने से 42 लोगों की मौत



**बामाको।** माली के पूर्वी इलाके में सोने की एक खदान ढहने से दर्जनों लोगों की मौत हो गई और कई अन्य लोग घायल हो गए। मालियन टेलीविजन और केनीबा जिले के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह दुर्घटना केनीबा जिले में हुई। यह इस साल फ्रेंच भाषी पश्चिमी अफ्रीकी देश में दूसरी बड़ी दुर्घटना है।

### दोनों को माफ की जगह साफ कर देना चाहिए



**छतरपुर।** बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री की रणवीर इलाहाबादिया और समय रैना विवाद में एंट्री हो गई है। उन्होंने इलाहाबादिया और समय रैना पर भड़कते हुए कहा है कि ऐसों को माफ नहीं, बल्कि साफ कर देना चाहिए। एक पॉडकास्ट में बागेश्वर बाबा ने कहा कि एक सनातनी होना और एक बनने का नाटक करना, दोनों में जमीन-आसमान का फर्क है।

### दो सदस्यीय उच्च स्तरीय जांच समिति ने अपना काम शुरू किया

# नई दिल्ली से प्रयागराज जाने वाली सभी विशेष रेलगाडियां प्लेटफॉर्म नंबर 16 से चलाई जाएंगी

### अब प्रयागराज जाने के इच्छुक सभी यात्री नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के अजमेरी गेट की ओर से आएंगे और जाएंगे



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ की दुखद घटना के एक दिन बाद, उत्तर रेलवे ने आने वाले दिनों में ऐसी किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए कई उपाय लागू किए हैं। यह निर्णय लिया गया है कि प्रयागराज की ओर जाने वाली सभी विशेष रेलगाडियां प्लेटफॉर्म नंबर 16 से चलाई जाएंगी। इसलिए प्रयागराज जाने के इच्छुक सभी यात्री नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के अजमेरी गेट की ओर से आएंगे और जाएंगे। सभी प्लेटफॉर्म से नियमित रेलगाडियां का संचालन यथावत जारी रहेगा। यह अत्यधिक भीड़ (पीक आवर की भीड़) को एक प्लेटफॉर्म पर जमा होने से बचाने की दिशा में कदम है। शनिवार की अप्रिय घटना की जांच के लिए घोषित दो सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति ने अपना काम शुरू कर दिया है। समिति में उत्तर रेलवे के प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त श्री पंकज गंगवार और प्रधान मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक श्री नर सिंह दोनों उच्च प्रशासनिक ग्रेड अधिकारी शामिल हैं।

**आज सोमवार से महाकुंभ हेतु पांच और विशेष रेलगाडियां निर्धारित की**



### नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा बल बढ़ाया

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ और जीआरपी बलों की तैनाती बढ़ा दी गई है। ये कर्मी यात्रियों को उस प्लेटफॉर्म की ओर जाने के लिए मार्गदर्शन करने में मदद कर रहे हैं जहां से उनकी ट्रेन प्रस्थान करने वाली है। व्यस्त समय में परिचालन दक्षता बढ़ाने पर ध्यान देने के अलावा सुविधा के लिए शाम 7 बजे तक तीन विशेष रेलगाडियां चलाईं। इनमें प्रयागराज के रास्ते दरभंगा के लिए एक विशेष ट्रेन और प्रयागराज की ओर दो और विशेष रेलगाडियां शामिल हैं। प्रयागराज की ओर नियमित रेलगाडियां के अलावा एक और विशेष ट्रेन शाम के व्यस्त समय की मांग को पूरा करने के लिए रात 9 बजे प्रस्थान करने वाली है। यात्रियों की अभूतपूर्व भीड़ को देखते हुए, भारतीय रेलवे ने महाकुंभ श्रद्धालुओं के लिए आज सोमवार को पांच और विशेष रेलगाडियां निर्धारित की हैं।

#### अफवाहों का शिकार न हों

भविष्य में किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए, भारतीय रेलवे मीडिया आउटलेट्स के माध्यम से बड़े पैमाने पर जनता से अपील करता है कि वे अफवाहों का शिकार न हों, जैसा कि कल नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना में देखा गया था। सभी यात्रियों से अनुरोध है कि वे अफवाहों पर ध्यान देकर प्लेटफार्म न बदलें और आधिकारिक घोषणा का सख्ती से पालन करें। भारतीय रेलवे की परिचालन योजना का पालन करते हुए यात्रियों से सहयोग की अपेक्षा है। इससे काफी मदद मिलेगी और जोनल रेलवे अधिकारियों को यात्रियों के लिए नियोजित नियमित और विशेष ट्रेन सेवाओं को सुचारू रूप से निष्पादित करने में मदद मिलेगी।

#### हेल्पलाइन नंबर 139 पर ले रहे मदद

रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 भीड़-भाड़ वाली स्थिति के दौरान किसी भी पूछताछ और यात्री सहायता के लिए लोगों तक पहुंचने के लिए सेवा जारी रखे हुए है। भारतीय रेलवे को आज शाम 5 बजे तक इस हेल्पलाइन नंबर पर दुर्भाग्यपूर्ण घटना से संबंधित 130 से अधिक कॉल प्राप्त हुई हैं। इसके अलावा, भारतीय रेलवे कर्मियों ने प्रत्येक मृतक के परिवार को उनके घर तक पहुंचाया और उनके अंतिम संस्कार में शामिल हुए। इससे पहले दिन में, भारतीय रेलवे ने सभी 18 मृतकों के निकट परिजनों को 10- लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी। गंभीर रूप से घायल प्रत् येक यात्री को 2.5 लाख रुपये की राशि और मामूली रूप से घायल 15 यात्रियों में से प्रत् येक को 1 लाख रुपये का मुआवजा दिन के दौरान वितरित किया गया।

### हरियाणा नगर निकाय चुनाव

# 'अपनों' से हांफ रही कांग्रेस को 'संजीवनी' की तलाश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



कांग्रेस पार्टी की दिल्ली चुनाव में लगातार जीरो पर आउट होने और छत्तीसगढ नगरी निकाय चुनाव में दुर्गति होने के बाद अब बारी है हरियाणा नगरी निकाय चुनाव की। दो मार्च को चुनाव होने हैं। उसके ठीक पहले हरियाणा प्रदेश प्रभारी दीपक बाबरिया की जगह हरिप्रसाद को प्रभार देने के बाद प्रदेश अध्यक्ष उदयभान के जाने की खबरें खूब प्रसारित हुईं। हुआ उल्टा।

उदयभान ने बतौर प्रदेश अध्यक्ष पूरी ठसक के साथ नगरी निकाय चुनाव के लिए कांग्रेस प्रत्याशियों की दूसरी लिस्ट जारी कर दी। तो क्या नये प्रभारी हरिप्रसाद के बगैर सहमति लिस्ट जारी हो गई इस सवाल के जवाब में शीर्ष नेता कहते हैं, ऐसा नहीं हो सकता। प्रदेश अध्यक्ष ने जरूर हरिप्रसाद से सहमति ली होगी। कांग्रेस पार्टी में आमतौर पर टिकट से पहले चुनाव की तिथि तक मंत्रणा का दौर चलता है मगर अभी ऐसी क्या जल्दबाजी थी कि हरिप्रसाद के साथ बैठक के बिना ही पीसीसी स्तर पर लिस्ट जारी कर दी गई? इस सवाल का जवाब हरिप्रसाद के पास ही था, लेकिन उनका फोन लगातार स्विच ऑफ बताता रहा। हरिप्रसाद को हुड्डा खेमे के साथ सैलजा, सुरजेवाला खेमे के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने की महती जिम्मेदारी है। ऐसी ही जिम्मेदारी उन्हें छत्तीसगढ में जोगी बनमा ऑल की खींचतान में दी गई थी। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता छत्तीसगढ नगरी निकाय चुनाव में पार्टी का सूपडा साफ होने पर हैरानी जताते हुए कहा कि कुछ ही महीने पहले सत्तारूढ हुई भाजपा ने जिस तरह सत्ता में रहते हुए चुनाव लडा कांग्रेस के बडे सूबाई नेता उसे काउंटर में बौने साबित हुए। कांग्रेस पार्टी का मेयर के सभी 10 पदों पर करारी हार हुई। नगर पालिका के 49 में से 35 और नगर पंचायत में 114 में 81 चेयरमैन का पद भाजपा के हाथों कांग्रेस ने गवाया।

पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, छत्तीसगढ में ही नहीं, हरियाणा में भी नगरी निकाय चुनाव राष्ट्रीय नेतृत्व की देखरेख में लडा जाता है। भाजपा नेतृत्व पूरी ताकत के साथ स्थानीय संगठन के साथ खडा रहता है जब कि कांग्रेस पार्टी में स्थानीय चुनावों में राष्ट्रीय नेतृत्व का दखल न के बराबर ही रहता है। कार्यकर्ताओं का मनोबल ऊंचा रखने के लिए शीर्ष नेतृत्व को इस दिशा में ▶▶ शेष पेज 5 पर

### एक दिन पहले भेजे गए थे 116 भारतीय

# 112 भारतीयों को लेकर अमृतसर पहुंचा अमेरिका का तीसरा विमान

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़



भारतीय प्रवासियों के तीसरे जत्थे को लेकर अमेरिकी विमान रविवार को अमृतसर के श्री गुरु रामदास अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा। इस विमान में लगभग 112 अवैध अप्रवासी भारतीय सवार हैं, जिनमें सबसे अधिक संख्या हरियाणा से है। सूत्रों के अनुसार, 112 अवैध अप्रवासी भारतीयों में से 44 हरियाणा, 33 गुजरात, 31 पंजाब , दो उत्तर प्रदेश से तथा एक-एक हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड से हैं। यह उड़ान अमेरिकी सैन्य विमान द्वारा 116 अवैध भारतीय अप्रवासियों को लेकर अमृतसर में उतरने के एक दिन बाद आई है। सी-17 विमान शनिवार रात करीब 11.35 बजे अमृतसर हवाई अड्डे पर उतरा था। ▶▶ शेष पेज 5 पर

### फिर चर्चा में आईएएस नियाज खान

# मुसलमानों से कहा- पहले हिंदुओं को भाई मानें इसके बाद अरब को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



■ कहा- इस्लाम तो अरब का धर्म

मध्यप्रदेश कैडर के आईएएस नियाज खान एक बार फिर चर्चा में हैं। दरअसल, उन्होंने देश के मुसलमानों से अपील की है। नियाज ने कहा कि पहले हिंदुओं को मानें भाई फिर अरब को । सभी लोग संस्कृति का हिस्सा रहे हैं। भले ही धर्म अलग-अलग हो लहू तो एक है। जो मुस्लिम अरब लोगों को आदर्श मानते हैं वो पुनर्विचार करें। उन्होंने एक्स अकाउंट पर लिखा- इस्लाम तो अरब का धर्म है। यहां तो सभी हिंदू थे। हिंदू से लोग मुस्लिम बनाए गए थे। नियाज खान 2015 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। इससे पहले वह ▶▶ शेष पेज 5 पर

### बर्दवान में बोले संघ प्रमुख डॉ. भागवत

# पूरे हिंदू समाज को एकजुट करना चाहता है आरएसएस

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

■ हिंदू दुनिया की विविधता को स्वीकार करके आगे बढ़ते हैं



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने बर्दवान में रविवार को स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए हिंदू समाज को एकजुट करने के महत्व पर जोर दिया और कहा कि संघ पूरे हिंदू समाज को एकजुट करना चाहता है। हिंदू समाज को एकजुट क्यों करना है? क्योंकि इस देश के लिए जिम्मेदार समाज हिंदू समाज है। भारत की एक प्रकृति है और जिन लोगों ने सोचा कि वे उस प्रकृति के साथ नहीं रह सकते, उन्होंने अपना अलग देश बना लिया। हिंदू दुनिया की विविधता को स्वीकार करके आगे बढ़ते हैं। हम राजाओं को नहीं, बल्कि उन राजाओं को याद करते हैं जो 14 साल तक जंगल में रहे। जब तक यह प्रकृति है, तब तक भारत है। हिंदू समाज और भारतवर्ष एक ही है। संघ प्रमुख ने कहा कि किसी देश का भाग्य बदलने के लिए समाज को आगे आना होगा। स्वतंत्रता ▶▶ शेष पेज 5 पर

### आईपीएल 18: 10 टीमों के बीच 13 स्थानों पर 65 दिन में कुल 74 मैच खेले जाएंगे

# कोलकाता और आरसीबी के बीच 22 मार्च को पहला मुकाबला

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 का कार्यक्रम जारी कर दिया। पहला मुकाबला गत विजेता कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच ईडन गार्डंस में खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट के 18वें सत्र का आगाज 22 मार्च से होगा। वहीं, फाइनल मैच 25 मई को ईडन गार्डंस में ही खेला जाएगा। 23 मार्च को आईपीएल का एल क्लासिको यानी मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच मुकाबला खेला जाएगा। 10 टीमों के बीच 13 स्थानों पर 65 दिनों में कुल 74 मैच खेले जाएंगे। इनमें नॉकआउट राउंड भी शामिल है। 22 मार्च को पहला मुकाबला होगा।

**फाइनल मैच 25 मई को ईडन गार्डंस में ही खेला जाएगा**

**22 मार्च से 18 मई तक 70 लीग राउंड मैच खेले जाएंगे**

**फाइनल समेत प्लेऑफ के मुकाबले 20 से 25 मई तक होंगे**



फाइल फोटो

#### कुल 12 डबल हेडर्स खेले जाएंगे

*आईपीएल 2025 में कुल 12 डबल हेडर्स हैं। डबल हेडर वाले दिन पहला मैच दोपहर साढ़े तीन बजे से और दूसरा मैच शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा। आईपीएल की दस में से तीन टीमें दो-दो होम ग्राउंड्स पर मैच खेलेंगी। दिल्ली अपने घरेलू मैच विशाखापत्तनम और नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेलेंगे। राजस्थान अपने दो घरेलू मैच गुवाहाटी में खेलेंगे, जहां वह केकेआर और सीएसके की मेजबानी करेंगे। शेष घरेलू मैच जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेलेंगे। वहीं, पंजाब अपने चार घरेलू मैच चंडीगढ़ के न्यू पीसीए स्टेडियम में खेलेगा, जबकि धर्मशाला के हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में लखनऊ, दिल्ली और मुंबई के खिलाफ तीन घरेलू मैचों की मेजबानी करेगा। (खेल पेज भी देखें)*



## एलएनजेपी अस्पताल में तैनात कर दिया गया था भारी सुरक्षा बल

# रोते बिलखते अस्पताल पहुंच रहे थे मृतकों के परिजन

## मुख्य गेट पर सिर्फ इमरजेंसी मरीजों को दिया जा रहा था प्रवेश

विनोद मणि गौतम ⏭ नई दिल्ली

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार रात मची भगदड़ में अधिकतर पीड़ितों को लोक नायक जयप्रकाश अस्पताल में भर्ती कराया गया। रविवार को कई परिजन रोते बिलखते हुए अपनों को ढूढ़ते हुए एलएनजेपी अस्पताल पहुंचे। रविवार को दोपहर के बाद एक दो महिलायें अस्पताल के अंदर रो-रो कर विलाप कर रही थी वहीं इसके कुछ देर बाद ही एक परिवार के चार सदस्य विलाप करते हुए गेट नंबर 3 से अस्पताल में परिसर में दाखिल हुए। और सीधे अस्पताल के अंदर चले गए जहां घायल का इलाज चल रहा था।




### गेट नंबर चार से केवल एंबुलेंस को प्रवेश दिया जा रहा था

एलएनजेपी अस्पताल के गेट नंबर-4 से सिर्फ एंबुलेंस को एंट्री दी जा रही थी। इस गेट पर चारों तरफ बैरिकेडिंग लगाकर दिल्ली पुलिस की तैनाती थी। यहां से मीडिया की एंट्री पूरी तरह बैन कर रखा था, न सिर्फ मीडिया बल्कि इस गेट से मरीजों की भी एंट्री बंद थी। वहीं भर्ती मरीज को देखने के लिए आने वाले तीमारदार को भी एंट्री नहीं थी। रविवार को दोपहर के बाद गेट नंबर तीन से तीमारदारों को एंट्री में कुछ छूट दी गई। इसमें लोगों से उनके आने का कारण पूछ कर ही एंट्री दी जा रही थी।

### रात से ही अस्पताल की सुरक्षा कर दी गई थी कड़ी

हादसे में घायलों के आने के बाद एलएनजेपी अस्पताल की सुरक्षा कड़ी कर दी गई थी। अस्पताल परिसर के बाहर और अंदर दिल्ली पुलिस के जवानों के साथ पैरामिलिट्री फोर्स को भी तैनात किया गया है। सूत्रों के अनुसार पूरे अस्पताल परिसर में पुलिस के जवानों के अतिरिक्त 50 से अधिक पैरामिलिट्री जवानों को तैनात किया गया है।

### जांच के बाद ही दी जा रही थी अस्पताल में एंट्री

अनावश्यक भीड़ को रोकने के लिए अस्पताल के मुख्य द्वारों पर बैरिकेड लगाए गए हैं। वहीं गहन जांच के बाद ही मरीजों, चिकित्सा कर्मचारियों और आवश्यक सेवाओं से जुड़े लोगों को ही प्रवेश की अनुमति दी जा रही थी। पुलिस अधिकारी सुरक्षा कारणों से हर व्यक्ति की पहचान और उनके अस्पताल आने का मकसद पूछ रहे थे। दिल्ली पुलिस के अनुसार, यह निर्णय संभावित सुरक्षा जोखिमों को देखते हुए लिया गया है, जिससे घायलों को उचित देखभाल मिल सके और अस्पताल का माहौल शांतिपूर्ण बना रहे।

## रेलवे स्टेशन पर भगदड़ के बाद लापता लोगों की तलाश में भटक रहे परिजन

**एजेंसी, नई दिल्ली।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ की घटना के बाद से लापता लोगों के परिवार के सदस्य अपने प्रियजनों की तलाश में जुटे हैं तथा वे उनकी तस्वीरें लेकर एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल जा रहे हैं और उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि क्या करें। कई लोगों ने कहा कि अस्पताल ने उन्हें वहां भर्ती मरीजों के बीच अपने परिवार के लापता सदस्यों को खोजने की अनुमति नहीं दी, जिससे उनकी उम्मीदें निराशा में बदल गईं। अधिकारियों के अनुसार, शनिवार शाम रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में 18 लोगों की मौत हो गई। घायलों को लोक नायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल (एलएनजेपी) और मध्य दिल्ली के लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एलएनजेपी अस्पताल के बाहर भोला साह ने अपने मोबाइल फोन पर अपनी पत्नी मीना की तस्वीर दिखाई। भगदड़ के बाद से ही मीना लापता हैं। साह ने बताया कि मेरी पत्नी कल शाम से लापता है, जब वह महाकुंभ में भाग लेने के लिए प्रयागराज जाने वाली ट्रेन पकड़ने पकड़ने रेलवे स्टेशन गई थीं। उसके पास कोई टिकट नहीं था। उसके साथ रहे 4-5 लोग भी लापता हैं और उनके मोबाइल नंबर पर भी संपर्क नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि अस्पताल अधिकारियों ने मुझे बताया कि भगदड़ में मारे गए लोगों का कोई शव नहीं है, क्योंकि सभी शवों को उनके रिश्तेदार ले गए हैं। मोअज्जम अपने दोस्तों के साथ एलएनजेपी अस्पताल में अपने लापता भाई नदीम के बारे में पूछताछ करते दिखे।उन्होंने कहा कि वह स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस से दरभंगा में अपने घर वापस जा रहा था। मुझे उसका कोई सुराग नहीं लगा है क्योंकि उसके पास कोई मोबाइल फोन नहीं है। उसकी ट्रेन शनिवार रात को प्लेटफॉर्म नंबर 13 से रवाना होने वाली थी। मोअज्जम ने कहा कि अस्पताल के अधिकारियों ने मुझे वहां भर्ती घायलों के बीच अपने भाई को खोजने नहीं दिया।

### सोशल मीडिया पर चल रहा आरोप-प्रत्यारोप

**एजेंसी, नई दिल्ली।** नयी दिल्ली स्टेशन पर मची भगदड़ के लिए कुछ लोगों ने अचानक प्लेटफॉर्म बदले जाने और अधिकारियों के कुप्रबंधन पर दोष मढ़ा, तो कई लोगों ने भारत की जनसंख्या, यात्रा शिष्टाचार की कमी और रेलवे की गलत घोषणाओं को जिम्मेदार ठहराया। जबकि कुछ लोग घटना के समय भी महाकुंभ में स्नान के दौरान ली गईं तस्वीरें पोस्ट कर रहे थे। नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार रात को भगदड़ मचने से कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। कुछ ही घंटे बाद सोशल मीडिया पर इस घटना के लिए दोष मढ़ने के संबंध में एक के बाद एक अनेक पोस्ट की गईं। इस भगदड़ से पहले बड़ी संख्या में लोग महाकुंभ जाने के लिए विभिन्न ट्रेन की प्रतीक्षा कर रहे थे, साथ ही अन्य स्थानों के यात्री भी बड़ी संख्या में थे। सत्तारूढ़ दल की विचारधारा से जुड़े होने का दावा करने वाले कई लोगों ने कहा कि दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश होने के नाते भारत को भीड़ प्रबंधन के बुनियादी नियमों को सीखना चाहिए और लोगों को सार्वजनिक घोषणाओं को ध्यान से सुना जाना चाहिए। प्रयागराज जाने वाली एक ट्रेन का प्लेटफॉर्म अचानक बदलने के कारण हंगामा होने और भगदड़ मचने संबंधी आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए कुछ अधिकारियों ने दावा किया कि किसी भी ट्रेन का प्लेटफॉर्म बदलने की घोषणा नहीं की गई थी। सत्तारूढ़ दल से जुड़े लोगों के सोशल मीडिया पोस्ट में इस बात की चर्चा थी कि लोग हल्के सामान के साथ यात्रा करने, कतार में लगने और पहले से टिकट आरक्षित कराने जैसे बुनियादी शिष्टाचार का पालन नहीं कर रहे।

## सिखों का 19 फरवरी को दिल्ली में होगा पंथक कन्वेंशन

**नई दिल्ली।** दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (डीएसजीपीसी)और शिरोमणि अकाली दल दिल्ली स्टेट ने भारत के सिखों का एक पंथक कन्वेंशन आगामी 19 फरवरी को बुलाया है। इस कन्वेंशन में सिख कौम के सामने आने वाली समस्याओं पर एकजुट होकर विचार कर निर्णय लिए जाएगें। डीएसजीपीसी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका और जनरल सेक्रेटरी सरदार जगदीप सिंह काहलों ने बताया कि आजकल देखा जा रहा है कि शिरोमणि अकाली दल बादल श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार के आदेशों की अवहेलना कर रहा है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से तख्त श्री दमदमा साहिब के जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह को पद से हटाया गया और अन्य जत्थेदार साहिबान की किरदार कुशी की जा रही है, इससे समूचे सिख जगत में रोष है। उन्होंने कहा कि इसलिए हमने फैसला लिया है कि पूरे देश के सिखों का एक साझा पंथक कन्वेंशन करवाया जाए, जो 19 फरवरी को शाम 4 बजे गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब परिसर में भाई लख्खी शाह वणजारा हाल में होगा। जिसमें पंथ को दरपेश चुनौतियों पर चर्चा कर आगामी रूपरेखा तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि आज पंथक चुनौतियों का सामना करने के लिए एकजुट होने की आवश्यकता है। कन्वेंशन में हम पांचों तख्तों के सिंह साहिबान, निहंग सिंह जत्थेबंदियां, सम्प्रदायों और देश भर की सिंह सभाओं, चाहे वे हैदराबाद, कोलकाता, इंदौर या असम से हों, उन्हें निमंत्रण दिया गया है। उन्होंने कहा कि कन्वेन्शन में इस बात पर चर्चा की जाएगी कि जो लोग श्री अकाल तख्त साहिब के आदेशों की अवहेलना कर रहे हैं, उनके साथ कैसे निपटा जाए।

## हजारों परिवारों ने नशा छोड़ने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आर्य समाज के आह्वान पर जहांगीरपुरी दिल्ली में महर्षि दयानंद की 201वीं जन्म जयंती पर विशाल महायज्ञ का आयोजन किया। जिसमें दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा के महामंत्री विनय आर्य ने यज्ञ में आहूतियां डलवा कर हजारों लोगों को गुटखा, शराब का सेवन करने की आदतों को छोड़ने का संकल्प दिलाया। वहीं जे जे कालोनियों की महिलाओं और बच्चों ने यज्ञ में आहुतियां डालकर जीवन में बुराईयों को दूर करने का व्रत लिया। यत्र के दौरान सभा प्रधान धर्मपाल आर्य, आर्य केंद्रीय सभा दिल्ली के प्रमुख सुरेंद्र, रैली महासचिव सतीश चड्ढा, प्रो. प्रतिभा, जोगिन्द्र खट्टर, सुरेंद्र वैदिक ने अपने ओजस्वी विचार रखे। यहां विधायक राजकुमार ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ के दौरान महाकुंभ यात्रियों के अकस्मात निधन पर दुख प्रकट किया और दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। जे जे कॉलोनी की आर्य महिलाओं ने 3 माह में यज्ञ अभियान चलाकर हजारों युवाओं को चारित्रिक उन्नति व समाज निर्माण कार्यें से जोड़ा। जहांगीरपुरी आर्यसमाज प्रधान अरविंद आर्य, सचिव राम भरोसे, विकास आर्य, बृहस्पति आर्य, महामंत्री आर्य वीर दल दिल्ली, आचार्य शिवा शास्त्री, आचार्य सत्य प्रिय, राजू आर्य, चंद्र विजय, सुमन और आरती समेत सैकड़ों आर्य वीर दल कार्यकर्ताओं के योगदान से महायज्ञ सफल रहा।



■ महर्षि दयानंद की 201वीं जन्म जयंती पर विशाल महायज्ञ का आयोजन

## हाईकोर्ट ने नाबालिग लड़की के यौन उत्पीड़न के आरोपी को अग्रिम जमानत देने से किया इनकार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने एक नाबालिग लड़की का कई बार यौन उत्पीड़न करने के आरोपी दुकानदार को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने कहा कि आरोप गंभीर और संगीन प्रकृति के हैं, पीड़िता के बयान में एकरूपता है और जांच महत्वपूर्ण चरण में है। इसलिए अग्रिम जमानत के लिए वर्तमान अर्जी को खारिज किया जाता है। अभियोजन पक्ष के अनुसार, अक्टूबर 2023 में पीड़िता और उसके परिवार के पड़ोस में स्थानांतरित हो जाने के बाद, आरोपी ने नाबालिग लड़की का लंबे समय तक और कई बार यौन उत्पीड़न किया। आरोप है कि उसने पीड़िता के परिवार को नुकसान पहुंचाने की धमकी देकर उसे अपनी दुकान पर आने के लिए मजबूर किया। पिछले साल अक्टूबर में, पीड़िता ने अपनी मां को यौन उत्पीड़न के बारे में बताया, जिसके बाद पॉक्सो (यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण) अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। फैसले में, अदालत ने प्राथमिकी दर्ज करने में देरी के आधार को खारिज कर दिया और कहा कि पीड़िता ने शुरूआत में किसी को भी उन घटनाओं के बारे में नहीं बताया, लेकिन वह प्रारंभिक शिकायत में और मजिस्ट्रेट के सामने दर्ज कराये गए अपने बयान में इन आरोपों पर कायम रही। न्यायालय ने निष्कर्ष निकाला कि पीड़िता की आयु, अपराध की प्रकृति, तथा साक्ष्यों से छेड़छाड़ या गवाहों को प्रभावित करने की संभावना सहित मामले के समग्र तथ्यों और परिस्थितियों पर विचार करते हुए, इस न्यायालय को याचिकाकर्ता (आरोपी) के पक्ष में विवेकाधिकार का प्रयोग करने का कोई आधार नहीं मिलता है।




## दिल्ली दंगा: अदालत ने कहा कि दंगाई भीड़ के छह सदस्यों पर हत्या का आरोप नहीं बनता

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने व्यवस्था दी है कि यहां 2020 की सांप्रदायिक हिंसा के दौरान एक साथी दंगाई की जान लेने के आरोपी छह लोगों पर हत्या का आरोप नहीं बनता है। अदालत ने कहा कि इसके बजाय आरोपियों पर दंगा फैलाने, चोरी करने, घर में घुसने और आपराधिक धौंसपट्टी करने के अपराधों को लेकर मुकदमा चलाया जा सकता है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पुलस्त्य प्रमाचला आरोपियों मोहम्मद फिरोज, चांद मोहम्मद, रईस खान, मोहम्मद जुनैद, इरशाद और अकील अहमद के खिलाफ मामले की सुनवाई कर रहे थे। इन सभी के खिलाफ दयालपुर थाने में मामला दर्ज किया गया था। अदालत ने 13 फरवरी को अपने आदेश में कहा कि अभियोजन पक्ष ने जो मामला प्रस्तुत किया है उससे पता चलता है कि शाहिद की कथित तौर पर गोली लगने से तब मौत हो गई थी, जब वह सप्तऋषि बिल्डिंग (चांद बाग में सप्तऋषि इस्पात और अलॉय प्राइवेट लिमिटेड) की छत पर साथी दंगाइयों के साथ मौजूद था। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष के अनुसार, साथी दंगाइयों ने गोलियां चलाई थीं, जिनमें से एक शाहिद को लगी। अदालत ने कहा कि लेकिन आरोपपत्र के अनुसार किसी आरोपी को गोलियां चलाते हुए नहीं पाया गया , इसके बाद भी उन्हें भारतीय दंड संहिता (भादंसं) की धारा 149 (गैरकानूनी जमावड़ा) के तहत हत्या के अपराध के लिए जिम्मेदार मान लिया गया। आरोपपत्र में इस धारा के तहत उन्हें परोक्ष रूप से शाहिद की मौत के लिए जिम्मेदार मान लिया गया।



उच्चतम न्यायालय के अनुसार, किसी गैरकानूनी भीड़ के हर सदस्य को उस भीड़ के किसी भी सदस्य द्वारा किए गए अपराध के लिए तब उत्तरदायी ठहराया जाएगा, जब यह साबित हो जाए कि अपराध एक साझी मंशा से किया गया। अदालत ने कहा कि इस प्रकार, इसमें दो मुख्य कोण शामिल हैं। पहला सवाल यह है कि क्या ऐसे मामले में भादंसं की धारा 149 लागू होगी? दूसरा सवाल यह है कि क्या यह कम दूरी से गोली लगने का मामला था? अदालत ने कहा कि मामले के तथ्यों के अनुसार दो प्रतिद्वंद्वी भीड़ एक दूसरे पर पथराव कर रही थीं और गोलियां चला रही थीं। न्यायाधीश ने कहा कि इस प्रकार, कथित पथराव या गोली चलाने का कार्य केवल प्रतिद्वंद्वी भीड़ के खिलाफ़ था। उस स्थिति में, यह मामला नहीं हो सकता कि शाहिद को कथित गैरकानूनी भीड़ की साझी मंशा के अनुसरण में गोली मारी गई हो।

## दो खरपतवार हार्वेस्टर मशीन यमुना में उतरी, 3 साल में पूर्ण सफाई का लक्ष्य रखा

# भाजपा की दिल्ली में सरकार गठन से पहले ही यमुना नदी की सफाई शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में नई सरकार के रूप में भाजपा अभी तक सरकार का गठन भी नहीं कर पाई है। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा यमुना नदी को साफ करने के वादे को सबसे पहले पूरा करने की शुरुआत रविवार को कर दी गई। यानी रविवार को यमुना नदी की सफाई की शुरुआत करते हुए दो खरपतवार हार्वेस्टर मशीन उतार दी गई है। जिसमें कचरा उठाने वाले स्किमर, खरपतवार हटाने वाले यंत्र और ड्रेज यूटिलिटी क्राफ्ट ने नदी में सफाई अभियान शुरू कर दिया है। राजनिवास से प्राप्त जानकारी अनुसार एलजी विनय कुमार सक्सेना ने इस मुद्दे पर शनिवार को दिल्ली के मुख्य सचिव व अतिरिक्त मुख्य सचिव (आई एंड एफसी) सहित अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक में एलजी ने कहा कि पीएम मोदी के वादे के तहत सबसे पहले यमुना नदी की सफाई शुरू की जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि अगले तीन साल में यमुना नदी एकदम साफ सुथरी होनी चाहिए। जिसके बाद रविवार को यमुना नदी में सफाई के लिए दो मशीनें उतार दी गई, जिन्होंने अपना काम शुरू कर दिया है। जानकारी अनुसार दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर हुई एक जनसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनता से वादा किया कि भाजपा की सरकार बनते ही यमुना नदी की सफाई हम करवाएंगें। जानकारी अनुसार यमुना की सफाई के लिए शुरूआती दौर में चार सूत्री रणनीति बनाई गई है। जिसमें सबसे पहला यमुना नदी की धारा में जमा कचरा, कूड़ा और गाद को हटाया जाएगा। दूसरे बिंदु में इसके साथ ही नजफगढ़ नाले, पूरक नाले और अन्य सभी प्रमुख नालों में सफाई अभियान शुरू किया जाएगा। तीसरे कदम के रूप में मौजूदा एसटीपी की क्षमता और उत्पादन के संदर्भ में दैनिक निगरानी रखी जाएगी और चौथे उपाय के रूप में लगभग 400 एमजीडी सीवर के उपचार की वास्तविक कमी को पूरा करने के लिए नए एसटीपी, डीएसटीपी आदि के निर्माण के संदर्भ में एक समयबद्ध योजना बनाकर चालू किया जाएगा। लगभग 3 वर्षों में नदी को साफ करने का लक्ष्य रखने वाली इस महत्वाकांक्षी योजना के क्रियान्वयन के लिए विभिन्न एजेंसियों और विभागों के बीच निर्बाध समन्वय की आवश्यकता होगी, जिसमें डीजेबी, आईएंडएफसी, एमसीडी, पर्यावरण विभाग, पीडब्ल्यूडी और डीडीए आदि शामिल हैं। वहीं उपर्युक्त कार्यों की निगरानी साप्ताहिक आधार पर उच्चतम स्तर पर की जाएगी। इसके अलावा, दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) को शहर में औद्योगिक इकाइयों द्वारा नालों में अनुपचारित अपशिष्ट के निर्वहन पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है। उल्लेखनीय है कि यमुना के कायाकल्प का काम जनवरी 2023 में मिशन मोड में शुरू हुआ था, जब एनजीटी ने एलजी सक्सेना की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति (एचएलसी) का गठन किया था। हालांकि, उक्त एचएलसी की 5 बैठकों के बाद, जो सफाई कार्यों की बारीकी से निगरानी कर रही थी, अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली तत्कालीन आप सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया और 10 जुलाई 2023 को तत्कालीन सीजेआई चंद्रचूड़ द्वारा एनजीटी के आदेश पर रोक लगवा दी। जिसके बाद, यमुना कायाकल्प का काम अधर में ही अटक गया था। जिसके चलते सीओडी, बीओडी का स्तर जो महीने-दर-महीने थोड़ा सुधरने लगा था, इस साल की शुरुआत में रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने के साथ और भी खराब हो गया।



## मौसम ने ली करवट वीकेंड पर बादलों से घिरी रही दिल्ली

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मौसम के करवट लेने के बाद वीकेंड रविवार को दिल्ली अधिकांश समय बादलों से घिरी रही। हालांकि देर रात खबर लिखे जाने तक बारिश की खबर सामने नहीं आई। लेकिन प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) ने अनुमान जताया है कि आने वाली 19- 20 फरवरी को दिल्ली सहित एनसीआर क्षेत्र में बारिश की प्रबल संभावनाएं बन रही है। वहीं बारिश साथ एक बार फिर ठंड लौटने से इंकार नहीं किया है। आईएमडी के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से 19 और 20 फरवरी को दिल्ली- एनसीआर में बारिश होगी। वहीं 21 फरवरी से मौसम पुन करवट लेगा और तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि यह इस महीने का आखिरी पश्चिमी विक्षोभ हो सकता है, लेकिन इस पर अभी निगरानी रखी जा रही है। क्योंकि आमतौर पर पिछले वर्षों की तुलना में इस बार फरवरी महीना सर्द की बजाए ज्यादा गर्म रहा है। सनद रहे कि फरवरी की शुरुआत से ही दिल्ली के मौसम में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहे हैं। जनवरी में कड़ाके की ठंड के बाद फरवरी के पहले सप्ताह में बारिश के साथ तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई थी। जिसके बाद हालात ऐसे रहे कि दिन का अधिकतम तापमान 28.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया जो सामान्य से 4.2 डिग्री अधिक है। वहीं न्यूनतम तापमान सिंगल डिजिट में 9.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 1.1 डिग्री अधिक है।



■ 20-21 को बारिश की संभावना




# नई दिल्ली रेलवे स्टेशन भगदड़ में अब तक 18 की मौत, मृतकों में 5 बच्चे भी शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार रात मची भगदड़ में अब तक 18 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। करीब डेढ़ दर्जन से अधिक घायलों का इलाज अभी अस्पतालों में चल रहा है। मृतकों में 9 महिलाएं, 4 पुरुष और 5 बच्चे हैं। इनमें सबसे ज्यादा बिहार के 9, दिल्ली के 8 और एक हरियाणा का रहने वाला है। यह घटना रात करीब 10 बजे के आसपास प्लेटफार्म 13 और 14 पर हुई। घटना के वक्त हजारों की संख्या में श्रद्धालु प्रयागराज महाकुंभ में जाने के लिए स्टेशन पर एकत्रित हो रहे थे। इस बीच, नई ट्रेन की घोषणा के बाद भगदड़ मच गई। शुरुआती जांच में सामने आ रहा है कि ट्रेनों में देरी से भीड़ का दबाव बढ़ रहा था। रेलवे पुलिस और दिल्ली पुलिस ने घायलों को एलएनजेपी और लेडी हार्डिंग अस्पताल में भर्ती कराया जहां उनका इलाज चल रहा है। रेलवे ने मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख रुपए का मुआवजा देने की घोषणा की है वहीं गंभीर रूप से घायलों को 2.5 लाख रुपए और मामूली रूप से घायलों को एक लाख रुपए का मुआवजा दिया जाएगा। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि स्टेशन पर भारी भीड़ के कारण भगदड़ मच गई और कई यात्री दम घुटने के कारण बेहोश हो गए। पुलिस उपायुक्त (रेलवे) ने आधिकारिक बयान में बताया कि जब प्रयागराज एक्सप्रेस ट्रेन प्लेटफार्म संख्या 14 पर खड़ी थी तब वहां पहले से ही लोगों की भारी भीड़ थी। अधिकारी ने बताया कि स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस और भुवनेश्वर राजधानी एक्सप्रेस देरी से चल रही थीं और इन ट्रेन के यात्री भी प्लेटफार्म नंबर 12, 13 और 14 पर मौजूद थे। उन्होंने कहा कि रेलवे द्वारा हर घंटे 1500 सामान्य टिकट बेचे जा रहे थे जिसके कारण स्टेशन पर भीड़ बढ़ गई और स्थिति बेकाबू हो गई। प्लेटफार्म संख्या 14 पर और प्लेटफार्म संख्या 16 के निकट 'एस्केलेटर' के पास भगदड़ मच गई। यह घटना रात करीब नौ बजकर 55 मिनट पर हुई जिसके तत्काल बाद प्राधिकारियों ने कार्रवाई की। एक पीड़ित ने बताया कि भगदड़ में उसकी मां की मौत हो गई। उसने कहा कि हम बिहार के छपरा जा रहे थे लेकिन भगदड़ में मेरी मां की मौत हो गई। लोग एक-दूसरे को धक्का दे रहे थे। उसने कहा कि चिकित्सक ने मेरी मां की मौत होने की पुष्टि की है। धर्मेंद्र नाम एक यात्री ने कहा कि मैं प्रयागराज जा रहा था लेकिन कई ट्रेन देरी से चल रही थीं या रद्द कर दी गई थीं। स्टेशन पर बहुत भीड़ थी। मैंने इस स्टेशन पर पहली बार इतनी भीड़ देखी। मेरे सामने ही छह-सात महिलाओं को 'स्ट्रेचर' पर ले जाया गया।' एक अन्य यात्री प्रमोद चौरसिया ने कहा कि मेरे पास पुरुषोत्तम एक्सप्रेस का 'स्लीपर क्लास' का टिकट था, लेकिन 'कन्फर्म' टिकट वाले भी ट्रेन में नहीं चढ़ पाए। मेरे एक दोस्त और एक महिला यात्री भीड़ में फंस गए। बहुत ज्यादा धक्का-मुक्की हुई। हम अपने बच्चों के साथ बाहर इंतजार कर रहे थे और इस तरह से सुरक्षित रहे। लोगों की मौत होने की पुष्टि से पहले, रेलवे बोर्ड के सूचना एवं प्रचार विभाग के कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार ने कहा कि बड़ी संख्या में लोगों के आने के कारण भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई और कई लोग बेहोश हो गए। कुमार ने कहा कि हमने अचानक हुयी अप्रत्याशित भीड़ को कम करने के लिए तुरंत चार विशेष ट्रेन चलाने का फैसला किया। अब भीड़ काफी कम हो गई है।





## मृतकों की सूची

मृतकों की पहचान आशा देवी (79), पिंकी देवी (41), शीला देवी (50), व्योम (25), पूनम देवी (40), ललिता देवी (35), सुरुचि (11), कृष्णा देवी (40), विजय साह (15), नीरज (12), शांति देवी (40), पूजा कुमारी (8), संगीता मलिक (34), पूनम (34), ममता झा (40), रिया सिंह (7), बेबी कुमारी (24) और मनोज (47) के रूप में हुई है।

## 'लोगों ने की धक्का-मुक्की, जो गिर गए, वे कुचले गए'

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इस भयावह घटना के बाद स्टेशन पर यात्रियों का सामान यहां-वहां बिखरा पड़ा था और मदद के लिए लोग चिल्ला रहे थे। रेलवे स्टेशन पर पिछले 12 साल से दुकान संचालित कर रहे रवि कुमार नाम के व्यक्ति ने बताया कि जैसे ही प्लेटफॉर्म संबंधी घोषणा हुई, लोग एक-दूसरे को धक्का देकर आगे बढ़ने लगे और जो लोग गिर गए, वे भीड़ में कुचले गए। कुमार ने कहा कि उन्होंने स्टेशन पर पहले कभी इतनी भीड़ नहीं देखी।

## सीढ़ियों से फिसलकर लोग अन्य लोगों पर गिर गए : पीआरओ

उत्तर रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु उपाध्याय ने बताया कि पटना जाने वाली मगध एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म संख्या 14 पर खड़ी थी और नई दिल्ली-जम्मू उत्तर संपर्क क्रांति एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म संख्या 15 पर खड़ी थी। अप्रत्याशित संख्या में यात्री प्रयागराज (जहां महाकुंभ का आयोजन किया गया है) जाने वाली ट्रेन में सवार होने के लिए खड़े थे। उन्होंने भगदड़ का कारण बताते हुए कहा कि कुछ लोग 'फुटओवर ब्रिज' से प्लेटफॉर्म संख्या 14 और 15 की ओर सीढ़ियों से उतर रहे थे, तभी वे फिसलकर अन्य लोगों पर गिर गए।

## पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपे गए

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार रात हुई भगदड़ में 18 लोगों की मौत के बाद सभी लोगों का पोस्टमार्टम कर शव उनके परिजनों को सौंप दिए गए हैं। मृतकों में से 5 का पोस्टमार्टम राम मनोहर लोहिया अस्पताल, 10 का पोस्टमार्टम मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज और तीन का लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज में कराया गया है। आरएमएल अस्पताल में हुए पोस्टमार्टम के बाद दोपहर तक सभी परिजनों को मृतकों के शव सौंप दिए गए। आरएमएल अस्पताल के जनसंपर्क अधिकारी डॉक्टर पुलिन ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इन सभी पांच लोगों की मौत का कारण दम घुटना आया है।

## एलजी ने रेल हादसे पर जताया दुख



**नई दिल्ली।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार रात हुए हादसे में 18 लोगों की मृत्यु पर उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने सोशल मीडिया मंच पर हादसे को लेकर संवेदना व्यक्त की। वहीं रात को ही खुद अस्पताल में दाखिल घायलों से भी मिले और उन्हें हर संभव मदद का भरोसा दिया। एलजी ने पोस्ट में लिखा कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई है। मैंने मुख्य सचिव और पुलिस आयुक्त से बात की है और उन्हें स्थिति से निपटने के लिए कहा है। उन्होंने लिखा कि मुख्य सचिव को राहत कर्मियों को तैनात करने के लिए कहा गया है। एलजी ने लिखा कि मुख्य सचिव और पुलिस आयुक्त को घटनास्थल पर मौजूद रहने और राहत उपायों पर नियंत्रण रखने के निर्देश दिए हैं। जबकि मैं लगातार ऑपरेशन की निगरानी कर रहा हूं।

## आतिशी ने घायलों से की मुलाकात



नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर महाकुंभ जा रहे श्रद्धालुओं की दर्दनाक मौत पर आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दुख प्रकट किया। वहीं दिल्ली की कार्यवाहक मुख्यमंत्री आतिशी ने शनिवार को देर रात नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ के पीड़ितों से मुलाकात कर उनका हाल जाना। वह देर रात हादसे की सूचना मिलने के तत्काल बाद एलएनजेपी अस्पताल पहुंची थीं। उन्होंने हादसे में हुई लोगों की मौत को अत्यंत दुखद और हृदयविदारक बताते हुए पीड़ित परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की और ईश्वर से सभी को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। उधर, आम आदमी पार्टी के विधायक भी मौके पर पहुंचकर पीड़ित लोगों की हर संभव मदद कर रहे हैं।

## सचदेवा ने घायलों से मिल जाना हाल



नई दिल्ली। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार मची भगदड़ के बाद दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा नई दिल्ली रेलवे स्टेशन और एलएनजेपी अस्पताल पहुंचे और वहां घायल लोगों से मिले। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने डॉक्टरों एवं अधिकारियों से बात की है और उचित निर्देश दिये हैं।

## यादव ने की पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजे की मांग



**नई दिल्ली।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार रात हुए हादसे में 18 लोगों की मृत्यु और कई घायल हुए है। इस घटना पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने गहरा दुख प्रकट करते हुए कहा कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन की घटना से मन बहुत व्यथित है। इस घटना में अपनी जान गंवाने वालों के परिवारों के साथ कांग्रेस की पूरी सहानुभूति है। उन्होंने कहा कि सरकारी आंकड़ा बेशक 18 लोगों की जान जाने का आया हो लेकिन जिस प्रकार की घटना वहां हुई व जो माहौल देखा उससे लगता है कि जानमाल की अधिक हानि हुई होगी। उन्होंने मांग की है कि इस घटना में जान गंवाने वाले परिवारों को सरकार की तरफ से तुरंत उचित सहायता राशि व अन्य मदद दी जाए। उन्होंने कहा कि ऐसा पता चला है कि शनिवार सुबह से ही यह अफवाह चल रही थी कि प्रयागराज जाने के लिए सरकार ने फ्री स्पेशल ट्रेनें चलाई है, जिसके चलते स्टेशन पर भारी भीड़ लग गई।






# तिगांव विधानसभा के पार्षद प्रत्याशियों को पार्टी सिंबल दिलाने पहुंचे मंत्री: नागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



**मंत्री ने कहा- तिगांव सहित पूरा हरियाणा ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने के लिए तैयार**

नगर निगम फरीदाबाद चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को अपने प्रत्याशियों को सिंबल आवंटित कर दिए। इसके लिए प्रदेश सरकार में मंत्री एवं तिगांव विधानसभा क्षेत्र से विधायक राजेश नागर भी जिला मुख्यालय पहुंचे और अपनी विधानसभा क्षेत्र के सभी पार्षद प्रत्याशियों को अपने हाथ से पार्टी सिंबल दिए। इस अवसर पर उनके साथ जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा भी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

मंत्री राजेश नागर ने कहा कि तिगांव सहित पूरे हरियाणा में ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने के लिए जनता तैयार है। फरीदाबाद में भी नगर निगम चुनाव हो रहे हैं, जहां 46 वार्ड सहित मेयर का चुनाव भी 2 मार्च को होने जा रहा है। जिसके नतीजे 12 मार्च को आएंगे लेकिन जनता ने अभी से अपने अपना निर्णय सुना दिया है कि वह भाजपा की सरकार बनाने जा रही है। इससे क्षेत्र के विकास को और गति मिलेगी। मंत्री राजेश नागर ने कहा कि हम सब मिलकर विकास कर रहे हैं। नए निगम पार्षदों के साथ आ जाने पर विकास की और गति बढ़ेगी। कल पार्टी ने उम्मीदवारों की घोषणा की थी और आज संगठन ने सभी उम्मीदवारों को पार्टी का सिंबल दे दिया है। जिसको लेकर कल यानी 17 फरवरी को सभी उम्मीदवार उल्लास एवं जोश के साथ संबंधित रिटर्निंग कार्यालय में अपने नामांकन दर्ज करेंगे और चुनाव प्रचार में लगेंगे। उन्होंने कहा कि पूरे हरियाणा में तेज गति से विकास चल रहा है, जिसका इन चुनाव पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि विपक्ष अभी तक अपने उम्मीदवारों की घोषणा भी नहीं कर सका है जबकि हम नामांकन की पूरी तैयारी कर चुके हैं।

## खबर संक्षेप

### मंत्री सिंह की संरक्षण पहल में सहभागी बने मेहमान



**गुरुग्राम।** हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य, पर्यावरण तथा वन एवं वन्य जीव मंत्री राव नरबीर सिंह के पौत्र आर्शिव के आशीर्वाद समारोह का आयोजन सेक्टर 29 स्थित लेजर वैली ग्राउंड में किया गया। देश व प्रदेश की राजनैतिक हस्तियों, प्रबुद्धजनों सहित आमजन ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए नवजात शिशु को आशीर्वाद दिया। पर्यावरण मंत्री राव नरबीर सिंह ने पर्यावरण संरक्षण व सामाजिक पहल के दृष्टिगत अपने पदचिन्हों का अनुसरण करते हुए सभी मेहमानों को संचार के आधुनिक साधनों से आमंत्रित किया था।

### शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म



**गुरुग्राम।** डीएलएल फेज-3 थाना क्षेत्र में युवक द्वारा दिल्ली की युवती को शादी का झांसा देकर रेप करने का मामला सामने आया है। युवक व युवती दोनों गुरुग्राम की एक निजी कंपनी में काम करते हैं। युवती की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज करके छानबीन शुरु की है। डीएलएल फेज-3 थाना में दी शिकायत में दिल्ली की युवती ने बताया कि उसके साथ कंपनी में काम करने वाले कुणाल ने अक्तूबर 2024 से छह जनवरी 2025 तक कई बार होटल में ले जाकर रेप किया। युवती के अनुसार युवक ने शादी का झांसा देकर चुप कराए रखा।

### सुरक्षा को भी प्राथमिकता दे रहा है देश: मंत्री जोशी



**गुरुग्राम।** केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री और केंद्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने भारत मंडपम, प्रगति मैदान में द पल्सेस कॉन्क्लेव के सातवें संस्करण का उद्घाटन किया। भारत के दलहन और अनाज उद्योग के शीर्ष निकाय, इंडिया पल्सेस एंड ग्रेन्स एसोसिएशन (आईपीजीए) द्वारा आयोजित कॉन्क्लेव में नीति निर्माता, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार प्रतिनिधि और उद्योग के नेताओं ने दलहन क्षेत्र में आत्मनिर्भरता, व्यापार वृद्धि और तकनीकी प्रगति पर चर्चा की।

### अंतर्राष्ट्रीय शिल्प महाकुंभ की महा स्टेज पर रही पंजाबी गीतों की धूम

# सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला पूरे विश्व में अपनी पहचान बना चुका है: मंत्री गुर्जर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

38 वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला में शनिवार की सांस्कृतिक संध्या में पंजाबी गायकी से पूरा सूरजकुंड झूम उठा। पंजाब के विख्यात गायक गुरताज ने एक से बढ़कर एक बेहतरीन पंजाबी गीतों की प्रस्तुति से पंडाल में मौजूद सभी दर्शकों में जोश भर दिया। सांस्कृतिक संध्या में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे केंद्रीय सहकारिता राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर का पर्यटन निगम और मेला प्रशासन के अधिकारियों ने स्वागत और अभिनंदन किया। केंद्रीय मंत्री ने गायक गुरताज को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनकी गायकी की सराहना की।

केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला पूरे विश्व में अपनी पहचान बना चुका है। इस मेले से देश-विदेशों के शिल्पकारों को अपना हुनर प्रदर्शित करने का मौका मिल रहा है। इसके अलावा अनेकता में एकता की मिसाल बना यह मेला विश्वभर के कलाकारों द्वारा दी जा रही सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से भी पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन चुका है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी देशभर के शिल्पकारों को आर्थिक तौर पर समृद्ध बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहे हैं। वहीं हरियाणा सरकार भी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में बिना भेदभाव के समान रूप से विकास कार्य के पथ पर अग्रसर हो रही है।



### म्यूजिक बीट पर थिरके पर्यटक

*शिल्प मेले में शनिवार की सांस्कृतिक संध्या में गुरताज की पंजाबी म्यूजिक बीट पर पंडाल में उपस्थित युवा देर रात तक झूमते रहे। उन्होंने एक से एक बढ़कर पंजाबी गीतों की शानदार प्रस्तुतियां दी। मित्रा दे नाल धोखा नहीं कमाई दा, असी मरगै नी ओए-ओए, मित्रां दा ना चलदा, कोका तेरा कुछ-कुछ कहेंदा नी कोका और गुड़ नाल ईश्क मिठा ओए होए रब्बा लग ना किसी नू जावे आदि मन मोहक पंजाबी गीतों पर पर्यटक देर रात तक थिरकते रहे। सांस्कृतिक संध्या में पंजाबी सिंगर गुरताज ने सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय मेला में आमंत्रित करने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पर्यटन मंत्री डा. अरविंद कुमार शर्मा का आभार व्यक्त किया। इस मंच के माध्यम से आज वे गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं कि हरियाणा सरकार भारतीय संस्कृति के प्रचार प्रसार में अपनी अतुलनीय भूमिका निभाते हुए देश दुनिया तक सकारात्मक संदेश दे रही है। हरियाणा पर्यटन निगम के एम.डी. डा. सुनील कुमार व जीएम आशुतोष राजन सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण व देशी विदेशी पर्यटक मौजूद रहे।*

देश के साथ-साथ विदेशी कलाकार भी मचा रहे धमाल

### अपने-अपने देशों की संस्कृति और विरासत को सूरजकुंड के मंच से सांझा कर रहे कलाकार

*फरीदाबाद। 38 वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला में जब केप वर्डे देश के कलाकारों ने हिंदी गीत कह दो ना कह दो ना यू आर माई सोनिया की प्रस्तुति बड़ी चौपाल के माध्यम से दी तो पंडाल में उपस्थित सभी दर्शकों ने जोर शोर से उनका स्वागत किया। इसके बाद इस देश के कलाकारों ने अवर म्यूजिक अवर डांस की पेशकश से भी खूब वाहवाही लूटी। इसी तरह रविवार को मेले की बड़ी चौपाल पर विदेशी कलाकारों का जलवा छाया रहा। पर्यटन निगम के साथ ही कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा की ओर से मुख्य चौपाल पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस मंच पर देश के साथ-साथ विश्वभर के कलाकार अपनी बेहतरीन प्रस्तुतियों से पर्यटकों का मन जीत रहे हैं। सूरजकुंड मेला न केवल हस्तशिल्प और कला का मंच है, बल्कि विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों और मनोरंजन गतिविधियों का भी केंद्र है, जो इसे एक समृद्ध सांस्कृतिक अनुभव बनाते हैं। रविवार को बड़ी चौपाल पर पश्चिम अफ्रीका के देश गिनी कोनाक्री के लोक कलाकारों ने रिद्म ऑफ काकांडे नृत्य की प्रस्तुति पेश की तो वहीं जिम्बाब्वे के कलाकारों ने अपने देश के पारंपरिक नृत्य का जलवा बिखेरा। वहीं मेडागास्कर देश से आए उनके मुख्य बैंड मालागासी की बीट पर दर्शकों को खूब नचाया। इसी तरह मालवी, युगांडा, जाम्बिया, वियतनाम, तंजानिया, साउथ सूडान, कोमरोस आदि देशों के कलाकारों ने भी अपनी समृद्ध संस्कृति से ओतप्रोत कार्यक्रमों की पेशकश दीं। वहीं देश के विभिन्न राज्यों सहित मेले के थीम स्टेट ओडिशा और मध्य प्रदेश के लोक कलाकारों ने भी गायन और सामूहिक नृत्य से पर्यटकों का खूब मनोरंजन किया।*

## पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रहे गोवा के नारियल शिल्प से बने उत्पाद

*फरीदाबाद। अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड शिल्प मेला 2025 में थीम स्टेट ओडिशा व मध्यप्रदेश के साथ ही गोवा के शिल्पकार भी मेला में अपनी अद्भुत शिल्प कला से पर्यटकों को रूबरू कराने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। आज कौशल विकास को चलते हस्तशिल्प के क्षेत्र में भी अनगिनत रचनात्मक संभावनाए मौजूद हैं और इन्हीं संभावनाओं को वास्तविकता में बदलने का कार्य कर रहे हैं गोवा के पारा क्षेत्र में रहने वाले प्रसिद्ध नारियल शिल्प कलाकार विजयदत्ता लौटलीकार। वह न केवल नारियल के खोल (शेल) से कई अनोखी और आकर्षक वस्तुए तैयार कर रहे हैं, बल्कि इस प्राचीन भारतीय कला को एक नई ऊंचाई पर ले जाने के लिए सतत प्रयासरत हैं। इस कला को अंतरराष्ट्रीय स्तर प्रसिद्ध दिलाने के उद्देश्य से उन्होंने नारियल शिल्प की कला नामक पुस्तक भी लिखी है, जिसमें उन्होंने इस कला के इतिहास, तकनीक, उपयोगिता और इसकी संभावनाओं पर विस्तृत रूप से प्रकाश डालते हुए युवा पीढ़ी को हुनरमंद बनाने की दिशा में आगे बढने के लिए प्रेरित किया है। विजय दत्ता ने बताया कि उनके स्टॉल पर हर आगन्तुक की नजर रहती है। नारियल उत्पाद न केवल सुंदरता और रचनात्मकता के अद्भुत उदाहरण हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का भी प्रतीक हैं। नारियल के खोल से तैयार की गई कलाकृतियां और उपयोगी वस्तुएं दर्शकों को खूब लुभा रही हैं। उनके बनाए हुए उत्पादों में नारियल के खोल से निर्मित दीपक, गहने, डेकोरेटिव आइटम्स, खिलौने, कटोरे और अन्य हस्तशिल्प सामग्री शामिल हैं। ये न केवल सौंदर्य की दृष्टि से आकर्षक हैं, बल्कि व्यावहारिक रूप से उपयोगी भी हैं।*

### जाट सेवा संघ रोहतक का प्रतिनिधि मंडल पहुंचा फरीदाबाद

# दीनबंधू चौ. छोटूराम धाम निर्माण में नहीं आने दी जाएगी कमी: चेयरमैन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जाट सेवा संघ रोहतक का प्रतिनिधि मंडल रविवार को सैक्टर.16 स्थित किसान भवन में जाट समाज फरीदाबाद के पदाधिकारियों से मिला। जिस पर जाट समाज के लोगों ने रोहतक से आए शिष्टमंडल का गर्मजोशी से जाट समाज फरीदाबाद के अध्यक्ष जेपीएस सांगवान ने अपनी टीम के साथ स्वागत किया। जाट सेवा संघ के चेयरमैन रणधीर सिंह करोड़ा ने बताया कि जाट सेवा संघ विश्व सर्वधर्म जाट एकता केंद्र दीन बंधू चौ. छोटूराम धाम का निर्माण कर रहा है, क्योंकि सर छोटूराम ने 1910 में सभी वर्ग के लोगों को शिक्षा में भागेदारी के लिए प्रयत्न किए थे ताकि जाट समाज के साथ-साथ अन्य समाज भी अपना उत्थान कर सके।

इसी के मद्देनजर छोटूराम धाम में कौशल विकास और ग्रामीण उद्यमिता संस्थान का निर्माण किया जा रहा है जिसमें बच्चों को विश्व स्तरीय खेल सुविधाएं, विशाल सभागार, विश्व स्तरीय पुस्तकालय तथा 3 हजार लड़के-लड़कियों के लिए आवासीय सुविधा उपलब्ध करवाना मुख्य मकसद है। इसके लिए उन्होंने समाज के लोगों से आर्थिक मदद का आह्वान किया।

### जाट समाज ने कहा आर्थिक कमी नहीं आने दी जाएगी

इस अवसर पर रोहतक के शिष्टमंडल में आऐ जाट समाज सेवा संघ के विंग कमांडर एमएस मलिक, पालेराम झज्जर, कमांडेंट सतबीर सिंह गुरुग्राम, दर्शन हूडा गुरुग्राम, जगबीर सिंह सहरावत झज्जर, भगवान सुहाग, धर्मवीर, वीरेंद्र सिंह, बलवान सिंह, एसआई वेद धनखड़ का फरीदाबाद जाट समाज ने स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। इस अवसर पर जाट समाज फरीदाबाद के सचिव एचएस मलिक ने शिष्टमंडल को आश्वस्त किया कि सर छोटू राम धाम के लिए आर्थिक कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जाट समाज फरीदाबाद अपनी ओर से धाम में एक कमरा बनवाएगा। वहीं बीपी दलाल ने धाम में एक कमरा और 1 लाख 11 हजार रुपए देने का वायदा किया। उद्योगपति एसएस मान ने धाम के निर्माण हेतू अधिक से अधिक सहयोग का वायदा शिष्टमंडल को किया।

### 3 दर्जन से अधिक पदाधिकारियों को सम्मानित किया

*फरीदाबाद के सभी सदस्य पुरजोर मेहनत कर अमलीजामा पहनाने का कार्य करेंगे। इससे पूर्व जाट सेवा संघ ने फरीदाबाद के जाट समाज के 3 दर्जन से अधिक उन पदाधिकारियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया जिन्होंने छोटूराम धाम के लिए 21-21 हजार रुपए की धनराशि मुहैया करवाई। छोटू राम ने हमेशा दीन दुखियों, लाचार और बेसहारों की मदद के लिए जीवन पर्यंत कार्य किया और अब हमारा कर्तव्य बन जाता है कि उनकी विचारधारा को आगे बढ़ाकर देश और समाज उत्थान के लिए कार्य करें।*

राष्ट्रीय लोकदल के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष का चित्तौड़ा में स्वागत

# पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाकर संगठन को सशक्त करने का कार्य करेंगे: अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद



मुरादनगर के गांव चित्तौड़ा में राष्ट्रीय लोक दल के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी का चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी के आवास पर भव्य स्वागत किया गया। सर्वप्रथम जिला अध्यक्ष रामपाल सिंह व चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी ने पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद सभी ने रामपाल चौधरी को माला व पटका पहनाकर उनका अभिनंदन किया। यह लोग उपस्थित रहे इस अवसर पर चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी ने राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया और कहा कि रामपाल चौधरी एक कर्मठ और समर्पित व्यक्ति हैं। उन्होंने कहा कि चौधरी साहब ने यह जिम्मेदारी सोच-समझकर सौंपी है, और वे निश्चित रूप से पार्टी को आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी ने कहा कि जिस आशा और विश्वास के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है, वे इसे पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे। उन्होंने कहा कि वे पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाकर संगठन को सशक्त करने का कार्य करेंगे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता दिलावर सिंह ने की और संचालन प्रदीप मुखिया ने किया।इस अवसर पर क्षेत्रीय महासचिव बिट्टू खंजरपुर, ऋषिपाल सिंह, इंद्रपाल सिंह (डायरेक्टर), आनंद सिंह, मास्टर योगेंद्र सिंह, समरजीत सिंह, आसिंदर उपाध्याय, मोहित गौतम, नितिन कुमार, राहुल तंवर, विनीत कुमार, भारत सिंह, समीर चौधरी, नवीन कुमार, शेखर सिंह, संसार सिंह, जितेंद्र सिंह, महक सिंह, सुशील कुमार, राम कुमार सिंह, उमेश कुमार, संजीव कुमार, ठाकुर गोपीचंद उपस्थित थे।

आठ गांवों की 501 एकड़ भूमि के जुटाने के लिए हो रही गंभीर कवायद

# हरनंदीपुरम योजना को धरातल पर लाने के लिए जुटा जीडीए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद




गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) द्वारा लाई जा रही नई योजना हरनंदीपुरम में प्रस्तावित 501.2173 हेक्टेयर भूमि जुटाव का कार्य शुरू हो गया है। इस योजना के लिए प्राधिकरण मथुरापुर, शमशेर, चंपतनगर, भनेड़ा खुर्द, नंगला फिरोज मोहनपुर,भोवापुर, शाहपुर निज मोरटा कुल आठ गांवों की भूमि आपसी सहमति से क्रय करेगा। भूमि की दर निर्धारित किए जाने लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कार्यालय में बैठक हुई। इस बैठक में प्राधिकरण द्वारा यह अवगत कराया गया है कि इस योजना को चरणबद्ध तरीके से विकसित किए जाने की योजना की गई है। जिसमे प्रथम चरण में पाँच ग्रामों (मथुरापुर, शमशेर, चंपतनगर, भनेड़ा खुर्द, नंगला फिरोज मोहनपुर) एवं दूसरे चरण में तीन ग्रामों भोवापुर,शाहपुर निजमोरटा , मोरटा सहित कुल आठ ग्रामों को सम्मिलित किया गया है। इसके लिए 06 जनवरी को प्राधिकरण द्वारा प्रकाशन कराया गया था जिसमे संबंधित भू धारको से आपत्ति/सुझाव आमंत्रित किए गए थे। नियत तिथि तक प्राप्त सभी आपत्ति/सुझाव को प्राधिकरण द्वारा निस्तारित किया जा रहा है। इसमें किसानो के साथ उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में एक बैठक भी की जा चुकी है।

किसानो की समस्त सुझावो को ध्यान मे रखते हुए योजना को धरातल पर लाने के लिए प्राधिकरण लगातार कार्यरत है।

### पुलिस ने स्थानीय लोगों के साथ मजदूरों को रेस्क्यू किया

आठ महीने पहले शुरू हुआ था निर्माण

# मुरादनगर में निर्माणाधीन ओवर हैड टैंक की शटरिंग गिरी, आठ मजदूर दबकर घायल, एक हालात गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद



मुरादनगर क्षेत्र स्थित उखलारसी कॉलोनी में श्मशान घाट परिसर में रविवार को निर्माणाधीन ओवर हेड टैंक (पानी)की टँकी की शटरिंग गिर गई। जिसमें आधा दर्जन से ज्यादा मजदूर दबकर घायल हो गए। जिस समय यह हादसा हुआ उस समय साइट पर कुल 14 मजदूर काम कर रहे थे।

मौके पर पहुंची पुलिस ने राहत कार्य शुरू किया और घायल मजदूरों को एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया। मौके पर नगर पालिका जल निगम व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद है। घायलों मजदूरों में विनोद पुत्र नरपत मौर्य उम्र 23 वर्ष पटपड़ागंज बरेली,सत्येंद्र पुत्र पन्नालाल उम्र 28 वर्ष पता पटपड़ागंज बरेली,राहुल पुत्र मुन्नालाल उम्र 22 वर्ष पता सैजनी बदायूं,दिनेश पुत्र महेंद्र पाल उम्र 26 वर्ष पता सानडी बदायूं,रिंकू पुत्र ओम शरण उम्र 24 वर्ष सैजनी बदायूं,वीरेश पुत्र मानसिंह उम्र 22 वर्ष बंदिया बरेली आदेश पुत्र ओम शरण उम्र 20 वर्ष सैजनी बदायूं सूरजपाल पुत्र रामशरण उम्र 25 वर्ष पता गोविंदपुर शाहजहांपुर हैं। एसीपी मसूरी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि उखलारसी कॉलोनी में शमशान घाट परिसर जल निगम द्वारा एक ओवरहेड टैंक बनाया जा रहा है। टैंक के निर्माण को लेकर शटरिंग लगाई गई है। उन्होंने बताया कि रविवार की सुबह डायल 112 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि थाना मुरादनगर क्षेत्र स्थित ग्राम उखलारसी के शमशानघाट के अंदर निर्माणाधीन पानी की टंकी की स्टैरिंग गिर जाने से कुछ लोग दब गए हैं।

ओवर हैड टैंक का निर्माण 8 महीने पहले हुआ था। तत्काल ही इस सूचना पर थाना मुरादनगर पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से रेस्क्यू आपरेशन चलाया गया। वहां पर कार्यरत कुल 14 मजदूरों में से घायल सभी 08 मजदूरों को निकालकर सीएचसी अस्पताल भेजा गया। जहां डाक्टरों द्वारा उन्हें संजय नगर अस्पताल रेफर किया गया।

### रोहिंग्या मुसलमान देश के लिए खतरा जल्द से जल्द हो प्रत्यर्पण: अध्यक्ष त्यागी

**गाजियाबाद।** रविवार को राजनगर एक्सटेंशन के स्टार हेरीटेज फॉर्म में अखिल भारतीय त्यागी ब्राह्मण सभा की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मनोज त्यागी को जिलाध्यक्ष और पुनीत त्यागी को महानगर अध्यक्ष चुना गया। बैठक में देश में घुसपैठियों की तरह देश में रह रहे रोहिंग्याओं के बच्चों के स्कूलों में एडमिशन को लेकर हाल ही में दिये गए फैसले को लेकर नाराजगी जताई गई। त्यागी समाज के लोगों ने कहा कि देश की सुरक्षा के मामलों में सुप्रीम कोर्ट को दखलंदाजी नहीं करनी चाहिए।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC/84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **बृज कुमार उर्फ शिवा पुत्र** राजू, **निवासी** सी–147, प्रेम नगर–द्वितीय, किरारी, दिल्ली, ने **FIR No. 446/2019, U/S 356/379/34 IPC, पुलिस स्टेशन प्रेम नगर, रोहिणी जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **बृज कुमार उर्फ शिवा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **बृज कुमार उर्फ शिवा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 446/2019, U/S 356/379/34 IPC, पुलिस स्टेशन प्रेम नगर, रोहिणी जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **बृज कुमार उर्फ शिवा** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.03.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री नवदीप गुप्ता
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी,
उत्तर–पश्चिम जिला, कोर्ट नं0–109,
प्रथम तल, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/1921/RD/2025
(Court Matter)

# वीआईपी सुरक्षा पर पुलिस की रणनीति, एसपीजी की तर्ज पर बिहार में 'सिक्योरिटी पोल

आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अभी से ही तैयारी की जा रही है। 13 अप्रैल तक हर हाल में सिक्योरिटी पोल सभी जिले के पुलिस अधीक्षक को तैयार कर इसकी सूची पुलिस मुख्यालय भेजने का निर्देश दिया गया है।

एजेंसी ▸▸ पटना

आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अभी से ही तैयारी की जा रही है। इसे लेकर अब सूबे के सभी जिलों में वीआईपी, वीवीआईपी की सुरक्षा के लिए एसपीजी की तर्ज पर सिक्योरिटी पोल तैयार किए जाएंगे। 13 अप्रैल तक हर हाल में सिक्योरिटी पोल सभी जिले के पुलिस अधीक्षक को तैयार कर इसकी सूची पुलिस मुख्यालय भेजने का निर्देश दिया गया है। दरअसल, 2023 में ही पुलिस मुख्यालय से सिक्योरिटी पोल का गठन किया गया था। यह अपने मूल प्रभाव में अभी तक नहीं आ पाया।

**बिहार में मिल रही थीं वीआईपी की सुरक्षा में गड़बड़ी की सूचनाएं**

### सादी कमीज, काली पैंट, काले चमड़े के बेल्ट व जूते व काले या ब्लू रंग के मौजे में तैनात रहेंगे



*पुलिस मुख्यालय को लगातार वीआईपी की सुरक्षा में गड़बड़ी की सूचनाएं मिल रही थीं। इस वजह से सिक्योरिटी पोल को हर हाल में लागू करने का आदेश दिया गया है। बताया जा रहा है कि 14 फरवरी से सिक्योरिटी पोल को लेकर कई जिलों के एसपी ने काम भी शुरू कर दिया है। पोल के सदस्य खाकी में नहीं, सादी कमीज, काली पैंट, काले चमड़े के बेल्ट व जूते और काले या ब्लू रंग के मौजे में तैनात रहेंगे। इस दौरान वीआईपी की सुरक्षा में जो कारकेड रहेंगे, उसके ड्राइवर भी सिक्योरिटी पोल के सदस्य की तरह ही ड्रेस पहनेंगे। प्रत्येक सिक्योरिटी पोल 6, 12 से 30 की संख्या की एक सेट में होगी। भागलपुर के आईजी ने सभी एसपी को सिक्योरिटी पोल में तेजतर्रार पुलिसकर्मियों को तैनात करने का आदेश दिया है। सीमांचल और कोसी जिलों के पुलिस अधीक्षक ने कपड़ा, जूता समेत अन्य सामान की खरीदारी करने का भी आदेश दे दिया है। वीआईपी की सुरक्षा में परिधान को लेकर अक्सर असमंजस की स्थिति हो जाती थी। कई पुलिसकर्मी जो सुरक्षा में लगे रहते थे, वे बेतरतीब तरीके से पुलिस ड्रेस पहनकर रहते थे।*

### विधानसभा चुनाव में मिलेगा सीधा लाभ

*इसी वर्ष विधानसभा चुनाव होने हैं। इसमें प्रदेश के अलावा देश के कई अन्य राज्यों से भी वीआईपी आएंगे। इस दौरान सुरक्षा में कोई चूक नहीं हो, इसका ध्यान रखा जा रहा है। सूबे के कई ऐसे इलाके हैं जहां पर किसी भी वीआईपी के आगमन होने पर सुरक्षा को लेकर अक्सर चुनौती बनी रहती है। सिक्योरिटी पोल के सदस्य स्थानीय पुलिसकर्मी और बाहर से आए अन्य सुरक्षा बलों के सदस्य मिलकर वीआईपी की सुरक्षा का कमान संभालेंगे।*

## खबर संक्षेप

### सीएम नीतीश दिल्ली रवाना, शादी में होंगे शामिल



**पटना।** सीएम नीतीश कुमार रविवार को दिल्ली के लिए रवाना हो गए। उनके साथ राज्यसभा सांसद व जेडीयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा भी गए। सीएम ने विशेष विमान से 4 बजे के बाद पटना एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए उड़ान भरी। बताया जा रहा है कि एक शादी समारोह में भाग लेने सीएम दिल्ली गए हैं। वे अपने पीएसओ की बेटी की शादी में शामिल होंगे।

### जेएमएमः अब राष्ट्रीय राजनीति में होगी एंट्री



**रांची।** पिछले साल के अंत में झारखंड विधानसभा चुनाव में शानदार जीत के बाद, झामुमो नेतृत्व आने वाले वर्षों में राष्ट्रीय राजनीतिक परिदृश्य में अपनी पैठ बढ़ाने के लिए उत्सुक है। पार्टी की निवर्तमान केंद्रीय कार्यकारी समिति के वरिष्ठ पदाधिकारी ने कहा कि इस साल के अंत में नई दिल्ली में पार्टी कार्यालय खोलने के लिए आगामी आम सम्मेलन में प्रस्ताव लाया जा सकता है।

### यमुना एक्सप्रेसवे पर बस ने कार में मारी टक्कर



**अलीगढ़।** यहां थाना टप्पल के यमुना एक्सप्रेसवे इंटरचेंज के निकट एक अज्ञात बस ने कार को टक्कर मार दी। जिससे महिला समेत तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गई। दो की हालत नाजुक है। कार में सवार जम्मू-कश्मीर के श्रद्धालु प्रयागराज से महाकुंभ स्नान कर लौट रहे थे। जम्मू-कश्मीर के पांच श्रद्धालु एक एवेन्यू कार में सवार महाकुंभ स्नान के लिए गए थे।

*स्टेशन से दूर रोके जा रहे यात्री, स्टेशन पर एक ओर से प्रवेश दूसरे से निकास*

*स्टेशन जाने वाली हर गली पर बैरिकेडिंग, मुख्य मार्ग पर लागू किया गया डायवर्जन*

### रेलवे ने सभी वीआइपी प्रोटोकॉल रोके, रेस्ट हाउस की एडवांस बुकिंग भी बंद

# दिल्ली में भगदड़ के बाद प्रयागराज के सभी स्टेशनों पर बदला गया प्लान

*प्रयागराज के सभी रेलवे स्टेशनों पर मौनी अमावस्या जैसा आपात प्लान लागू कर दिया गया है। अब अगले कई दिनों तक आवागमन में कोई ढील नहीं दी जाएगी। रेलवे ने प्रयागराज में वीआईपी प्रोटोकॉल पर प्रतिबंध लगा दिया है। साथ ही रेस्ट हाउस की एडवांस बुकिंग भी अगले आदेश तक रोक दी है। वीआईपी मूवमेंट भी अगले कुछ दिनों तक नहीं होगा।*

एजेंसी ▸▸ प्रयागराज

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में यात्रियों की मौत के बाद प्रयागराज के आठों रेलवे स्टेशन पर आपात प्लान आगे भी लागू रहेगा। अब अगले कई दिनों तक आवागमन में कोई ढील नहीं दी जाएगी। रेलवे ने प्रयागराज में वीआइपी प्रोटोकॉल पर प्रतिबंध लगा दिया है।

साथ ही रेस्ट हाउस की एडवांस बुकिंग भी अगले आदेश तक रोक दी है। वीआइपी मूवमेंट भी अगले कुछ दिनों तक नहीं होगा, ताकि रेलकर्मियों की पूरी शक्ति का इस्तेमाल भीड़ प्रबंधन में किया जा सके। मौनी अमावस्या पर जिस कड़ाई के साथ भीड़ प्रबंधन लागू किया था, उसे दोबारा लागू कर दिया गया है।



### यात्रियों को सीधे प्लेटफॉर्म पर एंट्री नहीं

*अब स्टेशन जाने वाले यात्रियों का प्रवेश और निकास अलग-अलग होगा। यात्रियों को सीधे प्लेटफॉर्म पर एंट्री नहीं मिलेगी। उन्हें डायवर्ट रूट से पहले यात्री आश्रय स्थल के नजदीक ले जाया जाएगा। इसके बाद संबंधित रूट की ट्रेन आएगी और यात्रियों को रस्सी के सहारे रेलकर्मी, वाणिज्य विभाग के कर्मचारी व सहायता में जुटे अन्य लोग प्लेटफार्म तक लाएंगे। यहां यात्रियों को ट्रेन में बैठाने के बाद ट्रेन आगे भेजी जाएगी।*

### नई दिल्ली हादसे से प्रशासन ने लिया सबक

*यह प्रक्रिया हर ट्रेन के साथ दोहराई जाएगी। यात्री अपनी मनमर्जी से और सीधे प्लेटफॉर्म पर नहीं जा सकेंगे, जब उन्हें प्रबंधन में लगे कर्मचारी आगे लेकर जाएंगे, तभी वह अंदर प्रवेश करेंगे। नई दिल्ली स्टेशन पर यात्रियों को प्लेटफॉर्म तक पहुंचने की छूट से भीड़ बढ़ती चली गई और भीड़ दबाव दुर्घटना में बदला। प्रयागराज में इसी भीड़ के दबाव को न सिर्फ प्लेटफॉर्म बल्कि स्टेशन से दूर ही रखा जाएगा। प्लेटफॉर्म पर यात्री स्वछंद होकर नहीं, बल्कि निर्देशों के अनुक्रम में जाएंगे। इसमें सबसे महत्वपूर्ण स्टेशन प्रयागराज जंक्शन को विशेष रूप से चिह्नित किया गया है। वैसे यहां शनिवार की शाम से ही कड़े प्रतिबंध लागू कर दिए गए थे और अब उसी क्रम में सूबेदारगंज, रामबाग, प्रयाग, फाफामऊ, नैनी, छिवकी व झूंसी में भी भीड़ प्रबंधित की जा रही है। जिन यात्रियों के पास आरक्षित टिकट होगा उन्हें जंक्शन पर गेट नंबर पांच से प्रवेश दिया जाएगा।*

### रूट पर भीड़ के हिसाब से यात्रियों को भेजा जाएगा

*रविवार को स्टेशन पर फिर से भारी भीड़ उमड़ी और उसके बढ़ते रहने का क्रम जारी रहा। जितने लोग आए, उससे कहीं अधिक लोग वापस जाने के लिए स्टेशन पहुंच रहे हैं। रेलवे लगभग 4 मिनट पर एक ट्रेन का संचालन कर रहा है। महाकुंभ में लगातार आ रही भीड़ को देखते हुए रेलवे दिशावार ऑन डिमांड ट्रेनों का संचालन करेगा। यानी जिस रूट पर भीड़ ज्यादा होगी, उस रूट पर सबसे पहले ट्रेन भेजी जाएगी।*

### कानपुर पहुंचे सपा अध्यक्ष अखिलेश , कहा-

## महाकुंभ में वीआई ट्रीटमेंट चल रहा है, जबकि आम आदमी सिर्फ पैदल

एजेंसी ▸▸ कानपुर



कानपुर पहुंचे सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि सपा सरकार में भी जब कुंभ हुआ था, तो गंगा में डुबकी लगाई थी। हम लोग लगातार सीखते रहते हैं। लेकिन, इस बार तो हमें भाजपा से नया सीखने को मिला कि कपड़े पहनकर भी नहाया जा सकता है। महाकुंभ में वीआईपी ट्रीटमेंट चल रहा है, जबकि आम आदमी सिर्फ पैदल चल रहा है। भाजपा वाले खुद को इतना ज्ञानी समझते हैं, जैसे जो करते हैं वो सही रहता है। ये कहते हैं कुंभ में हमने 100 करोड़ लोगों की व्यवस्था की है। जब इतनी व्यवस्था हो, तो इतने लोगों की जान कैसे जा सकती हैं।

### त्याग-पत्र व मुआवजा के साथ चिकित्सा की मांग

## राजद ने दुर्घटना का कारण बताया लापरवाही,कार्रवाई की मांग की

एजेंसी ▸▸ पटना



सुप्रीमो लालू प्रसाद सहित राजद के तमाम नेताओं ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में यात्रियों की हुई असामयिक मृत्यु पर गहरी शोक संवेदना प्रकट की है।

सरकार से मृतकों के आश्रितों को उचित मुआवजा और घायलों की समुचित चिकित्सा की मांग की है। रविवार को बयान जारी कर इन नेताओं ने कहा कि इस दुर्घटना का कारण रेलवे की लापरवाही है। तेजस्वी ने कहा कि भगदड़ का दायित्व लेते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को तत्काल पद छोड़ देना चाहिए। इसके साथ ही भगदड़ की उच्च-स्तरीय जांच और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई हो। उन्होंने कहा कि सरकारी ताम-झाम के बावजूद महाकुंभ के श्रद्धालुओं की आए दिन मृत्यु हो रही और डबल इंजन सरकार इन दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं की लीपापोती करने के साथ अपने प्रचार-प्रसार करने में व्यस्त है। सरकार की व्यवस्था वीआइपी लोगों की सुविधा देने तक ही सीमित है। राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव, जगदानंद सिंह, उदय नारायण चौधरी, अब्दुल बारी सिद्दीकी, भोला यादव, रणविजय साहू, शक्ति सिंह यादव, चित्तरंजन गगन, एजाज अहमद ने संवेदना जताई है।

### बोर्ड ने जारी किया गाइडलाइंस

## सीसीटीवी की निगरानी में होगी बिहार बोर्ड 10वीं की परीक्षा

एजेंसी ▸▸ पटना

बीएसईबी कक्षा 10वीं की परीक्षा कल 17 फरवरी से शुरू होने जा रही है। यह परीक्षा राज्य के 1,677 परीक्षा केन्द्रों पर कुल 15.85 लाख विद्यार्थियों के लिए दो पालियों में प्रारम्भ होगी। बीएसईबी ने परीक्षा केंद्रों पर दो-स्तरीय तलाशी और परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों के लिए प्रवेश समय का निर्देश दिया है। बीएसईबी ने नोटिस में कहा है, सभी परीक्षा केन्द्रों पर 02 स्तर की तीन स्तर पर मजिस्ट्रेट की तैनाती होगी। इसके अलावा, पारदर्शी और निष्पक्ष परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए, सीसीटीवी की व्यवस्था और अनधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया गया है।

**1,677 परीक्षा केन्द्रों पर कुल 15.85 लाख विद्यार्थी देंगे परीक्षा**

### बोर्ड द्वारा जारी गाइडलाइंस

- परीक्षा के लिए उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों को परीक्षा शुरू होने से कम से कम 30 मिनट पहले परीक्षा केंद्रों पर पहुंचनें।
- नेत्रहीन एवं वैसे दिव्यांग परीक्षार्थी जो स्वयं लिखने में असमर्थ हैं, उन्हें लेखक रखने की अनुमति दी गई है। ऐसे परीक्षार्थियों को परीक्षा के लिए निर्धारित समय में 20 मिनट प्रति घंटा अतिरिक्त समय दिया जाएगा।
- बीएसईबी ने छात्रों को परीक्षा हॉल में जूते और मोजे पहनने पर सख्त प्रतिबंध लगाने का भी निर्देश दिया है। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा केंद्र में जूते और मोजे के बजाय चप्पल पहनें।

### घायलों को भर्ती कराया

## महाकुंभ से लौट रहे श्रद्धालुओं की कार पलटी, 4 घायल, 2 गंभीर

एजेंसी ▸▸ प्रयागराज



नेवादा में सरायअकिल के कुम्हारन का पुरवा गांव के समीप रविवार शाम महाकुंभ से गंगा स्नान कर लौट रहे मध्यप्रदेश के विदिशा के श्रद्धालुओं की कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसे में दो महिला और दो पुरुष श्रद्धालु घायल हुए हैं। सूचना के बाद आई पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से चारों घायलों को नजदीकी प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया है। वहां दो की हालत गंभीर बनी हुई है।

मध्यप्रदेश के विदिशा शहर के रहने वाले महेंद्र सिंह राजपूत दो दिन पहले अपने परिवार के सात लोगों के साथ महाकुंभ गंगा स्नान के लिए आये थे।गंगा स्नान के बाद रविवार शाम वह वापस विदिशा लौट रहे थे। शाम 6:30 बजे के करीब जैसे ही उनकी कार सरायअकिल के कुम्हारन का पुरवा गांव के समीप पहुंची अचानक पहियों में आई खराबी के कारण अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। दुर्घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने भागकर किसी तरह खेतों में पलटी हुई कार को सीधी किया। हादसे में कार चला रहे महेंद्र सिंह राजपूत और उनके घर के केशव सिंह राजपूत,राधा राजपूत और वैष्णवी राजपूत घायल हो गये। मौके पर जुटे लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद आई पुलिस ने एंबुलेंस बुलाकर घायलों को नजदीकी प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया। वहां राधा और वैष्णवी की हालत गंभीर बनी हुई है जबकि महेंद्र राजपूत और केशव को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। हादसे की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे सुरसेनी गांव के पूर्व प्रधान मनोज द्विवेदी घायल श्रद्धालुओं के साथ अस्पताल गये और अपनी मौजूदगी में घायलों का इलाज कराने के बाद अन्य लोगों को अपने साथ घर ले आये और उनके खाने पीने समेत रहने का प्रबंध अपने घर पर ही किया । मामले में इंस्पेक्टर सुनील कुमार सिंह ने बताया कि घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।

### 2 प्रमुख मंदिर कमाई के मामले में हैं शीर्ष पर

## 700 करोड़ हुई राम मंदिर की सलाना आय, देश का तीसरा सबसे बड़ा मंदिर

एजेंसी ▸▸ अयोध्या



पर्यटकों व श्रद्धालुओं की पहली पसंद बन रही रामनगरी रोजाना नए-नए रिकॉर्ड बना रही है। राम मंदिर सालाना आय के मामले में देश का तीसरा सबसे बड़ा मंदिर बन चुका है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से अब तक अयोध्या में 13 करोड़ से अधिक श्रद्धालु व पर्यटक पहुंच चुके हैं। मंदिर की सालाना आय 700 करोड़ के पार पहुंच चुकी है।

सालाना आय के मामले में राम मंदिर ने स्वर्ण मंदिर, वैष्णो देवी व शिरडी साईं मंदिर को पीछे छोड़ दिया है। अयोध्या यूपी की अर्थव्यवस्था के साथ-साथ देश की अर्थव्यवस्था के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर रही है। वर्तमान में अयोध्या में श्रद्धालुओं और पर्यटकों की संख्या लगभग दो से पांच लाख के बीच है, जिसके लिए सर्वसुलभ दर्शन एवं ठहराव की व्यवस्था करना महत्वपूर्ण चुनौती है। राम मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु निधि समर्पित करते हैं। इसके अलावा सोना-चांदी भी अर्पित करते हैं। उत्तरप्रदेश-उत्तराखंड इकोनॉमिक एसोसिएशन के महासचिव प्रो. विनोद श्रीवास्तव बताते हैं कि एक अध्ययन एवं अनुमान के अनुसार वर्ष 2024 -25 में आंध्र प्रदेश के तिरुपति वेंकटेश्वर मंदिर की वार्षिक दान राशि लगभग 1500 से 1650 करोड़ रही । द्वितीय स्थान पर केरल तिरुवंतपुरम का श्री पद्मनाभम स्वामी मंदिर है ।

### निखिल कामथ की वीटी फंड ने मिलाया स्टार्टअप

## एआई की तकनीक 'एडास' बचाएगी बाइकर्स की जान, ट्रायल हुआ शुरू

एजेंसी ▸▸ जमशेदपुर



आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित तकनीक से दो पहिया वाहनों को अब सुरक्षित बनाया जाएगा। एआई एडवांस्ड ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम (एडास) नाम की तकनीक से दो पहिया वाहनों में दुर्घटना की आशंका को न्यूनतम किया जा सकेगा और बाइकर्स की जान को बचाया जा सकेगा। इस तकनीक के आधार पर अब दो पहिया वाहनों के इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन के लिए ट्रायल शुरू हो गया है। इस अभिनव तकनीक के आधार पर प्रोडक्शन शुरू करने की पहल जमशेदपुर के युवा इंटरप्रेन्योर आयुष कुमार ने की है। उन्होंने बाइट्स नामक स्टार्टअप शुरू किया है। देश के चर्चित इन्वेस्टर व इंटरप्रेन्योर निखिल कामथ की कंपनी वीटी फंड ने फंडिंग करने के लिए टाईअप किया है। इस फंडिंग से ही प्रोडक्शन शुरू होगा।

### तीनों मामलों में जांच कर रही है पुलिस

## सफाई कर्मचारी समेत दो लोगों ने लगाई फांसी, एक की गला दबाकर हत्या, 3 की मौत से जिले में कोहराम

एजेंसी ▸▸ एटा



यूपी के एटा में अलग-अलग मामलों में दो लोगों ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। एक जगह सफाई कर्मचारी तो दूसरी जगह एक नाबालिग लड़की ने आत्महत्या कर ली। तीसरी घटना में नाबालिग लड़के की गला दबाकर हत्या कर दी गई। हत्या के बाद शव को खेत में फेंक दिया। तलाश के दौरान शव पड़ा मिला है।

जानकारी मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। पहली घटना थाना सकीट क्षेत्र के गांव अंगदपुर उर्वसी (17) पुत्री महेश घर में थी। रात में जब परिवार के लोग सो गए तो उर्वसी ने घर में फांसी लगा ली। आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। वहीं दूसरी घटना जलेसर कोतवाली के मोहल्ला ब्रह्मपुरी की है। यहां के रहने वाले नगर पालिका सफाई कर्मचारी दिनेश गोस्वामी (35)पुत्र कालीचरण घर पर ही था। रात्रि में घर के शौचालय में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने उसका शव लटका देखा तो कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। इसी तरह तीसरी घटना थाना अवागढ़ क्षेत्र के गांव नगला भिखारी की है। यहां के निवासी केशव (13) पुत्र बबलू घर के बाहर खेल रहा था। काफी देर तक वह नहीं मिला तो परिजनों ने उसकी तलाश की। इधर उधर तलाश के दौरान कभी पता नहीं चला । इसी समय गांव के बाहर खेत पर उसका शव पड़ा मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### योगी के मंत्री संजय निषाद पर कई आरोप लगाकर पार्टी के नेता ने जान दी



**लखनऊ।** यूपी की योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री संजय निषाद पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए उनकी ही पार्टी के एक नेता ने सुसाइड कर लिया है। महराजगंज के पनियरा क्षेत्र के नरकटहा गांव निवासी और निषाद पार्टी में प्रदेश सचिव रहे धर्मात्मा निषाद ने फेसबुक पर लंबा पोस्ट लिखने के बाद खुदकुशी की है। घटना की जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में लोग धर्मात्मा के घर पहुंच गए। परिजन और अन्य लोगों ने सुसाइड नोट में आरोपित किए गए लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग की और शव को रोक लिया। पिपराइच क्षेत्र के सपा नेता अमरेन्द्र निषाद व मृतक के भाई अन्य लोगों के साथ अकटहवा-नरकटहा मार्ग पर स्थित उनके घर के सामने धरने पर बैठ गए। पुलिस लोगों को समझाने में जुटी है। लोगों का कहना है कि पहले आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाए।

## पेज एक का शेष

### 'अपनों' से हांफ...

सोचना चाहिए। उक्त नेता ने बताया कि कांग्रेस संगठन की हालत ये है कि महाराष्ट्र जैसे राज्य में पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वी राज चव्वहाण, विधायक दल के नेता विश्वजी कदम, सातेज पाटील जैसे आधा दर्जन से अधिक नेताओं ने प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी लेने से मना कर दिया है। ये कितने शर्म की बात है। उन्होंने बताय कि जिस महाराष्ट्र का अध्यक्ष बनने के लिए लॉबिंग होती थी उस पद पर कोई रहना नहीं चाहता। यही वजह है कि बुलधाना के दो बार के विधायक हर्षवर्द्धन सकपाल को प्रदेश अध्यक्ष का काम सौंपा गया है। अब सवाल ये है कि इतना जूनियर प्रदेश अध्यक्ष महाराष्ट्र की गठबंधन राजनीति में उद्धव ठाकरे और शरद पवार के साथ कैसा सामंजस्य बिठाकर कांग्रेस के लिए बेहतर कर सकता है, ये देखने वाली बात होगी।

उधर, अब ये भी कमोबेश तय है कि छत्तीसगढ प्रदेश कांग्रेसक कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज को हटाया जाना तय है। दीपक को लेकर दिल्ली तक लगातार फीडबैक पहुंचायी जा रही है कि वे भाजपा ज्वाइन कर सकते हैं, लिहाजा शीर्ष नेतृत्व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को महासचिव बनाकर केंद्र में लाने के बाद प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी टीएस सिंहदेव को दे सकता है? इस सवाल पर एआईसीसी के वरिष्ठ नेता ने कहा, ये हो सकता है!

### 112 भारतीयों को लेकर ...

इमिग्रेशन, वेरिफिकेशन और पृष्ठभूमि जांच सहित सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद निर्वासितों को उनके घर जाने की अनुमति दी गई। अवैध भारतीय प्रवासियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए परिवहन की व्यवस्था की गई है। इनमें पंजाब से संबंध रखने वाले लोगों को जांच के बाद रविवार तड़के करीब साढ़े चार बजे पुलिस की गाड़ियों में उनके घर पहुंचाया गया। हरियाणा सरकार ने भी राज्य से निर्वासित लोगों के लिए परिवहन की व्यवस्था की थी।

**पहले बैच में 104 भारतीय को किया गया था डिपोर्टः** 5 फरवरी को, 104 अवैध भारतीय अप्रवासियों को लेकर एक अमेरिकी सैन्य विमान अमृतसर हवाई अड्डे पर उतरा था। इनमें से 33-33 हरियाणा और गुजरात से थे, जबकि 30 पंजाब से थे। विदेश गए अवैध भारतीय अप्रवासियों के दूसरे जत्थे के परिवार के सदस्य सदमे में थे, उनमें से कई ने दावा किया कि उन्होंने अपने खेत और मवेशी गिरवी रखकर पैसे जुटाए थे, ताकि उन्हें बेहतर भविष्य के लिए विदेश भेजा जा सके।

### मुसलमानों से की ये ...

राज्य सेवा में प्रशासनिक अधिकारी थे। वे मूल रूप से छत्तीसगढ़ के रहने वाले हैं। नियाज खान 7 नॉवेल लिख चुके हैं। उनके द्वारा लिखी एक नोवेल पर आश्रम वेब सीरिज भी बनी है, जिसका क्रेडिट नहीं मिलने पर उन्होंने निर्माता के खिलाफ कोर्ट में केस भी दायर किया था।

### पूरे हिंदू समाज...

आंदोलन के दौरान डॉ. हेडगेवार ने महसूस किया कि बाहर से कुछ लोग आए और हमें गुलाम बना दिया। हमने इसे बार-बार देखा है। भारत अंग्रेजों ने नहीं बनाया। भारत सदियों से मौजूद है।



# जोधा अकबर की ऑस्कर में होगी स्पेशल स्क्रीनिंग

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर ऋतिक रोशन और एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय बच्चन साल 2008 में आई फिल्म जोधा अकबर में साथ नजर आए थे। दर्शकों ने इस पीरियड ड्रामा फिल्म को खूब पसंद किया था। भारत में ये फिल्म हिट साबित हुई थी। इस फिल्म को 17 साल पूरे हो गए हैं। अब ऋतिक और ऐश्वर्या की फिल्म को लेकर ऑस्कर ने खास ऐलान किया है। ऑस्कर अवॉर्ड के आयोजक 'एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज' ने इस फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग का ऐलान किया है। आशुतोष गोविरकर के डायरेक्शन में बनी फिल्म जोधा अकबर की मार्च में स्पेशल स्क्रीनिंग होगी।

लाइफ Style

# कृति
## कबीर के साथ बसाने वाली हैं घर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री कृति सेनन इन दिनों अपनी निजी जिंदगी को लेकर खूब चर्चा में हैं। कथित बॉयफ्रेंड कबीर बहिया के साथ उनकी रिलेशनशिप की खबरें अक्सर आती हैं। अब कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि दोनों इस साल शादी की तैयारी कर रहे हैं।

अभिनेत्री कृति सेनन इन दिनों खूब लाइमलाइट में हैं। हालांकि, इसकी वजह उनकी फिल्में और अभिनय कम, बल्कि पर्सनल लाइफ ज्यादा है। काफी वक्त से कृति सेनन अपनी लव लाइफ को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। बिजनेसमैन कबीर बहिया के साथ उनके कथित अफेयर की खबरें सुर्खियों में हैं। अब मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि दोनों इस साल शादी की तैयारी कर रहे हैं। इसके लिए कृति ने कबीर के माता-पिता ने मुलाकात की है। काफी वक्त से कृति सेनन और कबीर के अफेयर की चर्चा है। दोनों को कई मौकों पर साथ देखा जा चुका है। हालांकि, अफेयर की खबरों पर दोनों ने अब तक चुप्पी साधी हुई है। आधिकारिक तौर पर दोनों ने इसकी पुष्टि नहीं की है। लेकिन, अक्सर इन्हें साथ में फेस्टिवल मनाते और पार्टी में शामिल होते देखा जाता है। अब दोनों के जल्द शादी करने को लेकर खबरें हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि कृति और कबीर साल 2025 में शादी रचाने की तैयारी कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि दोनों परिवार से मिलने के लिए दिल्ली गए हैं। कृति और कबीर को हाल ही में एयरपोर्ट पर साथ में देखा गया। इससे पहले हाल ही में कृति और कबीर को बेंगलुरू में एक शादी में साथ देखा गया था। कबीर लंदन बेस्ड बिजनेसमैन हैं।



## हॉलीवुड मसाला



# जर्सी पहन दर्शकों को दिया सरप्राइज

**मुंबई।** 'परफेक्ट' और 'शेप ऑफ यू' जैसे हिट गानों के फेमस सिंगर एड शीरन ने 15 फरवरी, शनिवार को गुरुग्राम में लाइव परफॉर्मेंस दी। ये उनके 'द मैथमैटिक्स टूर' का आखिरी कॉन्सर्ट था, जिसका समापन ग्रैंड तरीके से हुआ। इस कॉन्सर्ट के वीडियोज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। शो के आखिरी में एड शीरन ने टीम इंडिया की जर्सी भी पहनी और दर्शकों को उनके प्यार और सपोर्ट के लिए शुक्रिया अदा किया। उन्हें टीम इंडिया की जर्सी पहने देख फैंस खुशी से झूम उठे।



# कान्ये वेस्ट और बियांका नहीं ले रहे तलाक...

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी रैपर कान्ये वेस्ट और बयिंका सेंसोरी की तलाक की खबरें झूठी निकली हैं। कपल की टीम ने बयान जारी करते ही इन अफवाहों का खंडन किया है। साथ ही बताया है कि कपल इस वक्त लॉस एंजिल्स में है। 'बीते कुछ समय में यह पांचवीं या छठी बार है, जब मीडिया में गलत तरीके से इस तरह की अफवाह उड़ी है। बता दें कि इससे पहले 'डेली लाइफ' ने अपनी रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से दावा किया था कि ग्रैमी इवेंट में हुई फजीहत के बाद रैपर और उनकी पत्नी ने अलग होने का फैसला किया है। इसमें रैपर के करीबी दोस्तत के हवाले से कहा गया है कि इस तलाक के लिए बियांका ने 5 मिलियन डॉलर की एलिमनी मांगी है।



# तीन हिंदी फिल्में साइन कर चुकीं हैं मावरा

**मुंबई।** पाकिस्तानी अभिनेत्री मावरा हुसैन की फिल्म 'सनम तेरी कसम' की री-रिलीज को लेकर इन दिनों काफी चर्चा हो रही है। मावरा की फिल्म को पहली रिलीज पर कुछ खास रिस्पॉन्स नहीं मिला था। हालांकि, अब इस फिल्म को फैंस बहुत सराह रहे हैं। बहुत कम लोग जानते हैं कि मावरा ने 'सनम तेरी कसम' फिल्म शूट करने के बाद तीन अन्य हिंदी फिल्में भी साइन की थीं। मावरा ने बताया कि इस फिल्म के बाद उन्होंने फिल्मों में काम करना शुरू कर दिया था। हालांकि, अलग-अलग कारणों से उन्हें इन फिल्मों से पीछे हटना पड़ा था। अभिनेत्री ने इस बारे में खुलकर बात नहीं की। उन्होंने कहा कि फिल्म छोड़ने के बाद वह फिल्म जिन लोगों के हिस्से आती है, फिल्म पर उन्हीं का हक होता है। अभिनेत्री ने 'सनम तेरी कसम 2' फिल्म का हिस्सा बनने को लेकर भी बात की।



# हाथ में तिरंगा लिए दौड़ते आए नजर

**मुंबई।** सोशल मीडिया पर आयुष्मान खुराना का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में उन्हें 'मां तुझे सलाम'गीत गाते हुए और उस पर परफॉर्म करते हुए देखा गया। दरअसल, अभिनेता ने वडोदरा में 'महिला प्रीमियर लीग 2025' की ओपनिंग नाइट पर एक यादगार प्रस्तुति दी। इस दौरान अभिनेता ने 'मां तुझे सलाम'गाने पर प्रदर्शन किया। सामने आए वीडियो में आयुष्मान खुराना हाथ में तिरंगा लेकर मैदान में दौड़ते हुए और एआर रहमान के गाने 'मां तुझे सलाम'गाने पर प्रस्तुति देते हुए दिखाई पड़ रहे हैं। इस दौरान अभिनेता ब्लैक आउटफिट में नजर आएं। अभिनेता आयुष्मान खुराना ने अपनी शानदार प्रस्तुति को भारत की भावना और महिला शक्ति को समर्पित किया। अभिनेता के वर्क फ्रंट की बात करें तो वह अपनी आगामी फिल्म 'थामा' पर काम कर रहे हैं।

## टीवी मसाला




# कपिल शर्मा ने भी किया था माता-पिता को लेकर भद्दा कमेंट

**नई दिल्ली।**'इंडियाज गॉट लैटेंट'में रणवीर इलाहाबादिया के माता-पिता को लेकर आपत्तिजनक बयान ने उन्हें मुश्किलों में डाल दिया है। एक तरफ सोशल मीडिया पर उनका जमकर विरोध हो रहा है। दूसरी ओर वह कानूनी पचड़े में फंसते भी नजर आ रहे हैं। रणवीर और समय रैना के शो को बंद करने की भी अपील की जा रही है। हालांकि, सोशल मीडिया पर इस मामले में दो पक्ष सामने आ रहे हैं। एक वह जो रणवीर और समय का विरोध कर रहे हैं और दूसरे वह जिनका कहना है कि सिर्फ इन्हें ही क्यों टार्गेट किया जा रहा है और भी कई ऐसे शो हैं, जो इस तरह की आपत्तिजनक टिप्पणी कर चुके हैं। इस बीच नेटिजन्स के एक वर्ग ने कपिल शर्मा का एक पुराना वीडियो खोज निकाला है, जिसमें उन्होंने माता-पिता को लेकर आपत्तिजनक संकेत दिया था। रणवीर के आपत्तिजनक बयान मामले के बाद सोशल मीडिया पर कपिल शर्मा के शो से एक क्लिप वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने माता-पिता को लेकर भद्दा कमेंट किया था। सोशल मीडिया पर कई लोगों ने टिप्पणी की कि कैसे यह जोक नेशनल टीवी पर प्रसारित हो गया। सोशल मीडिया पर एक वर्ग ने कपिल के जोक को रणवीर इलाहाबादिया के द्वारा की गई आपत्तिजनक टिप्पणी में समानताएं बताई हैं। कुछ लोगों ने इस साफ तौर पर अश्लील भी कहा है। स्टैंड अप कॉमेडियन और 'इंडियाज गॉट लैटेंट' के होस्ट और निर्माता समय रैना ने शो के सभी एपिसोड यूट्यूब से हटा दिए हैं। विवाद होने के बाद समय ने एक बयान में कहा कि वह जांच में सभी जांच एजेंसियों के साथ पूरा सहयोग करेंगे।

## लड़ो-झगड़ों पर फिर से एक साथ हो जाओ

**नई दिल्ली।** कपिल शर्मा के कॉमेडी शो की जज अर्चना पूरन सिंह फिल्म इंडस्ट्री की उन अभिनेत्रियों में से हैं जो हमेशा ही चर्चा में रहती हैं।अर्चना और परमीत सेठी की जोड़ी को इंडस्ट्री में 'परफेक्ट कपल' के तौर पर देखा जाता है। दोनों की शादी को 33 साल हो चुके हैं, लेकिन इसी बीच अर्चना ने खुलासा किया उनके और परमीत के बीच काफी लड़ाई होती है। शादी के सवाल पर अर्चना जोर देकर कहती हैं कि कोई भी शादी बिना उतार-चढ़ाव के नहीं होती। उन्होंने कहा, 'जो लोग सोचते हैं कि पति-पत्नी लड़ते नहीं हैं और उनके बीच केवल प्यार होता है, ऐसा नहीं है। हम बहुत लड़ते हैं। तू-तू, मैं-मैं होती है, लेकिन प्यार जो है, वो तू-तू, मैं-मैं को ठीक कर देती है। यही सबसे महत्वपूर्ण बात है। लोग कहते हैं अर्चना परमीत तुम एक परफेक्ट कपल हो, लेकिन कुछ भी परफेक्ट नहीं होता। हमें अपनी शादी में कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। और, इतने सालों से हमारी शादी कायम है, इसका मतलब है कि हमने कुछ सही किया है। लड़ो झगड़ों पर फिर से एक साथ हो जाओ।'



# अमिताभ को सामने देखते ही अक्षय ने छू लिए पैर...

**मुंबई।** महाराष्ट्र ठाणे में आयोजित इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग के दूसरे सीजन का फिनाले एक शानदार और सितारों से सजा आयोजन रहा। बॉलीवुड के दिग्गज एक्टर अमिताभ बच्चन, सुपरस्टार अक्षय कुमार और क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर की मौजूदगी ने इस आयोजन को और खास बना दिया। सोशल मीडिया पर इन सितारों की तस्वीरें और वीडियो तेजी से वायरल हो रहे हैं। एक वीडियो में अक्षय और अमिताभ बच्चन के बीच खास रिश्ता नजर आ रहा है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें अमिताभ बच्चन को सामने देखते ही अक्षय कुमार उनके पैर छूने लगते हैं। बाद में दोनों एक- दूसरे को गले लगाते हैं और बातचीत करते हुए आगे बढ़ जाते हैं। इस वीडियो को खूब प्यार मिल रहा है। एक्टर की तारीफ हो रही है।



अक्षय और अमिताभ वक्त, एक रिश्ता जैसी फिल्मों में पिता-बेटे के किरदार में नजर आए थे। अमिताभ बच्चन को वीआईपी स्टैंड में सचिन तेंदुलकर के साथ बातचीत करते हुए देखा गया, जहां वह मजी मुंबई टीम को सपोर्ट कर रहे थे।

# बेड पर लेटकर किया डायरेक्शन, बंद हुई शूटिंग तो हीरो ने किया बजट का जुगाड़

*नई दिल्ली। सुपरस्टार आमिर खान की 'लगान' इंडियन सिनेमा की सबसे यादगार फिल्मों में से एक है। इसका डायरेक्शन आशुतोष गोवारिकर ने किया था। रिलीज के बाद फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बड़ी सफल साबित हुई थी। आमिर खान की 'लगान' के लिए अपूर्व लखिया ने बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर काम किया था। हाल ही में उन्होंने इस फिल्म की शूटिंग के दौरान का किस्सा याद किया। उन्होंने बताया कि स्लिप डिस्क की समस्या की वजह से आशुतोष गोवारिकर ने बेड पर लेटकर 'लगान'का डायरेक्शन किया था। एक इंटरव्यू के दौरान अपूर्व लखिया ने फिल्म 'लगान' को लेकर खुलकर बात की। उन्होंने बताया, 'जब आमिर बोर हो जाते थे, तो वे गुजरात भर से शतरंज के चैंपियन्स को शूटिंग पर बुलाते थे और ब्रेक के दौरान उनके साथ खेलते थे। वहां चारों ओर ताश के खेल भी चलते रहते थे। लोगों को खुद का मनोरंजन करना ही पड़ता था, है ना?' अपूर्वा ने उस समय का भी जिक्र किया जब अशुतोष गोवारिकर स्लिप डिस्क की समस्या के कारण बेड पर लेटकर 'लगान' डायरेक्ट कर रहे थे।*

## रिलीज के बाद फिल्म ने जीते थे 8 नेशनल अवॉर्ड

***आशुतोष ने बेड पर लेट किया डायरेक्शन :*** उन्होंने कहा, 'अगर आप तस्वीरें देखेंगे, तो मैं आशुतोष गोवारिकर के बगल में बैठा था माइक के साथ। जो आशुतोष बोलते थे, उसे मैं माइक पर अनाउंस करता था। अशुतोष की मेडिकल इमरजेंसी के दौरान हम बड़े पैमाने पर शॉट्स ले रहे थे। चूंकि हम ऐसे सीन्स शूट नहीं कर रहे थे, जिनमें उन्हें जाकर सीधे एक्टर्स से बातचीत करनी पड़े। इसलिए हम उस मुश्किल से बच गए। लेकिन हां, इसमें हमारी योजना से थोड़ा ज्यादा समय लग गया।'



***220 दिनों का बढ़ गया था शूटिंग शेड्यूल :*** शूटिंग शेड्यूल के बारे में बात करते हुए अपूर्वा ने बताया कि 'लगान' जैसी फिल्म एक बार ही बनती है। उन्होंने कहा, 'हमने 80 दिनों का शेड्यूल बनाया था, लेकिन 300 दिनों तक शूटिंग चली। इसके कई कारण थे, जैसे बजट की समस्याएं भी शामिल थीं। दो दिन शूटिंग बंद हो गई थी। इस बीच आमिर ने फंड की व्यवस्था की। फिर सेट पर एक जानवर की मौत हो गई और मेनका गांधी की टीम शूटिंग रोकने के लिए आ गई। हमने बहुत ठंडे मौसम में शूटिंग शुरू की और बहुत गर्म मौसम में भी जारी रखी थी।'

***56 डिग्री तापमान में की थी गाने की शूटिंग:*** अपूर्व लखिया ने यह भी खुलासा किया कि आमिर और ग्रेसी सिंह के गाने 'ओ रे छोरी'को 56 डिग्री सेल्सियस तापमान में शूट किया गया था। उन्होंने कहा, 'हम केवल सुबह 6 बजे से 10 बजे तक और शाम 4.30 से 6.30 बजे तक शूट कर सकते थे।

## हिंदी पट्टी के दर्शक डबिंग आर्टिस्ट की मदद से साउथ की फिल्मों का उठाते हैं मजा

# एक्टर्स की हूबहू नकल करते हैं ये डबिंग आर्टिस्ट, लगते हैं असली

*नई दिल्ली। बॉलीवुड सिनेमा को इस वक्त साउथ की फिल्में जोरदार टक्कर दे रही हैं। पहले जहां हिंदी सिनेमा में साउथ की फिल्मों की कहानी को ज्यों का त्यों रीमेक कर दिया जाता था, वहीं अब हिंदी पट्टी के दर्शक डबिंग और मिमिक्री आर्टिस्ट की मदद से साउथ की फिल्मों का उसी फील और परफेक्शन के साथ मजा उठा पा रहे हैं। तो चलिए जानते हैं भारत के कुछ कमाल के डबिंग आर्टिस्ट के बारे में जो साउथ एक्टर्स की आवाज के लिए डबिंग तो करते ही हैं, लेकिन साथ ही साथ बॉलीवुड के तमाम कलाकारों की भी हूबहू नकल उतार देते हैं।*



**चेतन शशितल :** चेतन शशि डबिंग की दुनिया का जाना-माना नाम हैं। उन्हें लोग 'बिग सी' के नाम से भी जानते हैं। यह नाम भी चेतन को उनके डबिंग टैलेंट की वजह से मिला है। शशि अमिताभ बच्चन की हूबहू नकल उतार देते हैं कि फर्क करना मुश्किल हो जाता है। इसके अलावा वह अमरीश पुरी, धर्मेंद्र, दिलीप कुमार और शत्रुघ्न सिन्हा की भी हूबहू मिमिक्री कर देते हैं।



**राजेश खट्टर :** बॉलीवुड फिल्मों में बतौर एक्टर काम कर चुके ईशान खट्टर के पिता राजेश खट्टर डबिंग के भी एक्सपर्ट हैं। राजेश खट्टर ने कई हॉलीवुड एक्टर्स के लिए डबिंग की है और अमिताभ बच्चन की आवाज की हूबहू डबिंग करते हैं।



**शरद केलकर :** एक्टर शरद केलकर एक कमाल के एक्टर होने के साथ-साथ एक गजब के डबिंग आर्टिस्ट भी हैं। शरद केलकर ने देश की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक बाहुबली और बाहुबली-2 के लिए प्रभास के किरदार को आवाज दी है।



**मनोज पांडे :** डबिंग की दुनिया के बेताज बादशाह मनोज पांडे मनोज पांडे ने बाहुबली फिल्म सीरीज के किरदार भल्लालदेव को आवाज दी थी। इसके अलावा वो कई बॉलीवुड एक्टर्स की आवाज भी हूबहू मिमिक्री कर देते हैं।



**संकेत म्हात्रे :** डबिंग की दुनिया में संकेत म्हात्रे भी काफी मशहूर चेहरा हैं। संकेत नाना पाटेकर से लेकर संजय दत्त और अमिताभ बच्चन की हूबहू नकल तो करते ही हैं, लेकिन इन बॉलीवुड कलाकारों के साथ-साथ उन्होंने तमाम हॉलीवुड किरदारों के लिए भी अपनी आवाज दी है।

**समय राज ठक्कर :** साउथ के सुपरस्टार्स की आवाज डब करने के मामले में समय राज ठक्कर का नाम सबसे ऊपर आता है। समय रजनीकांत और कमल हासन जैसे एक्टर्स की आवाज हिंदी में डब करते हैं, लेकिन वो उनकी ऑरिजनल वाइस को भी हूबहू कॉपी कर देते हैं।





**निनात कामत :** मार्वल फिल्मों के अभी तक के सबसे बड़े विलेन थैनोस की आवाज हिंदी में डब करने वाले एक्टर निनाद कामत कई बॉलीवुड एक्टर्स की आवाज भी हूबहू कॉपी कर लेते हैं। निनाद ने अनिल कपूर से लेकर संजय दत्त और अमिताभ बच्चन तक की आवाज हूबहू कॉपी कर लेते हैं।

# मुख्यमंत्री से भेंट कर श्री टेक डेटा लिमिटेड के सीईओ ने प्रदेश में 9100 करोड़ के निवेश का दिया प्रस्ताव

## डेटा सेंटर, ग्रीन हाइड्रोजन, सौर ऊर्जा और ट्रांसमिशन सेक्टर में करेंगे निवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से शुक्रवार को श्री टेक डेटा लिमिटेड कंपनी के सीईओ विजय आनंद ने भेंट की। उन्होंने प्रदेश में डेटा सेंटर, ग्रीन हाइड्रोजन, सौर ऊर्जा और ट्रांसमिशन सेक्टर में निवेश की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत कर 9100 करोड़ रुपए के निवेश का प्रस्ताव दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से प्रदेश में उन्नत बुनियादी ढांचे और तकनीकी विस्तार पर चर्चा हुई।

श्री टेक डेटा लिमिटेड ने इंदौर में 4 हजार करोड़ रुपए की लागत से डेटा सेंटर स्थापित करने, बीना (सागर) में 3 हजार करोड़ रुपए की लागत से ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट विकसित करने, उज्जैन में 600 करोड़ रुपए के निवेश से सोलर पॉवर यूनिट स्थापित करने और उज्जैन में ही बिजली ट्रांसमिशन एवं वितरण अवसंरचना के लिए 1500 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव दिए। बैठक में जिला उद्योग केंद्र भोपाल के जीएम कैलाश मानेकर भी उपस्थित रहे।

### मध्यप्रदेश निवेशकों के लिए देश के सबसे अनुकूल स्थलों में से एक

**वैश्विक कंपनियां प्रदेश में निवेश के लिए आकर्षित हो रहीं**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र निवेशकों के लिए देश के सबसे अनुकूल स्थलों में से एक बन चुका है। मजबूत बुनियादी ढांचे, सुलभ नीतियों और अनुकूल औद्योगिक वातावरण होने से वैश्विक कंपनियां प्रदेश में निवेश के लिए आकर्षित हो रही हैं। श्री टेक डेटा लिमिटेड के सीईओ आनंद ने कहा कि यह निवेश प्रदेश में डिजिटल और हरित ऊर्जा क्रांति को गति देगा, जिससे अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे का विकास होगा और हजारों नए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। उन्होंने परियोजनाओं के शीघ्र कार्यान्वयन के लिए राज्य सरकार से नीति समर्थन, भूमि आवंटन और अन्य आवश्यक सहयोग का अनुरोध किया। श्री टेक डेटा लिमिटेड का यह निवेश मप्र के औद्योगिक और आर्थिक विकास को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इससे न केवल तकनीकी और ऊर्जा क्षेत्रों में प्रदेश अग्रणी राज्य बनेगा बल्कि स्थानीय युवाओं और स्टार्ट-अप्स को भी नए अवसर प्राप्त होंगे।

### वैश्विक स्तर पर नीति को प्रस्तुत करने जीआईएस होगा बड़ा मंच

## ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स नीति से निवेश और नवाचार का प्रारंभ होगा नया युग

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने मप्र ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) पॉलिसी 2025 लॉन्च की है, जो बहुराष्ट्रीय कंपनियों को आकर्षित करने और राज्य को एक डिजिटल एवं तकनीकी हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में बड़ा कदम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत और डिजिटल इंडिया विजन को गति देने में यह नीति एक मील का पत्थर साबित होगी। भोपाल में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025, इस नीति को वैश्विक स्तर पर प्रस्तुत करने का सबसे बड़ा मंच मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समिट का 24 फरवरी को शुभारंभ करेंगे, जिससे मप्र का निवेश परिदृश्य और भी मजबूत होगा। दुनिया भर के निवेशकों, उद्योगपतियों और नीति-निर्माताओं के समक्ष मुख्यमंत्री इस नीति को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करेंगे, जिससे जीसीसी के क्षेत्र में राज्य को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सके। इस समिट से जीसीसी के लिए बड़ी संख्या में निवेश प्रस्तावों की उम्मीद है, जिससे राज्य का आर्थिक परिदृश्य बदल जाएगा।




**जीसीसी : वैश्विक कारोबार का नया केंद्र**

ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स वे केन्द्र हैं, जिन्हें अंतरराष्ट्रीय कंपनियां अपने मुख्यालय से अलग अन्य देशों में स्थापित करती हैं। इनका उद्देश्य वैश्विक स्तर पर अपने ऑपरेशंस को सुचारू रूप से चलाना और अत्याधुनिक तकनीकों का लाभ उठाना होता है। इन केन्द्रों में सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्लाउड कंप्यूटिंग, डेटा एनालिटिक्स, वित्तीय सेवाएं, अनुसंधान एवं विकास, सप्लाई चेन मैनेजमेंट और ग्राहक सहायता जैसी सेवाएं दी जाती हैं।

**3 वर्ष में आईटी, आईटीईएस निर्यात में तीन गुना वृद्धि**

*मप्र में जीसीसी के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध है। पिछले तीन वर्षों में राज्य के आईटी, आईटीईएस निर्यात में तीन गुना वृद्धि हुई है और वार्षिक वृद्धि दर 43 प्रतिशत है। इंदौर, भोपाल और जबलपुर जैसे शहर तेजी से आईटी और ईएसडीएम हब के रूप में विकसित हो रहे हैं। राज्य में 300 से अधिक इंजीनियरिंग कॉलेज हैं, जहां से हर साल 50 हजार से अधिक टेक्नोलॉजी ग्रेजुएट निकलते हैं। निवेशकों के लिए किफायती बिजनेस ऑपरेशन, अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी पार्क, विशेष आर्थिक क्षेत्र (सेज) और सरल नियामकीय प्रक्रियाएं इस नीति को और अधिक प्रभावी बना रही हैं। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस रैंकिंग में मप्र चौथे स्थान पर है, जो यह साबित करता है कि राज्य में निवेशकों के लिए एक अनुकूल माहौल मौजूद है।*

### सीएम डॉ. यादव ने कहा, जल ही जीवन और जीवन की उत्पत्ति का है मूल स्त्रोत

# देशों, संस्कृतियों में शांति-सौहार्द्र स्थापित करेगा वसुधैव कुटुंबकम् का संदेश:सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बाबा श्री महाकाल की नगरी, भारत एवं विश्व का एक प्रमुख आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र उज्जैन, यूनाइटेड कॉन्शसनेस ग्लोबल कॉन्क्लेव-2025 आयोजन की मेजबानी कर रहा है। यह भूमि वेदों, पुराणों और योग परंपरा से समृद्ध रही है, और आज हम सभी यहां इसी परंपरा को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने के लिए एकत्रित हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि यह दौर युद्ध का नहीं, शांति का है।

**भारत की प्राचीन संस्कृति, योग और अध्यात्म को मिला वैश्विक मंच**

उनका यह विचार आज के समय की सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता को इंगित करता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह बात कालिदास अकादमी उज्जैन में आयोजित यूनाइटेड कॉन्शसनेस कॉनक्लेव- 2025 में संबोधित करते हुए कही। इस मंच पर 21 से अधिक देशों के विद्वान, संत, मनीषी, आध्यात्मिक शिक्षक, कोच और विचारक एकत्रित हुए हैं, जो इस विषय पर अपने विचार साझा कर रहे है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यह युग संभवतः सबसे अधिक चुनौतीपूर्ण रहा है, जहां युद्ध, गृहयुद्ध, आतंकवाद और आपसी वैमनस्यता ने विश्व को तनावग्रस्त बना दिया है। हमें विचार करना होगा कि हम अपनी आने वाली पीढ़ियों को कैसी दुनिया सौंप रहे हैं- एक विभाजित, हिंसा-ग्रस्त समाज या शांति, समरसता और आध्यात्मिक चेतना से ओत-प्रोत एक संसार? यूनाइटेड कॉन्शसनेस ग्लोबल कॉन्क्लेव एकात्म चेतना के माध्यम से शांति की संस्कृति की स्थापना होगी।

**मुख्यमंत्री यूनाइटेड कॉन्शसनेस ग्लोबल कॉन्क्लेव-2025 में हुए सम्मिलित**



**शिविर में 21 से अधिक देशों के डेलिगेट्स रहे मौजूद**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन की इस पवित्र भूमि पर एकात्मक चिंतन के इस शिविर में 21 से अधिक देशों के डेलिगेट्स यहां आए हैं। यहां पर भी सनातन परंपरा के चिंतन को लेकर विचार विमर्श किया जा रहा है। उज्जैन में वैचारिक महाकुंभ का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि यह कॉन्क्लेव केवल संवाद या चर्चा का मंच नहीं है, बल्कि यह गहन विमर्श का एक केंद्र बनेगा, जिससे न केवल ज्ञान का विस्तार होगा, बल्कि मानवता के कल्याण का मार्ग भी प्रशस्त होगा। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारतीय जीवन मूल्यों का 'वसुधैव कुटुंबकम' का संदेश विभिन्न देशों और संस्कृतियों के मध्य शांति और सौहार्द को स्थापित करेगा। भारत भूमि योग, ध्यान, वेदांत और धर्म के माध्यम से शांति, सहिष्णुता और सह-अस्तित्व का संदेश देती रही है।



**जल विश्व को सनातन संस्कृति की परंपरा अनुसार एक सूत्र में पिरोता है**

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पंचमहाभूत से बना है हमारा शरीर। प्रकृति में जो पांच तत्व मौजूद हैं, वही हमारे शरीर में भी विद्यमान है। इस सृष्टि मे जीवन की उत्पति सर्वप्रथम जल में ही हुई थी, इसीलिए जल के प्रति हम सब जीवों में एक स्वाभाविक सी ललक रहती है। जल हमें सुकून देता है। स्नान से हमें मानसिक शांति प्राप्त होती है साथ ही शरीर में स्फूर्ति का संचार होता है। जल स्रोत नदी, समुद्र, तालाब जैसे हमें शुरू से ही आकर्षित करते आ रहे हैं। आज कार्यक्रम में संसार के विभिन्न जल स्रोतों से जल प्राप्त हुआ है। जल विश्व को सनातन संस्कृति की परंपरा अनुसार एक सूत्र में पिरोता है।*

### चुनाव के लिए लगाई गई थी ड्यूटी, कलेक्टर ने मांगा जवाब

# बिना सूचना अनुपस्थित रहने वाले 276 कर्मचारियों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भाटापारा

कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी ने मतदान दलों के प्रशिक्षण से बिना सूचना के अनुपस्थित रहने वाले 276 कर्मचारियों को नोटिस जारी किया है। नोटिस मिलने के बाद 24 घंटे के अंदर जवाब देना होगा।

मिली जानकारी के अनुसार, त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए मतदान दल में ड्यूटी लगाई गई। कर्मचारियों का द्वितीय प्रशिक्षण विकासखंड मुख्यालयों में 13-14 फरवरी 2025 को आयोजित किया गया था। विकासखंड बलौदाबाजार में 15, भाटापारा में 29, सिमगा में 106, कसडोल में 56, विकासखंड पलारी में 70 कर्मचारी प्रशिक्षण से अनुपस्थित थे। जारी आदेश में कहा गया है कि निर्वाचन जैसे संवेदनशील और अति महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही बरतना छतीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम- छतीसगढ़ पंचायत निर्वाचन नियम 1995 नियम 17(2)(3) के अनुसार कार्यवाही योग्य है। उक्त कृत्य के लिए क्यों न अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जाए।



### शादी कार्यक्रम से लौटकर घर जा रहा था युवक

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों ने इसकी सूचना कोटा पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। मिली जानकारी के अनुसार, युवक का नाम 22 वर्षीय मनोज बैगा पिता बिसराम बैगा था।




वह ग्राम शिवलखार का रहने वाला था। वह वर्तमान में अपने ससुराल ग्राम नेवसा में रह रहा था। बताया जा रहा है कि, 15 फरवरी की रात 9 बजे एक शादी कार्यक्रम के लिए घर से निकला था तभी गांव नेवसा के बंधवा पारा मेन रोड के पास एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मारकर फरार हो गया। इस हादसे में उनकी मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने बताया कि, मनोज की घटना स्थल पर ही मौत हो गई थी। रात को ही कोटा पुलिस को परिजनों ने घटना की सूचना दे दी थी जिसके बाद मृतक के शव को मरचुरी में रखा गया था। रविवार की सुबह मृतक का पोस्टमार्टम कराकर शव को परिजनों को सौप दिया गया। फिलहाल पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गई है।

### विशेष रूप से तैयार रथों का पूजन-अर्चन कर रवाना किया

# मंत्री सारंग ने नरेला में घर-घर किया महाकुंभ से लाए गंगाजल का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने अनूठी पहल की है। उन्होंने शनिवार को नरेला क्षेत्र में प्रयागराज महाकुंभ से लाए गए पवित्र गंगाजल के वितरण का शुभारंभ किया। मुख्य कार्यक्रम अशोका गार्डन स्थित नर्मदा परिक्रमा पार्क से प्रारंभ हुआ, जहां मंत्री सारंग ने गंगाजल वितरण के लिए विशेष रूप से तैयार रथों का पूजन-अर्चन कर रवाना किया।

मंत्री सारंग वार्ड 69 के अशोका गार्डन, वार्ड 37 में द्वारका नगर एवं वार्ड 76 में पहुंचे और नागरिकों के घर-घर जाकर पवित्र गंगाजल वितरित किया। इस अभियान के अंतर्गत नरेला विधानसभा के सभी 17 वार्डों में घर-घर गंगाजल वितरण किया गया, ताकि जो श्रद्धालु प्रयागराज महाकुंभ नहीं जा सके, वे भी इस पवित्र जल का लाभ उठा सकें।



### ईसीआईआर दर्ज करेगी ईडी, पूर्व बिना सूचना गिरफ्तारी भी होगी

# ईडी की पूछताछ में सौरभ ने भ्रष्टाचार के खेल में साथ देने वालों के गिनाए नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ईडी सौरभ शर्मा उसके सहयोगी चेतन और पार्टनर शरद से लगातार मनी लॉन्ड्रिंग केस में पूछताछ कर रही है। शनिवार को पूछताछ में सौरभ ने अफसर के समक्ष कई खुलासे किए हैं। ईएसआईआर दर्ज करेगी ईडी, बिना पूर्व सूचना या नोटिस के गिरफ्तारी भी होगी

उसने छापे में मिली डायरी में दर्ज कई नाम की पुष्टि की है, जो उसका साथ दे रहे थे। वह मनी लॉन्ड्रिंग के जरिए भ्रष्टाचार की रकम को प्रॉपर्टी और गोल्ड में इन्वेस्ट करवाते थे। इसके अलावा सौरभ ने ग्वालियर के कारोबारी सहित 4 रिश्तेदारों के नाम भी गिनाए हैं, जिनके संरक्षण में वह काली कमाई खपा रहा था। डायरी में दर्ज परिवहन विभाग के तत्कालीन अफसर और ज्वेलर्स पर भी शिकंजा कसने की तैयारी है। ईडी ने सौरभ द्वारा बताए गए नामों का खुलासा तो नहीं किया है, लेकिन इन सभी को सह आरोपी बनाया जाएगा। ईडी इनसे पूछताछ के लिए नोटिस जारी कर रही है। कई लोगों को नोटिस जारी भी हो चुके हैं।

**रिमांड बढ़ाने की मांग**

*सौरभ, चेतन और शरद की सोमवार को रिमांड पूरी हो जाएगी। इसलिए इनको कोर्ट में प्रस्तुत करते ही ईडी रिमांड बढ़ाने का आवेदन लगा सकती है, क्योंकि केस से जुड़ी कई जानकारी को वेरीफाई किया जाना है। इनोवा का ड्राइवर भी ईडी के टारगेट में है। बताया जा रहा है कि ईडी को उसका सुराग लग गया है। जल्द ही वह गिरफ्त में होगा।*

# कई चुनौतियों के बीच आसान हुई पहाड़ों पर औषधीय खेती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

पहाड़ों से सेहत और परंपरा का संगम प्रकृति के खजाने से भरे पारंपरिक और जैविक खेती से तैयार उत्पादों को दुनिया तक पहुंचाने का जिम्मा उठाया है अद्रिभु पहाड़ी एडिबल्स ने। यह न सिर्फ सेहतमंद खाद्य उत्पाद उपलब्ध करा रहा है, बल्कि पहाड़ों की पारंपरिक खेती को भी संरक्षित कर रहा है।

इनमें हिमालयी भांग के बीज का तेल, हल्दी, जख्या , बिच्छू घास और अन्य प्राकृतिक उत्पाद शामिल हैं, जो औषधीय गुणों से भरपूर हैं। पहाड़ी खेती की चुनौतियां और परंपरा पहाड़ों में खेती आसान नहीं होती। यहां की ज़मीन उबड़-खाबड़ होने से आधुनिक कृषि उपकरणों का उपयोग कठिन होता है। खाद, पानी और कटाई से लेकर भंडारण तक हर काम पारंपरिक तरीकों से किया जाता है। यहां पलायन और जंगली जानवरों से फसलों को होने वाले नुकसान जैसी चुनौतियां भी बनी हुई हैं। बावजूद इसके, पहाड़ी खेती के ये अनमोल उपहार आज भी अपनी शुद्धता और गुणों के कारण अद्वितीय हैं। बिच्छू घास पहाड़ी जड़ी-बूटी एंटीऑक्सिडेंट, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-माइक्रोबियल गुणों से भरपूर है।

### दिल्ली की घटना के बाद रखी जाएगी हर गतिविधि पर नजर

# रायपुर सहित सभी रेलवे स्टेशनों पर अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ के बाद छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर और प्रदेश के प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर अलर्ट जारी कर दिया गया है। रेलवे प्रशासन ने आरपीएफ (रेलवे सुरक्षा बल) और जीआरपी (राजकीय रेलवे पुलिस) को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं।

प्रयागराज जाने वाली सभी रूटीन और कुंभ स्पेशल ट्रेनों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। यात्रियों की बड़ी भीड़ को देखते हुए रात 9 बजे से 12 बजे तक विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं।





रेलवे स्टेशन पर अतिरिक्त पुलिस बल और मेडिकल टीम तैनात किया गया है। भीड़ नियंत्रण के लिए सीसीटीवी कैमरों के जरिए निगरानी बढ़ाई गई है। इसके अलावा आपातकालीन योजना भी तैयार किया गया है।

**संदिग्धों पर रखें विशेष नजर**

*आरपीएफ और जीआरपी को निर्देश मिले हैं कि, वे स्टेशन और प्लेटफॉर्म पर भीड़ नियंत्रित रखें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखें। ट्रैफिक मैनेजमेंट और यात्री सहायता केंद्रों को भी सक्रिय कर दिया गया है। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि, वे अफवाहों पर ध्यान न दें। धैर्य बनाए रखें और निर्देशों का पालन करें। भीड़भाड़ वाले इलाकों पर सतर्क रहें और किसी भी तरह की असुविधा हो तो रेलवे हेल्पडेस्क या सुरक्षाकर्मियों से बात करें।*

### बीजेपी ने नगर निगम सीट पर दर्ज की ऐतिहासिक जीत

# चाय वाला बनेगा रायगढ़ का प्रथम नागरिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

बीजेपी ने छत्तीसगढ़ की रायगढ़ नगर निगम सीट पर जीत हासिल कर ली है। यहां पर पहली बार एक ऐतिहासिक रिकॉर्ड बना है। शहर में पहली बार चाय वाला एक आम आदमी शहर का प्रथम नागरिक बनने जा रहा है। जी हां चाय वाला रायगढ़ का मेयर बनेगा। बीजेपी के मेयर उम्मीदवार जीवर्धन सिंह चौहान ने रिकॉर्ड मतों से विजयश्री हासिल की है।

**सीएम साय पहुंचे थे दुकान, बनाई थी अपने हाथों से चाय**

वे पिछले 29 साल से बीजेपी कार्यकर्ता हैं। चाय बेचकर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। जीवर्धन सिंह चौहान रायगढ़ शहर में चाय की दुकान चलाते हैं। नगरीय निकाय चुनाव प्रचार के दौरान प्रदेश के मुखिया सीएम विष्णुदेव साय उनकी दुकान में गये थे। उन्होंने वहां पर अपने हाथों से चाय बनाई थी। उसके पहले छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने भी उनकी दुकान में चाय बनाई थी। मंत्री ओपी चौधरी ने उन्हें जिताने के लिये पूरी ताकत लगा दी थी। क्योंकि कहीं न कहीं उनकी प्रतिष्ठा भी दांव पर लगी हुई थी। बीजेपी के महापौर प्रत्याशी जीवर्धन सिंह ने कांग्रेस की जानकी काटजू को हराया है। उन्होंने 33 हजार से ज्यादा वोटों से जीत हासिल की है। रायगढ़ में कांग्रेस उम्मीदवार को 21946 वोट मिले हैं। यहां पर नोटा में 954 वोट मिले हैं। चौहान को बीजेपी ने मेयर उम्मीदवार बनाया था।



## चिंतन

# वस्त्र क्षेत्र की उन्नति के लिए नई नीति और निवेश जरूरी

कृषि के बाद टेक्सटाइल सेक्टर सबसे अधिक रोजगार सृजन वाला क्षेत्र है। चीन के बाद भारत दूसरा टेक्सटाइल उत्पादक देश है, लेकिन हाल के वर्षों में इस लेबर ओरिएंटेड उद्योग को बांग्लादेश, फिलिपींस जैसे छोटे देशों से वैश्विक बाजार में चुनौती मिली है। 'भारत टेक्स' जैसे आयोजन भारतीय टेक्सटाइल उद्योग क्षेत्र के अवलोकन का अवसर देते हैं। राष्ट्रीय राजधानी स्थित भारत मंडपम में भारत टेक्स के आयोजन से भारतीय कपड़ा उद्योग को वैश्विक निर्माण, तकनीक से लेकर बाजार तक के बारे में विस्तार का अवसर मिलता है। इसमें 120 से अधिक देश भाग ले रहे हैं। भारत दुनिया का छठा सबसे बड़ा टेक्सटाइटल और अपैरल्स निर्यातक है। हमारा टेक्सटाइटल निर्यात 3 लाख करोड़ तक पहुंच चुका है। इसे 2030 तक 9 लाख करोड़ पहुंचाने का लक्ष्य है। भारत की मैन्यूफैक्चरिंग में टेक्सटाइल सेक्टर 11 फीसदी का योगदान दे रहा है। सरकार ने वर्ष 2015 में कपड़ा उद्योग के प्रौद्योगिकी उन्नयन हेतु 'संशोधित प्रौद्योगिकी उन्नयन कोष योजना' को मंजूरी दी थी। एकीकृत वस्त्र पार्क योजना कपड़ा इकाइयों की स्थापना के लिए विश्व स्तरीय बुनियादी सुविधाओं के निर्माण हेतु सहायता प्रदान करती है। वस्त्र क्षेत्र में कुशल श्रमिकों की कमी को दूर करने के लिए समर्थ योजना की शुरुआत की गई। पूर्वोत्तर क्षेत्र वस्त्र संवर्द्धन योजना शुरू की गई है। पावरलूम टेक्सटाइल में नए अनुसंधान और विकास, नए बाज़ार, ब्रांडिंग, सब्सिडी और श्रमिकों हेतु पावर-टेक्स इंडिया योजना है। रेशम समग्र योजना व जूट आईकेयर योजना हैं। तकनीकी वस्त्रों के निर्माण का बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन शुरू किया गया है। हाल में भारत ने मेक इन इंडिया, ब्रांड इंडिया, खादी ब्रांड आदि की पहल की है। आम बजट 2025-26 में कपास की लंबे रेशे वाली किस्मों की उत्पादकता बढ़ाने के लिए 500 करोड़ रुपये के आवंटन के साथ पांच वर्षीय कपास मिशन की घोषणा की गई है। भारत उच्च गुणवत्ता वाले कार्बन फाइबर के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इनसे टेक्सटाइल क्षेत्र को मदद मिलेगी, हालांकि भारतीय टेक्सटाइटल सेक्टर कई समस्याओं से भी जूझ रहा है। भारतीय टेक्सटाइल उद्योग में असंगठित क्षेत्र तथा छोटे एवं मध्यम उद्योगों का प्रभुत्व देखने को मिलता है। तकनीकी अपग्रेडेशन की रफ्तार बहुत धीमी है। जीएसटी भारतीय वस्त्र उद्योग को वैश्विक बाजार में महंगा व अप्रतिस्पर्द्धी बनाता है। भारत में परिधान इकाइयों का औसत आकार 100 मशीनों का है, जो बांग्लादेश की तुलना में बहुत कम है, जहां प्रति कारखाना औसतन कम-से-कम 500 मशीनें हैं। टेक्सटाइल सेक्टर को कर्ज मिलने में बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, जबकि यह रोजगार सृजन वाला क्षेत्र है। इन चुनौतियों के चलते विदेशी निवेशक वस्त्र उद्योग में निवेश करने के बारे में बहुत उत्साहित नहीं हैं, इसलिए इस क्षेत्र में एफडीआई की कमी है। इसके अलावा तकनीकी वस्त्र निर्माण में हम 5वें स्थान पर होते हुए भी बहुत पीछे हैं। ऑटोमोबाइल, सिविल इंजीनियरिंग और निर्माण, कृषि, स्वास्थ्य देखभाल, औद्योगिक सुरक्षा, व्यक्तिगत सुरक्षा आदि सहित विभिन्न उद्योगों में प्रयोग होने वाले तकनीकी वस्त्र के निर्माण को बढ़ावा देने की जरूरत है। भारत को वस्त्र क्षेत्र के समग्र विकास हेतु मिशन मोड में एक व्यापक खाका तैयार करने की आवश्यकता है। सरकार को सेबी, इरडा, ट्राई आदि की तरह कपड़ा क्षेत्र के लिए भी एक नियामक बनाना चाहिए और उद्योग को नीतिगत बाधाओं से मुक्त करना चाहिए।



रेवड़ी कल्चर
प्रमोद भार्गव

# 'फ्रीबिज' पर सुप्रीम चिंता जायज

> देश की सबसे बड़ी अदालत ने सरकार की मुफ्त रेवड़ियों पर आश्रित लोगों और सरकार पर कटाक्षपूर्ण टिप्पणी की है। अदालत ने चुनाव से पहले राजनीतिक दलों द्वारा नगद धनराशि एवं नि:शुल्क सुविधाएं देने के वादों पर कहा है कि राष्ट्रीय विकास के लिए लोगों को मुख्य धारा में लाने की बजाय, क्या हम परजीवियों का एक वर्ग नहीं बना रहे? ये लोग मुफ्त राशन और धन मिलने से काम करने को तैयार नहीं हैं। अदालत ने यह टिप्पणी शहरी इलाकों में बेघर लोगों के आश्रय के अधिकार से जुड़ी मांग पर सुनवाई के दौरान की है। अदालत की इस चिंता को राष्ट्रीय हित के परिप्रेक्ष्य में वाजिब कहा जा सकता है, क्योंकि इससे ऐसे लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

जीव-विज्ञान की भाषा में परजीवी ऐसे जीवाणु या कीटाणु होते हैं, जो किसी दूसरे जीव के अंदर रहकर उससे भोजन प्राप्त करते हैं। देश की सबसे बड़ी अदालत ने सरकार की मुफ्त रेवड़ियों पर आश्रित ऐसे ही लोगों और सरकार पर कटाक्षपूर्ण टिप्पणी की है। अदालत ने चुनाव से पहले राजनीतिक दलों द्वारा नगद धनराशि एवं निःशुल्क सुविधाएं देने के वादों पर कहा है कि राष्ट्रीय विकास के लिए लोगों को मुख्य धारा में लाने की बजाय, क्या हम परजीवियों का एक वर्ग नहीं बना रहे? ये लोग मुफ्त राशन और धन मिलने से काम करने को तैयार नहीं हैं। अदालत ने यह टिप्पणी शहरी इलाकों में बेघर लोगों के आश्रय के अधिकार से जुड़ी मांग पर सुनवाई के दौरान की है। अदालत की इस चिंता को राष्ट्रीय हित के परिप्रेक्ष्य में वाजिब कहा जा सकता है। क्योंकि मुफ्त राशन और धन मिलने से लोग आलसी और निकम्मे तो हो ही रहे हैं, इनकी संख्या भी लगातार बढ़ रही है। भारत सरकार 81 करोड़ से भी ज्यादा लोगों को मुफ्त राशन तो दे ही रही है, राज्य सरकारें चुनाव के ठीक पहले लाडली बहनों को प्रतिमाह 1250 से लेकर 3000 रुपये तक नगदी का लालच देकर मतदाता को लुभा रही हैं। नतीजतन मतदाताओं का एक बड़ा वर्ग मुफ्त की रेवड़ियों के लालच में मतदान करने लगा है। यह स्थिति संवैधानिक लोकतंत्र के लिए उचित नहीं है।

निर्वाचन लोक-पर्व के अवसर पर मुफ्त में तोहफे बांटे जाने की घोषणाएं सभी राजनीतिक दल बढ़-चढ़कर करते रहे हैं। हालांकि निर्वाचन के बाद ज्यादातर वादे फरेब साबित होते हैं। बावजूद मतदाता को इस प्रलोभन में लुभाकर राजनीतिक दल और प्रत्याशी अपना स्वार्थ साधने में सफल हो जाते हैं। परंतु अब सर्वोच्च न्यायालय ने चुनावी रेवड़ियां बांटे जाने पर गंभीर चिंता जताई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मुफ्त के इन उपहारों पर लगातार चिंता जताते रहे हैं। परंतु भाजपा भी चुनावों में रेवड़ियां बांटने के वादों से पीछे नहीं रही। लोकसभा चुनाव के बाद हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली विधानसभा के चुनाव में भाजपा की जीत के कारणों में इन वादों की भी अहम भूमिका रही है।

भाजपा नेता एवं अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय ने भी मुफ्त के वादों पर रोक के लिए न्यायालय में याचिकाएं लगाई हुई हैं। उन्होंने ऐसे दलों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है। इन वादों पर रोक इसलिए जरूरी है, क्योंकि इन लोक-लुभावन वादों के दो तरह के प्रभाव देखने में आते हैं। एक तो ये मतदाताओं के निष्पक्ष निर्णय को प्रभावित करते हैं और दूसरे, इन्हें पूरा करने के लिए अर्थव्यवस्था पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि अब चुनाव नीतियों और कार्यक्रम की बजाय प्रलोभनों का फंडा उछालकर लड़े जाने लगे हैं। अपना उल्लू सीधा करने के लिए मतदाता को बरगलाना आदर्श चुनाव संहिता को ठेंगा दिखाने जैसा है। सही मायनों में वादों की घूस से निर्वाचन प्रक्रिया प्रदूषित होती है, इसलिए इस घूसखोरी को आदर्श आचार संहिता के दायरे में लाना जरूरी है। अफलातूनी वादों के उलट हकीकत में अब ज्यादा जरूरत शासन-प्रशासन को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने की है। यह वादा ज्यादातर राजनीतिक दलों के घोषणा-पत्र से हमेशा गायब रहा है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी एक समय जरूर भ्रष्टाचार



मुक्त सरकार देने की राह पर चली थी, लेकिन अपने तीसरे कार्यकाल में शराब नीति में घोटाले और शीशमहल जैसे राजसी वैभव में डूब गई। आप ने बिजली दरें 50 फीसदी कम करने और हर परिवार को रोजाना 700 लीटर पानी मुफ्त मुहैया कराने के बुनियादी वादों के साथ चुनाव लड़ा और जीता भी, लेकिन सरकार की अर्थव्यवस्था चौपट हो गई। तमिलनाडू की मुख्यमंत्री रहीं जयललिता ने तो चुनावी वादों का इतना बड़ा पिटारा खोल दिया था कि यह मामला जनहित याचिका के जरिए सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंच गया था। इस याचिका में अन्नाद्रमुक की चुनावी घोषणा को भ्रष्ट आचरण मानते हुए असंवैधानिक ठहराने की मांग की गई थी, लेकिन न्यायालय ने याचिका खारिज कर दी थी। उस समय न्यायालय ने दलील दी थी कि घोषणा-पत्रों में दर्ज प्रलोभनों को भ्रष्ट आचरण नहीं माना जा सकता है। न्यायालय ने लाचारगी प्रकट करते हुए कहा था कि इस तरह के मामलों में हस्तक्षेप करना उसके अधिकार क्षेत्र में नहीं आता। लिहाजा इस मसले पर विचार कर कारगर निर्णय लेने का कोई कदम विधायिका ही उठा सकती है। अलबत्ता अदालत ने निर्वाचन आयोग को जरूर निर्देश दिया था कि वह चुनावी घोषणा-पत्रों को मर्यादित करने की दृष्टि से अतिवादी व लोक-लुभावन घोषणाओं को रेखांकित करे, जिससे आदर्श चुनाव संहिता का पालन हो सके। इस परिप्रेक्ष्य में दुविधा यह है कि राजनीतिक दलों पर आयोग का अनुशासनात्मक नियंत्रण निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के बाद होता है, जबकि ज्यादातर घोषणा-पत्र इस अधिसूचना के पहले जारी हो जाते हैं और कई वादे तो नेता चुनावी आमसभाओं में आचार संहिता का मखौल उड़ाते हुए भी कर डालते हैं। विडंबना है कि आदर्श निर्वाचन संहिता के तहत न तो कोई दंडात्मक कानून है और न ही इसकी संहिताओं में वैध-अवैध की अवधारणाएं परिभाषित हैं। आयोग यदि संहिता को लागू कर पाता है तो इसलिए कि राजनीतिक दल उसका सहयोग करते हैं और जनमत की भावना आयोग के पक्ष में होती है। तय है दल यदि आयोग के साथ असहयोग करने लग जाए तो आयोग हाथ पर हाथ धरे बैठा रह जाएगा। वैसे भी आयोग की जवाबदेही स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने की है, न कि दलों के चुनावी मुद्दे तय करने की? बावजूद आयोग मामले संज्ञान में लेता है और उम्मीदवार को चेतावनी भी देता रहता है। लेकिन उम्मीदवार जानते हैं कि उनकी उम्मीदवारी को तत्काल खारिज करने का कोई अधिकार आयोग के पास नहीं है, इसलिए वे बेपरवाह रहते हैं। इन विरोधाभासी हालातों से शीर्ष न्यायालय परिचित है।प्रलोभन के जिन वादों के मार्फत मतदाता को बरगलाकर दल सत्ता के अधिकारी हुए हैं, उन वादों को घोषणा-पत्र में नहीं रखने का कानून बनाकर अपने ही हाथों से, अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी मारने की गलती क्यों करेंगे? यहां सवाल यह भी उठता है कि दल जो घोषणाएं करते हैं उनका लाभ वर्ग-भेद के बिना जरूरतमंदों को मिलता है।

जातीय अथवा अल्पसंख्यक के आधार पर आरक्षण की घोषणा की जाती है तो इस स्थिति को जातीय अथवा सांप्रदायिक भेद की स्थिति माना जा सकता है! 81 करोड़ लोगों को सस्ता अनाज देने की सुविधा को भरे पेट वाले लोग सरकारी धन का दुरुपयोग मानते हैं। जबकि एक कल्याणकारी राज्य के वंचित तबके के लिए ये सुविधाएं अनिवार्य जरूरत भी हैं। अलबत्ता यह तथ्य जरूर सही है कि प्रलोभन मतदाता की नीयत को प्रभावित करता है और वह व्यापक सामाजिक हित की बजाय व्यक्तिगत हित को ध्यान में रखकर निर्णय लेने को विवश हो जाता है। जाहिर है, यह एक गंभीर मसला है और न्यायालय इस मुद्दे पर आगे बढ़ रही है तो उम्मीद की जानी चाहिए कि कोई ऐसा हल जरूर निकले, जो सर्वमान्य होने के साथ लोक कल्याणकारी भी साबित होगा।

*(लेखक वरिष्ठ साहित्यकार एवं पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।*
*लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।*

डार्क कॉमेडी
प्रो. मनीषा शर्मा



# 'न्यू नॉर्मल' के नाम पर सहज होना चिंता का सबब

मशहूर यूट्यूबर और पॉडकास्टर, सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर रणबीर इलाहाबादिया को अपने विवादित टिप्पणी के लिए लगातार आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। उनका समय रैना के शो में कहा गया एक सवाल सोशल मीडिया पर काफी तेजी से वायरल हुआ। इंडियाज गॉट लेटेंट शो में प्रतिभागियों से उपस्थित जज सवाल-जवाब करते हैं जो कॉमेडी पर बेस्ड होता है। इस शो में रणबीर ने पेरेंट्स रिलेशन पर विवादित सवाल पूछा था। इस प्रश्न के बाद लोग उनकी आलोचना कर रहे हैं। निलेश मिश्रा गीतकार ने कहा कि इन लोगों में जिम्मेदारी की कोई भावना नहीं है। इस विवाद के बाद से रणबीर गायब हो गए। पर कल उन्होंने एक पोस्ट द्वारा इस प्रश्न के लिए माफी मांगी। उन्होंने स्वीकार किया कि माता-पिता के बारे में मेरी टिप्पणी असंवेदनशील और अनादरपूर्ण थी। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर, सृजनात्मक अभिव्यक्ति के नाम पर कुछ भी कह कर या माफी मांग कर बच निकलना वर्तमान में लोगों का प्रिय शगल हो गया है। इसके पूर्व महाराष्ट्र के साइबर विभाग ने संज्ञान लेकर इंडिया गॉट लेटेंट के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। राष्ट्रीय महिला आयोग ने समन जारी कर रणवीर और समय रैना को कोर्ट में पेश होने को कहा है। शिवसेना के सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने भी संसद की आईटी कमेटी से शिकायत कर इस मामले में एक्शन लेने की मांग की है। बता दें कि इस शो में ज्यादातर बोल्ड कॉमेडी कंटेंट होता है। इसमें रणबीर ने पेरेंट्स के निजी अंतरंग संबंधों पर अश्लील और अनावश्यक सवाल पूछा। इस पर विवाद शुरू हो गया और अनेक जगहों पर लोगों ने इस पर एफआईआर दर्ज कराई। रणवीर का यह विवादित एपिसोड बताता है कि वर्तमान में कॉमेडी के नाम पर जो पेश किया जा रहा है वह किसी भी तरह से हमारी संस्कृति और नैतिकता के अनुरूप नहीं है। माता-पिता के अंतरंग संबंधों के बारे में इस तरह के भद्दी टिप्पणी करना कॉमेडी नहीं है। डार्क ह्यूमर के नाम पर जो कुछ कहा जा रहा है वह कहीं ना कहीं हमारी संस्कृति और युवा पीढ़ी को भ्रष्ट कर रहा है। सोशल मीडिया के आने के बाद हमारे समाज में जिस तरह से खुलापन आया है, वह चौंकाने वाला है। शो में भी बैठे युवा जज जिस तरह हंस रहे थे, वह बता रहा था कि इस पीढ़ी के लिए शालीनता, संस्कार के मायने कुछ नहीं बचे। मैंने कुछ युवाओं से बात की, उन्होंने इसे सामान्य कहा कि उस शो का कॉन्सेप्ट ही ऐसा है। ये शो हम सभी का पसंदीदा है, हमें स्ट्रेस फ्री करता है। दो-चार ने ही स्वीकारा कि ये ज्यादा हो गया। तो देख लीजिए कि न्यू नॉर्मल के नाम पर युवा पीढ़ी किस प्रकार इन्हें सपोर्ट कर रही है। जो भी रील इन प्लेटफार्म पर डाली जाती है या जो वीडियो होते हैं उसमें ज्यादातर अश्लील सामग्री ही होती है। यह बनाने वाले की न कोई पहचान होती है न ही उनसे इस तरह की नैतिकता की बात की जाती है। क्योंकि रणबीर को पीएम मोदी ने 2024 में क्रिएटर अवार्ड से सम्मानित किया था और वे इनफ्लुएंसर हैं तो उन्हें इस बात का भी ध्यान रखना था। इनफ्लुएंसर का अर्थ होता है प्रेरणा देने वाला। अब आप ही देखें कि युवा पीढ़ी क्या और कैसे प्रेरित हो रही है। कॉमेडी के नाम पर अश्लीलता, भद्दी गालियां और कूल दिखने का जो चलन चल रहा है, वह युवा पीढ़ी के लिए अत्यंत घातक है। ओटीटी प्लेटफॉर्म पर अश्लीलता, आपत्तिजनक सामग्री, नस्लवादी टिप्पणी लगातार बढ़ती जा रही है। वर्तमान में विवाद से ही चीजें बिक रही हैं। सोशल मीडिया पर जब भी इस तरह का कोई वीडियो वायरल होता है उसको लाखों व्यूज मिलते हैं और इन व्यूज से इन यूट्यूबर्स को मुनाफा मिलता है। ऐसे में इस तरह की हल्की, अश्लील सामग्री या इस तरह के कंटेंट की भरमार है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता में जिम्मेदारी भी बहुत आवश्यक है। अब लोग सिर्फ अभिव्यक्ति की इस आजादी का फायदा उठाकर सोशल मीडिया पर कुछ भी डाल रहे हैं। जब भी कुछ विवाद होता है तो यही कहा जाता है कि अभिव्यक्ति की आजादी सभी को है। इस पर प्रतिबंध नहीं लगाया जा सकता। इस प्रकरण में इस बात को साबित कर दिया है कि वर्तमान में इंटरनेट मीडिया, ओटीटी प्लेटफॉर्म को विनियमित करने के लिए कानून बनाने की आवश्यकता है। सिर्फ माफी देकर या एक बार गलती हो गई कह छोड़ देने से, या कॉमेडी के नाम पर कुछ भी अभद्र कह आप बच नहीं सकते। हमें सोशल मीडिया, ओटीटी प्लेटफॉर्म को नियमों के दायरे में लेने के लिए बात करनी होगी ताकि भविष्य में इस तरह की कॉमेडी के नाम पर अमर्यादित टिप्पणियां करने का लोग साहस न करें, जो देश की सामाजिक व्यवस्था और नैतिक मूल्यों के अनुरूप न हो।

*(लेखिका आईजीएनटी विवि अमरकंटक में शिक्षाविद् हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

## गलत सोच





संकलित
दर्शन

जब सोच निषेधात्मक या गलत होती है, तब वह सुख को भी दुख में परिवर्तित कर देती है। गलत सोच का चश्मा जितनी जल्दी हो, उतार देना चाहिए। बुरे विचार जितना दूसरों का नुकसान करते हैं, उतना ही स्वयं का भी करते हैं। कारण अपनी ही सुरक्षा को लेकर डरा दिमाग ढंग से नहीं सोच पाता। हम स्वार्थी हो जाते हैं, केवल अपने बारे में ही सोचते हैं। कहा गया है कि आपके विचार वहां तक ले जाते हैं, जहां आप जाना चाहते हैं। पर कमजोर विचारों में दूर तक ले जाने की ताकत नहीं होती। हम जो हैं वह सब विचारों का फल है। जो हम सोचते हैं, वही बन जाते हैं। मनुष्य अपने कार्यों से दूसरों को नुकसान पहुंचाता है और

## गौतम ऋषि के तप से प्रकट हुई थीं गंगा



संकलित
प्रेरणा

मान्यता है कि पुराने समय गौतम ऋषि और देवी अहिल्या ब्रह्मगिरी पर्वत पर रहते थे। वर्तमान में ये क्षेत्र नासिक जिले में है। गौतम ऋषि तपस्वी थे, इस कारण उन्हें हर जगह मान-सम्मान मिलता था। इस बात से यहां अन्य साधु-संत गौतम ऋषि के लिए जलन की भावना रखते थे। साधु-संत गौतम ऋषि का अपमान करने का कोई न कोई बहाना खोजते रहते थे। एक दिन जलन की वजह से सभी साधु-संतों ने गौतम ऋषि पर गोहत्या करने का झूठा आरोप लगा दिया। सभी साधु-संतों ने कहा कि इस हत्या के पाप के प्रायश्चित के लिए आपको देवी गंगा को यहां बुलाना होगा। तब गौतम ऋषि ने यहां शिवलिंग स्थापित करके तपस्या करना शुरू की। गौतम ऋषि की भक्ति से प्रसन्न होकर शिव जी और माता पार्वती यहां प्रकट हुए। जब शिव जी ने गौतम ऋषि से वरदान मांगने को कहा तो गौतम जी से वरदान में मांगा कि देव नदी गंगा को यहां भेज दीजिए। ऐसा कहने पर शिव जी की इच्छा से देवी गंगा भी वहां प्रकट हो गईं। गंगा ने कहा कि अगर शिव जी भी यहां रहेंगे, तभी मैं भी यहां रहूंगी। गौतम ऋषि को वरदान देने और देवी गंगा की इच्छा पूरी करने के लिए शिव जी यहां ज्योति रूप में विराजमान हो गए। इसके बाद देव नदी गंगा भी यहां गौतमी नदी के रूप में बहने लगी। गौतमी नदी का एक नाम गोदवरी भी है। इसके बाद गौतम ऋषि पर लगाया गया आरोप झूठा साबित हो गया। साधु-संतों को अपनी गलती का अहसास हुआ और उन्होंने गौतम ऋषि से क्षमा मांगी।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### भारत और अमरीका की यारी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमरीका के दौरे से वापस आ गए। दोनों देश दुनिया की बड़ी ताकतें हैं। इन पर दुनिया की निगाहें टिकी रहती हैं और उम्मीद होती है कि दोनों की दोस्ती नया रंग लाएगी, जो सारी दुनिया के लिए लाभदायक होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शायद ऐसे पहले प्रधानमंत्री होंगे, जिन्होंने अपने कार्यकाल में सबसे ज्यादा विदेश यात्राएं की होंगी। इस बात में कोई दोराय भी नहीं है कि मोदी ने विदेशों में भारत की नई पहचान बनाई है। आज दुनिया की सबसे बड़ी दो मुख्य समस्याएं हैं आतंकवाद और जलवायु परिवर्तन। इन दोनों समस्याओं के समाधान के लिए अमरीका, भारत के साथ खड़ा नहीं दिखता। आतंकवाद के प्रति उसने दोगली नीति अपनाई है। दूसरे, कुछ समय पहले ट्रंप ने पेरिस समझौते से भागने की कोशिश की।

*– संजय गुप्ता, दुर्ग*

## करंट अफेयर

# संयुक्त राष्ट्र के लिए हिंदी अत्यंत महत्वपूर्ण भाषा


संयुक्त राष्ट्र के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि 60 करोड़ से अधिक लोगों द्वारा बोली जाने वाली हिंदी इस वैश्विक संगठन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण भाषा है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन ने बृहस्पतिवार को अपने परिसर में 'बहुभाषावाद और विदेशों में हिंदी का प्रचार' थीम पर आधारित विश्व हिंदी दिवस मनाया। महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने कहा कि भारत का समाज बहुभाषी और बहुसांस्कृतिक ताने-बाने से बना है। वह इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रुप में शामिल हुई थीं। 'मिशन' द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ठाकुर ने बताया कि हिंदी को अधिक लोकप्रिय बनाने के लिए कई पहल की जा रही हैं और संयुक्त राष्ट्र द्वारा इसकी महत्ता को स्वीकार किए जाने से यह एक वैश्विक भाषा बनेगी। संयुक्त राष्ट्र में 'ग्लोबल कम्युनिकेशंस' की अवर महासचिव मेलिसा फ्लेमिंग ने कहा कि हिंदी 60 करोड़ से अधिक लोगों द्वारा बोली जाती है और यह संयुक्त राष्ट्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण भाषा है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी. हरीश ने बताया कि हिंदी को अब संयुक्त राष्ट्र की अनौपचारिक भाषाओं की सूची में जोड़ा गया है।



## ऑफ बीट

# क्या अवसाद रोधी दवाएं छोड़ना ज्यादा मुश्किल

एसएसआरआई दवाओं को छोड़ना वाकई मुश्किल हो सकता है। इनके सेवन से कुछ लोग "एसएसआरआई का सेवन रोकने के सिंड्रोम" से पीड़ित हो जाते हैं। इस सिंड्रोम से पीड़ित लोगों में चक्कर आने, जी मिचलाने, सिरदर्द और थकान समेत फ्लू-जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। ज्यादातर मामलों में, लक्षण हल्के होते हैं और कुछ समय में खत्म हो जाते हैं। अवसाद रोधी दवाओं से छुटकारा पाने का प्रयास कर रहे लोग, जो इस प्रकार के लक्षण अनुभव करते हैं, कभी-कभी यह मान लेते हैं कि उनका अवसाद पुन: लौट आया है, और वे पुन: अवसाद रोधी गोलियों का सेवन शुरू कर देते हैं। लोग अवसाद की वापसी और एसएसआरआई का सेवन रोकने के बीच अंतर नहीं कर पाते। इसके कारण लोग अवसाद रोधी दवा लेना जारी रख सकते हैं, भले ही उन्हें इसकी आवश्यकता न हो। अवसाद रोधी दवाओं में 'पैरोक्सेटीन' और 'फ्लूवोक्सामाइन' शामिल हैं, जो लगभग सात प्रतिशत लोगों में दवाएं न छोड़ने के सिंड्रोम का कारण बनती हैं। लंबे समय तक चलने वालीं अवसाद रोधी दवाओं 'सेर्ट्रालाइन' और 'फ्लूओक्सेटीन' की वजह से केवल दो प्रतिशत लोग सिंड्रोम से पीड़ित होते हैं।



## ट्रेंड

### संघर्ष जारी रहेगा

कांशीराम की शिष्या व उत्तराधिकारी होने के नाते उनके पदचिन्हों पर चलते हुए मैं भी अपनी आखिरी सांस तक हर कुर्बानी देकर संघर्ष जारी रखूंगी ताकि बहुजन समाज के लोग राजनीतिक गुलामी व सामाजिक लाचारी के जीवन से मुक्त होकर अपने पैरों पर खड़े हो सकें।

-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र



### श्रद्धालुओं की मौत दु:खद

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुए हादसे में महाकुंभ जा रहे श्रद्धालुओं की दर्दनाक मौत बेहद दुखद एवं पीड़ादायक है। हादसे में जिन परिवारों ने अपनों को खोया उन सभी के प्रति मेरी संवेदनाएँ हैं।

-अरविन्द केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली



### ड्रोन से युद्ध में क्रांति

ड्रोन ने युद्ध के मैदान में अभूतपूर्व तरीके से युद्धाभ्यास और संचार के लिए बैटरी, मोटर और प्रकाशिकी के संयोजन से युद्ध में क्रांति ला दी है। ड्रोन केवल तकनीक नहीं हैं, ये मजबूत औद्योगिक प्रणाली द्वारा उत्पादित निचले स्तर के नवाचार हैं।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद



### शवों को ससम्मान पहुंचाएं

दिल्ली में महाकुंभ के श्रद्धालुओं की दर्दनाक मौत हृदयविदारक है। सरकार मृतकों के शवों को ससम्मान उनके परिजनों तक पहुंचाने का इंतज़ाम और घायलों को सर्वश्रेष्ठ उपचार उपलब्ध कराए।

-अखिलेश यादव, सपा सांसद



### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



# 10 मिनट की देरी के कारण 18 जिंदगियां हो गईं 'तबाह' असामान्य रूप से ढोए शव, लोगों की निकलती रही 'आह'

## उधर, महाकुंभ में नहीं रुक रहा जनसैलाब

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/प्रयागराज

शनिवार की रात करीब 9.30 बजे नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ में 18 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में अधिकतर महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। स्टेशन पर महाकुंभ जाने वाले लोगों की भारी भीड़ थी साथ ही अन्य यात्री भी थे। दो ट्रेनों के लेट होने के चलते भीड़ नियंत्रण से बाहर हो गई और भगदड़ मच गई। यह पूरी घटना महज 10 मिनट में घटी और प्रशासन की लापरवाही और यात्रियों में दुविधा के चलते इतना बड़ा हादसा हो गया। मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो स्टेशन पर रात 8 बजे से ही भीड़ बढ़नी शुरू हो गई थी। एक चश्मदीद ने बताया कि स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस और भुवनेश्वर राजधानी एक्सप्रेस ट्रेनें देरी से चल रही थीं। ये दोनों ट्रेनें भी प्रयागराज जा रही थीं। इनके यात्री प्लेटफॉर्म नंबर 12-13 और 14 पर मौजूद थे। प्रयागराज एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म नंबर 14 से रात 10.10 बजे निकलने वाली थी। इसी दौरान प्रयागराज के लिए रात 9.50 बजे एक विशेष ट्रेन का अनाउंसमेंट हुआ, जो प्लेटफॉर्म 16 से जाने वाली थी। प्रयागराज एक्सप्रेस और मगध एक्सप्रेस में जो यात्री सवार नहीं हो पाए थे, वे भी विशेष ट्रेन का एलान होते ही प्लेटफॉर्म नंबर 16 की तरफ भागे।

### दिल्ली स्टेशन पर भगदड़

प्रयागराज जाने के लिए लोगों ने जीवन को दांव पर लगा दिया

इतनी बढ़ती भीड़ के सामने शासन प्रशासन की लापरवाही भी दिखी



कुलियों ने कहा

### सामान ढोने वाले ठेले से ढोए शव, 44 वर्षों में नहीं देखी कभी ऐसी भीड़

प्रत्यक्षदर्शियों ने इस घटना को लेकर उस वक्त के माहौल को लेकर आंखों देखी सारी बात बताई। एक कुली ने बताया कि 44 सालों में मैंने कभी इतनी भीड़ नहीं देखी। दूसरे कुली ने कहा कि हमने हाथों पर शव ढोए। स्टेशन पर मौजूद कुली कृष्ण कुमार जोगी ने कहा कि प्रयागराज जाने वाली ट्रेन के आने पर भीड़ बढ़ गई थी। फुटओवर पर भारी भीड़ जमा हो गई थी। लोग इतने कसकर भरे हुए थे कि कई लोगों का दम घुटने लगा था। करीब 10 से 15 लोगों ने वहीं अपनी जान गंवा दी। हमने शवों को प्लेटफॉर्म नंबर 14 और 15 से एंबुलेंस तक पहुंचाया। भीड़ में दबे लोगों में बच्चे और महिलाएं भी शामिल थीं। जिन्हें भीड़ में सांस लेने में कठिनाई हो रही थी। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) हिमांशु उपाध्याय ने कहा कि कुछ लोग जो फुटओवर ब्रिज से उतरकर प्लेटफॉर्म नंबर 14 और 15 की ओर सीढ़ियों से आ रहे थे, फिसलकर दूसरों पर गिर गए।

### महाकुंभ स्नान का जुनून, 248 किमी नाव चला पहुंचे प्रयागराज

महाकुंभ समापन की ओर है, लेकिन लोगों की भीड़ कम नहीं हो रही है। इसके चलते सड़कों पर काफी ज्यादा जाम है। कई जगह तो लोग घंटों तक जाम में फंस जा रहे हैं। वहीं, ट्रेनों की हालत तो और भी ज्यादा खराब है। इन सारी बातों से परेशान होकर कुछ दोस्तों ने नाव से जाने का प्लान बनाया। यह दोस्त 248 किमी तक नाव चलाकर प्रयागराज पहुंचे और संगम पर जाकर स्नान किया। इनका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



### अयोध्या धाम और कैंट स्टेशन की सुरक्षा बढ़ाई



नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ के बाद अयोध्या से बड़ी खबर सामने आई है। अयोध्या धाम और अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पब्लिक एड्रेस सिस्टम से श्रद्धालुओं को जागरूक किया जा रहा है। श्रद्धालुओं के आगमन व निकास के लिए अलग-अलग एंट्री व एग्जिट गेट बनाए गए हैं। सुरक्षा के लिए जीआरपी व सीआरपीएफ के जवान तैनात हैं। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर श्रद्धालुओं ने भी आरपीएफ व जीआरपी के जवानों की तारीफ की है और कहा है कि सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम हैं। महाकुंभ में स्नान कर भारी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे हैं।

### गडकरी, प्रधान आनंदीबेन ने लगाई डुबकी



महाकुंभ में रविवार को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और धर्मेंद्र प्रधान, उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल एवं उत्तर प्रदेश के मंत्री राकेश सचान, योगेंद्र उपाध्याय और दयाशंकर सिंह ने त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई। संगम में पत्नी के साथ स्नान करने के बाद केंद्रीय मंत्री गडकरी ने मीडिया से कहा कि गंगा में स्नान और दर्शन पूजन बहुत अच्छे से हुआ।नागपुर से हजारों की संख्या में लोग यहां आ रहे हैं। हमें लगता है कि गंगा मां का आशीर्वाद सबको मिलेगा।

### कुंभ को बताया फालतू

राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने इस भगदड़ का दोषी मोदी सरकार को बताया है। लालू प्रसाद ने



महाकुंभ को फालतू बताते हुए कहा कि इसका कोई मतलब नहीं है। सरकार की लापरवाही के कारण ऐसा हुआ है। उन्होंने कहा कि रेलवे के द्वारा सुरक्षा में बरती गई लापरवाही और रेलवे के द्वारा यात्रियों की सुरक्षा के उपाय नहीं किए जाने के कारण ही इस तरह की घटनाएं हुई है।रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पद से हट जाना चाहिए।

### नीतीश आश्रितों को 2-2 लाख देंगे

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना में लोगों की मृत्यु अत्यंत दुःखद है।



मृतकों के परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना है। इस घटना में बिहार के रहने वाले मृतकों के आश्रितों को 2 लाख रुपये अनुग्रह अनुदान एवं घायलों को 50 हजार मुख्यमंत्री राहत कोष से देने का निर्देश दिया है। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

### आईएएस अफसरों की तैनाती 27 तक बढ़ाई


महाकुंभ में माघी पूर्णिमा के बाद भी स्नान के लिए लोगों का रेला लगातार आ रहा है। माघ के प्रमुख स्नानों जैसी भीड़ अब हर दिन नजर आ रही है। ऐसे में मेला प्रशासन लगातार नए-नए प्लान पर काम कर रहा है। अलग अलग जिलों से मेला क्षेत्र में संबंद्ध किए गए अफसरों की तैनाती भी बढ़ा दी गई है। ज्यादातर अफसरों को 15 फरवरी तक के लिए यहां भेजा गया था। अब यह अफसर 27 फरवरी तक यहां तैनात रहेंगे।



## खबर संक्षेप

### फैक्ट्री में धमाके से नागपुर में 2 की मौत

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर जिले में रविवार को एक जोरदार धमाका हुआ। इस धमाके से आस-पास का



इलाका दहल गया। विस्फोटक निर्माण यूनिट में ये विस्फोट हुआ था। वहीं फैक्ट्री में हुए इस धमाके की वजह से दो लोगों की मौत हो गई है, जबकि कई अन्य घायल हो गए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने घटना के बारे में जानकारी दी।

### आकाश को अल्टीमेटम? मायावती आश्वस्त नहीं

**लखनऊ।** बसपा की प्रमुख मायावती ने 2023 में भतीजे आकाश आनंद को उत्तराधिकारी



बनाया था। माना जा रहा था आकाश बसपा में उत्तराधिकारी होंगे लेकिन अब मायावती ने जता दिया है कि वह आकाश को लेकर आश्वस्त नहीं हैं। उन्होंने 5 पोस्ट किए। उन्होंने उत्तराधिकारी को लेकर ऐलान के साथ दिशा निर्देश भी जारी किए हैं।

### पूरे गांव ने ली नेत्रदान करने की शपथ

**हैदराबाद।** तेलंगाना में एक गांव है मुछेरला। तेलंगाना के हनुमानकोंडा जिले में 500 लोग रहते हैं। इन सभी लोगों ने मृत्यु के बाद अपनी आंखें दान करने की शपथ ली हुई है। पिछले कुछ साल में करीब 70 गांव वाले अपनी आंखें दान भी कर चुके हैं। हाल ही में राज्यपाल ने इस गांव को 'एक्सीलेंस इन आई डोनेशन' अवॉर्ड दिया। इसके बाद यह गांव चर्चा में आया। इसी गांव के रहने वाले मंडाला रविंदर सिंचाई विभाग में डिविजनल इंजीनियर हैं।

### इंडियाज गॉट लेटेंट के बाद सिन्हा का शो रद्द

**मुंबई।** इन दिनों इंडियाज गॉट लेटेंट शो को लेकर काफी विवाद चल रहा है। शो में दी गई टिप्पणी के



कारण रणवीर इलाहाबादिया और समय रैना को भी आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है। अब स्टैंड अब कॉमेडियन अनुभव सिन्हा बस्सी के काम पर भी लग गई है। उनका लखनऊ का शो अब कैंसल हो गया है।

## पीएम मोदी ने की भारत टेक्स की तारीफ

# इन्वेस्टमेंट एक्सपोर्ट और ओवरॉल ग्रोथ को जबरदस्त बढ़ावा मिल रहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम मोदी ने कहा कि भारत टेक्स एक बड़ा वैश्विक आयोजन है। इसमें 120 अधिक देश भाग ले रहे हैं। इसका आयोजन 17 फरवरी तक भारत मंडपम में किया गया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत मंडपम में भारत टेक्स 2025 को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, 'भारत टेक्स का दूसरा सत्र भारत मंडपम में आयोजित किया जा रहा है...भारत टेक्स हमें हमारी परंपरा के साथ-साथ विकसित भारत की भी झलक दिखाता है...हमने जो बीज बोया है, वह बहुत तेजी से बढ़ रहा है'। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत टेक्स 2025 में एक प्रदर्शनी का दौरा किया। प्रधानमंत्री ने प्रतिभागियों से बातचीत की और उन्हें प्रदर्शनी के कई पहलुओं के बारे में जानकारी दी गई। पीएम मोदी ने कहा कि भारत टेक्स एक बड़ा वैश्विक आयोजन है, इसमें 120 अधिक देश भाग ले रहे हैं। भारत टेक्स 2025 का आयोजन 14-17 फरवरी को भारत मंडपम में किया गया। यह कच्चे माल से लेकर तैयार उत्पादों तक वस्त्रों की संपूर्ण मूल्य श्रृंखला को एक ही मंच पर लाने वाला एक अनूठा कार्यक्रम है।

### भारत टेक्स में 120 देश शामिल

भारत टेक्स 2025 ने आगंतुकों के अलावा 120 से अधिक देशों के नीति निर्माताओं और वैश्विक सीईओ, प्रदर्शकों, अंतरराष्ट्रीय खरीदारों को आकर्षित किया है। प्रतिभागियों में अंतर्राष्ट्रीय वस्त्र निर्माता संघ (आईटीएमएफ), अंतर्राष्ट्रीय कपास सलाहकार समिति (आईसीएसी), यूरेटेक्स, टेक्सटाइल एक्सचेंज और यूएस फैशन इंडस्ट्री एसोसिएशन (यूएसएफआईए) सहित दुनिया भर के 25 से अधिक प्रमुख वैश्विक कपड़ा निकाय और संघ शामिल हैं।



### भारत की सांस्कृतिक विविधताओं के दर्शन

पीएम मोदी ने कहा कि इस आयोजन से टेक्सटाइल सेक्टर में इनवेस्टमेंट एक्सपोर्ट और ओवरॉल ग्रोथ को जबरदस्त बढ़ावा मिल रहा है। भारत टेक्स के इस आयोजन में हमारे परिधानों के जरिए भारत की सांस्कृतिक विविधताओं के भी दर्शन होते हैं। मेरे कुछ सहकर्मियों ने बताया कि एक कारखाना स्थापित करने में औसतन 70-75 करोड़ रुपये का खर्च आता है और इससे लगभग 2,000 लोगों को रोजगार मिलता है। मैं सबसे पहले बैंकिंग क्षेत्र के लोगों से आग्रह करूंगा कि वे इन उद्योगों की मांगों को समझें।

### फरवरी को सरकार जारी करेगी किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त

भारत में छोटे और सीमांत किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए केंद्र सरकार एक बेहद ही शानदार स्कीम का संचालन कर रही है। इस स्कीम का नाम प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना है। यह भारत सरकार की एक बेहद ही महत्वाकांक्षी स्कीम है। इस स्कीम के अंतर्गत भारत सरकार देश के गरीब किसानों को हर साल 6 हजार रुपये की आर्थिक सहायता तीन किस्तों के रूप में प्रदान करती है।प्रत्येक किस्त के अंतर्गत सरकार द्वारा 2 हजार रुपये की धनराशि किसानों के खाते में डीबीटी के जरिए भेजी जाती है। अब तक पीएम किसान सम्मान निधि योजना की कुल 18 किस्तों को जारी किया जा चुका है। पिछले साल 5 अक्तूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस योजना की 18वीं किस्त महाराष्ट्र में जारी की थी। 18वीं किस्त को जारी हुए 4 महीनों से ज्यादा का वक्त बीत चुका है। इस कारण देश के करोड़ों किसानों को अब 19वीं किस्त का इंतजार है।

#### चौहान ने बताई तारीख

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त जारी करने की तारीखों का ऐलान कर दिया है। केंद्र सरकार पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त 24 फरवरी, 2025 को जारी करेगी।

मध्यस्थों ने नहीं दिया ध्यान

## द्विपक्षीय निवेश संधियों में हितों को अनदेखी न करें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वित्तमंत्री सीतारमण ने बीआईटी पर दिया जोर

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नियामक शक्तियों के संबंध में राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखने तथा विवादों को सुलझाने में मध्यस्थों के लिए मार्गदर्शक के रूप में कार्य करने के लिए द्विपक्षीय निवेश संधियों (बीआईटी) की आवश्यकता पर जोर दिया है, जिससे अमीर निवेशकों को विकासशील देशों का शोषण करने से रोका जा सके। अंतरराष्ट्रीय वाणिज्यिक एवं निवेश संधि मध्यस्थता पर पहले पीजी सर्टिफिकेट कोर्स के उद्घाटन के अवसर पर बोलते हुए सीतारमण ने कहा कि मध्यस्थों ने अकसर मेजबान देश के न्यायिक निर्णयों की अनदेखी की है। उन्होंने बताया कि मध्यस्थता के नतीजे पर पहुंचते समय, धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार जैसे अपराधों से संबंधित निष्कर्ष जो मेजबान देश में कानून की अदालत के माध्यम से स्थापित किए गए हैं, राज्यों को पुरस्कार स्वीकार करने के लिए विरोधाभासी स्थिति में डालते हैं।

### नियामक शक्तियों में राष्ट्रीय हितों को महत्व दिया जाना चाहिए



वित्त मंत्री ने कहा कि निवेश संधि को न केवल राष्ट्रों को बेहतर विनियामक शक्तियां प्रदान करनी चाहिए, बल्कि मध्यस्थता में विश्वास बहाल करने के लिए मध्यस्थों के लिए मार्गदर्शन के रूप में भी काम करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि निवेश संधियों में नियामक शक्तियों में राष्ट्रीय हितों को महत्व दिया जाना चाहिए।

### मुद्दे संप्रभुता के लिए अहम

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) से संबंधित मुद्दे संप्रभुता के लिए विशिष्ट हैं। इस कारण से बीआईटी पर एफटीए समझौते के भाग के रूप में बातचीत करने के बजाय अकेले ही बातचीत की जानी चाहिए। वित्त मंत्री का बयान ऐसे समय पर आया है, जब भारत, यूके, सऊदी अरब, कतर और यूरोपीय यूनियन (ईयू) बीआईटी के लिए बातचीत कर रहे हैं। बजट 2025-26 में केंद्रीय वित्त मंत्री ने बीआईटी के मौजूदा मॉडल को दोबारा से बनाने की घोषणा की थी। इससे अधिक विदेशी निवेश आकर्षित करने में मदद मिलेगी।

न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक घोटाला

## कोर्ट ने हितेश-धर्मेश को 21 तक पुलिस हिरासत में भेजा

एजेंसी ▶▶ मुंबई



न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक स्कैम मामले में कोर्ट ने हितेश मेहता और धर्मेश पोन को 21 फरवरी तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है। आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने 122 करोड़ के न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक स्कैम मामले में आरोपियों को गिरफ्तार किया था। जांच में सामने आया है कि धर्मेश ने इस मामले में गबन किए गए 122 करोड़ में से 70 करोड़ रुपए लिए थे। आर्थिक अपराध शाखा के अनुसार मुख्य आरोपी जनरल मैनेजर हितेश से धर्मेश को मई और दिसंबर 2024 में 1.75 करोड़ और जनवरी 2025 में 50 लाख रुपए मिले थे। इस मामले में पुलिस ने हितेश को लंबी पूछताछ के बाद शनिवार को गिरफ्तार किया था। ईओडब्ल्यू के अनुसार बैंक घोटाले मामले में आरोपी उन्नाथन अरुणाचलम उर्फ अरुणभाई फरार हैं। दोनों की तलाश की जा रही है।

महाराष्ट्र की सियासत में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा

## शिवसेना यूबीटी के शीर्ष नेता कई बार सीएम से मिले

एजेंसी ▶▶ मुंबई

### जानकारों ने कहा- दोनों ही गठबंधन अंदरूनी तनातनी से जूझ रहे

महाराष्ट्र की राजनीति में इन दिनों काफी कुछ घटित हो रहा है, जिससे राज्य का राजनीतिक पारा चढ़ा हुआ है। एक तरफ महा विकास अघाड़ी गठबंधन का हिस्सा एनसीपी एसपी के प्रमुख शरद पवार पूर्व सीएम एकनाथ शिंदे को सम्मानित करने के बाद से साथी पार्टी शिवसेना यूबीटी के निशाने पर हैं। दूसरी तरफ शिवसेना यूबीटी के शीर्ष नेता मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात कर रहे हैं। राज्य के दोनों ही गठबंधन अंदरूनी तनातनी से जूझ रहे हैं। करीब 3 महीने पहले हुए महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महायुति की प्रचंड जीत के बाद से दोनों ही गठबंधनों महायुति और महा विकास अघाड़ी में इन दिनों मतभेद दिखाई दे रहे हैं। इसकी वजह स्थानीय निकाय चुनाव माने जा रहे हैं। दरअसल बीते साल लोकसभा और विधानसभा चुनाव के बाद अब महाराष्ट्र के मुंबई, पुणे और ठाणे में निकाय चुनाव होने हैं और इन्हें छोटा विधानसभा चुनाव ही कहा जा रहा है।

महायुति और महा विकास अघाड़ी में मतभेद बढ़े



### आदित्य 2 तो उद्धव ने 1 बार फडणवीस से की मुलाकात

शिवसेना यूबीटी के शीर्ष नेताओं ने बीते करीब ढाई महीने में तीन बार सीएम फडणवीस से मुलाकात की है। आदित्य ठाकरे दो बार और उद्धव ठाकरे एक बार सीएम फडणवीस से मुलाकात कर चुके हैं। हालांकि पहले शिवसेना यूबीटी ने ही सीएम फडणवीस पर उनकी पार्टी तोड़ने की साजिश रचने का आरोप लगाया था।

उधर, विज 'अन्याय' पर भड़के

### तो मैं विदेश चला जाऊं क्या?

**अंबाला।** नगर परिषद के चुनाव में पार्षदों के टिकट बंटवारे को लेकर मची कलह तेज होती जा रही है।



मंत्री अनिल विज 15 समर्थकों को टिकट न मिलने से भड़के हुए हैं। उनके समर्थकों ने कह दिया है कि यदि लोकल यूनिट की बात को खारिज कर हाईकमान के लेवल से ही सब तय हो रहा है तो फिर हमारी जरूरत ही क्या है? 32 नामों का ऐलान हुआ है, जिनमें से 15 लोग तो ऐसे हैं, जिनकी सिफारिश स्थानीय स्तर पर किसी भी नेता ने नहीं की थी। इस पर अनिल विज भड़क गए हैं और उनका कहना है कि क्या मैं विदेश चला जाऊं, जब कोई सुनवाई ही नहीं हो रही है।

# छोटे शहरों की आईटी प्रतिभाओं को निखारने को निवेश की जरूरत

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

दफ्तर से दूर यानी घर से या किसी अन्य स्थान पर बैठकर काम करने की प्रवृत्ति (रिमोट वर्क) से दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों में सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) पेशेवरों के लिए अवसर बढ़ रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि इस स्थितियों में डिजिटल ढांचे में निवेश बढ़ाने तथा प्रतिभाओं का कौशल बढ़ाने की जरूरत है, ताकि वे वैश्विक परियोजनाओं में काम करने के काबिल बन सकें। विशेषज्ञों ने कौशल विकास के लिए पांच राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने के सरकार के कदम की भी सराहना की है, जो युवाओं की क्षमताओं को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों की मांग के साथ जोड़ने के लिए एक रणनीतिक कदम है।

- कौशल विकास के लिए उत्कृष्ट केंद्र स्थापित करने का स्वागत

## विशेषज्ञों का कहना, डिजिटल ढांचे में निवेश बढ़ाना होगा

### दूसरी व तीसरी श्रेणी के शहरों में अवसर बढ़ रहे

महिंद्रा के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) अतुल सोनेजा ने कहा, 'रिमोट यानी दफ्तर से दूर बैठक काम करने की प्रवृत्ति से दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों में आईटी पेशेवरों के लिए अवसर बढ़े हैं। इस तरह के बदलाव से आय की क्षमता बढ़ी है और यह समावेशी वृद्धि को आगे बढ़ाने का काम कर रहा है।'



*छोटे शहरों में होगा प्रतिभाओं का दोहन : ज्ञानी एआई के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) गणेश गोपालन ने कहा कि छोटे शहरों में प्रतिभाओं का पूरा दोहन करने के लिए डिजिटल बुनियादी ढांचे, भरोसेमंद इंटरनेट और कौशल विकास कार्यक्रमों में निवेश महत्वपूर्ण है।*

### आईटी क्षेत्र को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी

गोपालन ने कहा कि कार्य नीतियों, साइबर सुरक्षा ढांचे और उद्योग सहयोग को मजबूत करने से छोटे शहरों के पेशेवरों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने और भारत के आईटी क्षेत्र को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। 'स्किल्सकैपिटल' के मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी (सीटीओ) पवन गुप्ता ने कहा कि उनकी कंपनी अप्रैल, 2024 में पेश किए गए एआई आधारित प्रतिभा क्लाउड मंच के माध्यम से पेशेवरों को अंतरराष्ट्रीय अवसरों से जोड़ रही है।

### भारत को स्किल्सकैपिटल के रूप में स्थापित करना

गुप्ता ने कहा, 'हमारा लक्ष्य न केवल एंटरप्राइज सॉफ्टवेयर और तकनीकी प्रतिभाओं की बढ़ती वैश्विक मांग को पूरा करना है, बल्कि भारत के दूसरे और तीसरी श्रेणी के शहरों को वैश्विक तकनीकी पारिस्थितिकी तंत्र में प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभारना भी है।' गुप्ता ने कहा कि दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों में पेशेवरों को सशक्त बनाकर हम समावेशी विकास को बढ़ावा दे रहे हैं और भारत को दुनिया की 'स्किल्सकैपिटल' के रूप में स्थापित कर रहे हैं।'

## खबर संक्षेप

### टीटागढ़ रेल को अदाणी सीमेंट से मिला ऑर्डर

**कोलकाता।** टीटागढ़ रेल सिस्टम्स लिमिटेड (टीआरएसएल), को अदाणी सीमेंट की अनुषंगी कंपनियों अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड और एसीसी लिमिटेड से विशेष मालवाहक डिब्बों के विनिर्माण और आपूर्ति के लिए 537.11 करोड़ रुपये का अनुबंध मिला है। कंपनी के व्यापारिक कामों में आसानी हो सके। ऑर्डर की डिलीवरी जनवरी 2026 और मार्च 2027 के बीच निर्धारित है। टीआरएसएल के उप प्रबंध निदेशक अनिल कुमार अग्रवाल ने कहा कंपनी भारत के बुनयादी ढांचे को बेहतर बनाने के लिए अपनी तकनीक और समाधान का उपयोग करेगी, ताकि परिवहन क्षेत्र में लागत कम किया जा सके।

### बीते सप्ताह अधिकांश तेल तिलहन की कीमतों में सुधार

**नई दिल्ली।** विदेशों में खाद्य तेलों के दाम बढ़ने तथा देश में आयात शुल्क मूल्य को पुनर्निर्धारित किये जाने के कारण देश के तेल-तिलहन बाजार में बीते सप्ताह अधिकांश तेल-तिलहनों के दाम मजबूती के साथ बंद हुए। निर्यात में सोयाबीन डी-आयल्ड केक (डीओसी) का दाम कम मिलने के बीच सोयाबीन तिलहन के दाम में गिरावट देखने को मिली।

### बाजार पूंजीकरण में रिलायंस को सबसे ज्यादा हुआ नुकसान

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से दो लाख करोड़ रुपये से अधिक की गिरावट आई। शेयर बाजार में कमजोरी के रुख के बीच सबसे ज्यादा नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ। शेयर बाजारों में शुक्रवार को लगातार आठवें कारोबारी सत्र में गिरावट का सिलसिला जारी रहा। आठ कारोबारी सत्रों में बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 2,644.6 अंक या 3.36 प्रतिशत टूटा है, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में 810 अंक या 3.41 प्रतिशत का नुकसान रहा है।

## द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना कर 500 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की घोषणा से कारोबारी भरोसा बढ़ा: गोयल

भाषा ▸▸| नई दिल्ली

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को कहा कि भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत की घोषणा से दोनों देशों में कारोबारी विश्वास बढ़ा है। उन्होंने कहा कि इससे उनकी प्रतिस्पर्धी करने की ताकत का लाभ उठाकर आर्थिक संबंधों को और मजबूत करने में मदद मिल सकती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हाल की अमेरिका यात्रा के दौरान भारत और अमेरिका ने 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना कर 500 अरब डॉलर तक पहुंचाने तथा 2025 तक पारस्परिक रूप से लाभकारी, बहु-क्षेत्रीय द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के पहले चरण पर बातचीत करने की घोषणा की। गोयल ने कहा, "प्रधानमंत्री अपने साथ इस वर्ष के अंत तक व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए एक समझौता या सहमति लेकर आए हैं। मुझे लगता है, यह अमेरिका और भारत में हर व्यवसायी को बहुत आत्मविश्वास और राहत देता है, जो मानते हैं कि साथ मिलकर, हम वास्तव में वैश्विक व्यापार को बदल सकते हैं, विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिस्पर्धी शक्तियों के साथ, हम वास्तव में दो दोस्तों के रूप में, प्रगति और समृद्धि के लिए दो भागीदारों के रूप में काम कर सकते हैं।" आमतौर पर मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) में, दो व्यापारिक साझेदार अपने बीच व्यापार वाले उत्पादों की अधिकतम संख्या पर सीमा शुल्क को या तो समाप्त कर देते हैं या काफी कम कर देते हैं। इसके अलावा, वे सेवाओं में व्यापार को बढ़ावा देने और निवेश को बढ़ावा देने के लिए मानदंडों को भी सुगम बनाते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान, दोनों देशों ने एक छोटे व्यापार समझौते पर चर्चा की थी, लेकिन जो बाइडन प्रशासन ने इसे टाल दिया था क्योंकि वह इस तरह के समझौतों के पक्ष में नहीं थे। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि भारत, ऑस्ट्रेलिया, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और ईएफटीए ब्लॉक सहित विकसित देशों के साथ नए व्यापार समझौतों के माध्यम से दुनियाभर में नई साझेदारियों का विस्तार और निर्माण कर रहा है। यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के सदस्य आइसलैंड, लीश्टेंस्टाइन, नॉर्वे और स्विट्ज़रलैंड हैं।

### भारत-अमेरिका ट्रस्ट से आर्थिक सहयोग को बढ़ावा मिलेगा : विशेषज्ञ

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारत-अमेरिका ट्रस्ट दोनों देशों के बीच आर्थिक और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में सहयोग का रास्ता साफ करेगा, जबकि आईएमईसी ढांचे पर ध्यान केंद्रित करने से बुनियादी ढांचे और आर्थिक गलियारों में सहयोग गहरा होगा। उद्योग विशेषज्ञों ने यह उम्मीद जताई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने महत्वपूर्ण खनिजों, उन्नत सामग्रियों और फार्मास्युटिकल्स की मजबूत आपूर्ति श्रृंखला बनाने पर जोर देने के लिए 'रणनीतिक प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए संबंधों में बदलाव' (ट्रस्ट) पहल पर सहमति जताई है। अमेरिका में ट्रंप-मोदी बैठक के बाद जारी संयुक्त वक्तव्य के अनुसार, दोनों देशों ने लिथियम और 'दुर्लभ मृदा' जैसे रणनीतिक खनिजों के लिए पुनर्प्राप्ति और प्रसंस्करण पहल शुरू करने का निर्णय लिया है। दोनों पक्ष आईएमईसी (भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारा) और आई2यू2 ढांचे के तहत आर्थिक गलियारों और संपर्क बुनियादी ढांचे पर भी मिलकर काम करेंगे। भारतीय इस्पात संघ (आईएसए) के शीर्ष निकाय के अध्यक्ष और जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड (जेएसपीएल) के चेयरमैन नवीन जिंदल ने कहा, "महत्वपूर्ण खनिजों और उन्नत सामग्रियों पर 'ट्रस्ट' की पहल आर्थिक और प्रौद्योगिकी सहयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आईएमईसी और आई2यू2 समूह पर प्रधानमंत्री का ध्यान वैश्विक संपर्क के लिए रणनीतिक प्रयास को दर्शाता है।

### ब्राजील जुलाई में करेगा अगले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की मेजबानी

**साओ पाउलो (एपी)।** ब्राजील की सरकार ने शनिवार को कहा कि अगला ब्रिक्स शिखर सम्मेलन छह और सात जुलाई को रियो डी जेनेरियो में होगा। ब्राजील सरकार की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, ब्राजील विकासशील अर्थव्यवस्थाओं वाले देशों के कार्यक्रम की अध्यक्षता करेगा और वैश्विक शासन सुधार को बढ़ावा देने तथा 'ग्लोबल साउथ' देशों के बीच सहयोग को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करेगा। ब्रिक्स की स्थापना 2009 में ब्राजील, रूस, भारत और चीन ने की थी। पिछले साल इसमें ईरान, मिस्र, इथियोपिया और संयुक्त अरब अमीरात को भी शामिल किया गया। सऊदी अरब को भी इसमें शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। तुर्किये, अजरबैजान और मलेशिया ने औपचारिक रूप से सदस्यता के लिए आवेदन किया है और कई अन्य देशों ने भी इसमें रुचि दिखाई है। ब्राजील ने कहा कि साझेदार देशों को भी शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है तथा सदस्यों के बीच आम सहमति होने पर वे अन्य बैठकों में भी भाग ले सकते हैं। ब्राजील के विदेश मंत्री माउरो विएरा ने कहा, ''हम विकास, सहयोग और इन देशों के सभी लोगों के जीवन में सुधार के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लेंगे।'' इस बीच, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी है कि अगर ब्रिक्स देश अमेरिकी डॉलर को कमजोर करने के लिए काम करते हैं।

# जापानी कंपनियां की 'चीन प्लस वन' रणनीति के तहत भारत पर नजर

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली



- महामारी के बाद जापानी कंपनियां भारत को आधार के रूप में देख रही
- रणनीति में वैकल्पिक देशों में उत्पादन सुविधाएं स्थापित करना शामिल

कोविड-19 महामारी के बाद जापानी कंपनियां भारत को अपने एक आधार के रूप में देख रही हैं, क्योंकि वे चीन पर निर्भरता कम करने के लिए अपने विनिर्माण और आपूर्ति श्रृंखलाओं में विविधता लाने के लिए 'चीन प्लस वन' रणनीति अपना रही हैं। वित्तीय परामर्श कंपनी डेलॉयट के विशेषज्ञों ने यह कहा है। इस रणनीति में वैकल्पिक देशों में उत्पादन सुविधाएं स्थापित करना शामिल है, जिसमें भारत एक महत्वपूर्ण लाभार्थी के रूप में उभर रहा है। डेलॉयट जापान के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) केनिची किमुरा ने कहा, "कोविड के बाद, जापानी कंपनियां 'चीन-प्लस' आपूर्ति श्रृंखला रणनीतियों की सक्रियता से खोज कर रही हैं, जिसमें भारत एक प्रमुख गंतव्य के रूप में उभर रहा है। जहां कुछ कंपनियां जापान लौट गईं, वहीं अन्य भारत को न केवल एक विनिर्माण केंद्र के रूप में देख रही हैं, बल्कि इसे पश्चिम एशिया और अफ्रीका जैसे उच्च-वृद्धि वाले बाजारों के प्रवेश द्वार के रूप में भी देख रही हैं।"

### भारत लाएगा आपूर्ति श्रृंखला में विविधता लाएगा

डेलॉयट दक्षिण एशिया के सीईओ रोमल शेट्टी ने कहा कि 'चीन प्लस वन' रणनीति ने जापानी कंपनियों को भारत में संभावनाएं तलाशने और निवेश करने के लिए प्रेरित किया है, जिसका उद्देश्य अपनी आपूर्ति श्रृंखला में विविधता लाना और देश की आर्थिक क्षमता का लाभ उठाना है।

### टेक्समैको का अमेरिकी कंपनी के साथ समझौता

कोलकाता। टेक्समैको रेल एंड इंजीनियरिंग लिमिटेड ने शुक्रवार को कहा कि उसने रोलिंग स्टॉक यानी पूरी ट्रेन के विनिर्माण और प्रौद्योगिकी एकीकरण में सहयोग बढ़ाने के लिए अमेरिका स्थित ट्रिनिटी रेल ग्रुप एलएलसी के साथ वैश्विक आपूर्ति और सेवा समझौता किया है।

## दशक पुराने गैस स्थानांतरित होने के मामले में अदालती फैसला रिलायंस-बीपी के लिए झटका

**नई दिल्ली (भाषा)।** मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) और उसकी भागीदार बीपी पीएलसी को झटका देते हुए दिल्ली उच्च न्यायालय ने एक अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता न्यायाधिकरण के फैसले को पलट दिया है। अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता न्यायाधिकरण ने दोनों कंपनियों के क्षेत्रों के पास स्थित क्षेत्रों से स्थानांतरित होकर आई गैस के उत्पादन और उसकी बिक्री के लिए उनपर किसी तरह का मुआवजा नहीं देने की व्यवस्था दी थी। यानी इसके लिए रिलायंस और उसके भागीदार पर कोई दायित्व नहीं डाला गया था। यह पूरा विवाद ब्लॉक या क्षेत्र केजी-डीडब्ल्यूएन-98/3 (केजी-डी6) से संबंधित है। यह ब्लॉक अटल बिहारी वाजपेयी सरकार द्वारा साल 2000 में नई अन्वेषण लाइसेंसिंग नीति (एनईएलपी) के तहत पहले बोली दौर में रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और कनाडा की निको रिसोर्सेज के एक संघ को दिया गया था। बीपी ने एक दशक से अधिक समय बाद ब्लॉक में 30 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीद ली थी। उसी दौर में, केजी-डीडब्ल्यूएन-98/2 (केजी-डी5) केयर्न एनर्जी इंडिया लिमिटेड को दिया गया था, जिसे बाद में सार्वजनिक क्षेत्र की ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) ने दो चरणों में अधिग्रहीत कर लिया था। एक निकटवर्ती गोदावरी ब्लॉक 1997 में नामांकन के आधार पर ओएनजीसी को दिया गया था।

# नाबार्ड ने ओडिशा की ऋण क्षमता 2,52,000 करोड़ रुपए आंकी

- 2025-26 के लिए अनुमान लगाया गया
- ऋण परियोजना पिछले वित्त वर्ष से 20 फीसदी ज्यादा

एजेंसी ▸▸| भुवनेश्वर

राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए ओडिशा की ऋण क्षमता 2,52,000 करोड़ रुपये रहने का अनुमान लगाया है। यह अनुमान शनिवार को यहां एक सेमिनार के दौरान जारी बैंक के 'स्टेट फोकस पेपर' में लगाया गया। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए ऋण परियोजना (2,51,952 करोड़ रुपये) पिछले वित्त वर्ष के 2,10,140 करोड़ रुपये से लगभग 20 प्रतिशत अधिक है। सेमिनार का उद्घाटन करते हुए उपमुख्यमंत्री कनक वर्धन सिंह देव ने राज्य के प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के लिए बैंक ऋण बढ़ाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि राज्य सरकार भी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से इस प्रयास का समर्थन कर रही है। देव ने कहा, "सरकार बुनियादी ढांचे में निवेश कर रही है और कृषि क्षेत्र में वृद्धि को सक्षम बना रही है तथा बैंकों को आगे आकर ऋण उपलब्ध कराना चाहिए ताकि यह आर्थिक लाभ किसानों तक पहुंच सके।"

*पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने पर बल*

*उपमुख्यमंत्री ने सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के महत्व पर बल दिया। उन्होंने बैंकरों से कृषि वृद्धि को गति देने और किसानों की आय बढ़ाने के लिए मूल्य श्रृंखलाओं और नवीन एवं नए युग की परियोजनाओं को वित्तपोषित करने का भी आग्रह किया।*

## हीरो मोटोकॉर्प का राजस्व में 10 फीसदी से अधिक वृद्धि का लक्ष्य

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी दोपहिया वाहन विनिर्माता कंपनी हीरो मोटोकॉर्प नए उत्पाद और खंडों में सतत निवेश के जरिये अगले वित्त वर्ष में अपने राजस्व में दो अंकीय वृद्धि का लक्ष्य लेकर चल रही है। कंपनी के मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) विवेक आनंद ने यह बात कही है। दिसंबर तिमाही में कंपनी का राजस्व 10,260 करोड़ रुपये रहा है। चालू वित्त वर्ष में भी कंपनी को अपने राजस्व में 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि की उम्मीद है। विश्लेषकों से बातचीत में आनंद ने कहा, ''इस साल हमने राजस्व में दो अंकीय वृद्धि का अनुमान लगाया है। पहले नौ माह के प्रदर्शन और इस तिमाही (चौथी) की शुरुआत को देखते हुए हमारा मानना है कि अगले साल भी ऐसा ही होगा। हम राजस्व में दो अंकीय यानी 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज करेंगे।

# चीन चबा जाएगा पूरी दुनिया का सोना... अंधाधुंध गोल्ड की खरीदी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली



वैश्विक आर्थिक चिंताओं के बीच दुनिया भर में सोना खरीदने की होड़ मची हुई है। यहां तक कि भारत का पड़ोसी देश चीन जो सोने के उत्पादन में दुनिया का नंबर वन देश है, वह भी जमकर सोना खरीद रहा है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल की रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2023 में चीन ने दुनिया भर के देशों की तुलना में सबसे ज्यादा 378.2 टन सोने का उत्पादन किया था।जब भी वैश्विक अर्थव्यवस्था में अनिश्चितता होती है, निवेशक सोने की ओर रुख करते हैं। चीन की जनता भी इस ट्रेंड को फॉलो कर रही है और भारी मात्रा में सोने की खरीदारी कर रही है। दरअसल, चीन में पारंपरिक निवेश विकल्पों जैसे रियल एस्टेट और स्टॉक मार्केट में गिरावट आई है, जिससे निवेशकों का भरोसा कमजोर हुआ है। ऐसे में लोगों ने सोने को एक सुरक्षित निवेश विकल्प के रूप में देखना शुरू कर दिया है। इसके अलावा, चीन का केंद्रीय बैंक भी लगातार अपने गोल्ड रिजर्व को बढ़ा रहा है।

### चीन घटा रहा अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता

चीन लंबे समय से अपने रिजर्व फंड्स को डाइवर्सिफाई कर रहा है और अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता कम करने की कोशिश कर रहा है। पिछले एक दशक से चीन ने अमेरिकी ट्रेजरी बांड्स में अपने निवेश को कम किया है। इस बार चीन ने घरेलू मुद्रा (रेनमिनबी) के बजाय विदेशी मुद्राओं का इस्तेमाल कर सोना खरीदा है, जिससे वह अमेरिकी डॉलर और अन्य मुद्राओं से अपने जोखिम को कम कर सके।

## जयपुर में बीते साल घरों की बिक्री पांच फीसदी बढ़ी




**नई दिल्ली।** जयपुर में 2024 में घरों की बिक्री पांच प्रतिशत बढ़कर 10,695 इकाई हो गई, लेकिन मूल्य के लिहाज से यह 39 प्रतिशत बढ़कर 8,388 करोड़ रुपये हो गई। रियल एस्टेट आंकड़ा विश्लेषक कंपनी प्रॉपइक्विटी ने यह जानकारी दी। प्रॉपइक्विटी के अनुसार, 2023 में राजस्थान की राजधानी में घरों की बिक्री 10,187 इकाई रही थी, जिसका मूल्य 6,019 करोड़ रुपये था। प्रॉपइक्विटी के संस्थापक समीर जसूजा ने बिक्री मूल्य में वृद्धि का श्रेय रियल एस्टेट परियोजनाओं की बढ़ती लागत को दिया, क्योंकि भूमि, श्रम और निर्माण सामग्री की कीमतों में वृद्धि हुई है। इसके अलावा, डेवलपर्स अधिक प्रीमियम और लक्जरी आवास परियोजनाएं शुरू कर रहे हैं, जिससे बिक्री मूल्य में वृद्धि हो रही है। प्रॉपइक्विटी ने हाल ही में दूसरी श्रेणी के 15 प्रमुख शहरों के आंकड़े जारी किए हैं।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


## राशिफल


**मेष** — शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। आय वृद्धि के साधन विकसित होंगे।


**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।


**मिथुन** — अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।


**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। खानपान के प्रति सचेत रहें। मन में निराशा एवं असंतोष के भाव रहेंगे।


**सिंह** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।


**कन्या** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। व्यर्थ के ववादों से बचने का प्रयास करें।


**तुला** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।


**वृश्चिक** — घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।


**धनु** — पिता का साथ रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आएंगे। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।


**मकर** — परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन सम्भव है। लंबे समय से रुके हुए काम बनने की उम्मीद है।


**कुंभ** — परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। वाहन के रख-रखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। शिक्षा में सुधार होगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी।


**मीन** — वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में अशांति रहेगी।

## शब्द पहेली - 5781



**बाएँ से दाए**

1. असहकार-5
4. शत्रुता, दुश्मनी-4
7. नाच, नृत्य (उर्दू-2)
8. विष्णु का वाहन-3
9. मादा का विलोम-2
10. ईश्वर, शिव-4
11. संज्ञा, संबोधन-2
13. वेग, गति-3
14. महसूल, राहदरी-2
15. अंधकार, अंधेरा-3
17. कुंजी, ताली-2
19. गोलाकार-5
22. इतरता, बेगानापन-5
25. समय, वक्त-2
26. स्याही का पात्र-3
28. अच्छा, सद् पुरुष-2
29. अदृश्य-3
30. मिट्टी, धूल-2
32. नट, बाजीगरी करने वाला-4
34. टैक्स, हाथ-2
36. बोलने का तरीका-3
37. खदान-2
38. जो जायज न हो-4
39. श्री रामचंद्र का नाम-5

**ऊपर से नीचे**

1. तराजू डंडा, पासा-2
2. पराजित करना-3
3. बहुत लंबा -5
4. रुकना, अड़ जाना-3
5. जंगल, कानन-2
6. तीर रखने का पात्र-4
7. सार-संभाल-2,3
10. पूंजी, धन-4
12. वोट, राय-2
16. राजा, महाराजा-3
17. चतुर्थ, चौथा-2
18. हलवा-2
20. पक्षाघात-3
21. तन, देह-2
22. क्षण-2
23. स्मारक-4
24. चोर, लुटेरा-5
25. जैकी श्राफ, अनिल कपूर, किमी काटकर व फराह अभिनीत फिल्म -5
26. टूटना, बिखरना-4
27. पानी से सराबोर-2
31. कमल, नीरज-3
33. बादलों की गड़गड़ाहट-3
35. छुट्टी, अवकाश-2
37. राख, मिट्टी-2

### शब्द पहेली - 5780 का हल



## सूडोकु नवताल - 5791

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5790 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

## खबर संक्षेप



### मुंबई इंडियंस टीम में रहमान शामिल

**मुंबई।** पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस ने रविवार को अफगानिस्तान के ऑफ स्पिनर मुजीब उर रहमान को अनुबंधित करने की घोषणा की। मुजीब अपने ही देश के स्पिनर अल्लाह गजनफर की जगह लेंगे जो चोट के कारण आईपीएल 2025 से बाहर हो गए हैं। मुंबई इंडियन्स ने एक बयान में कहा, 'मुंबई इंडियंस गजनफर के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता है और मुजीब का हमारे परिवार में स्वागत करता है।' मुजीब ने 300 से अधिक टी20 मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने लगभग 6.5 की इकोनॉमी रेट से 330 विकेट लिए हैं।

### आवागमन के लिए साइकिल चलाएं युवा



**मुंबई।** केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने रविवार को देश के युवाओं से आग्रह किया कि वे स्वस्थ रहने और बेहतर पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए जब भी संभव हो साइकिल का उपयोग आवागमन के विकल्प के रूप में करें। मांडविया ने रविवार सुबह यहां 'फिट इंडिया मूवमेंट' के प्रमुख कार्यक्रम 'संडे ऑन साइकिल' की अगुआई की जिसका उद्देश्य साइकिल चलाकर स्वस्थ और तंदुरुस्त जीवनशैली अपनाने के लिए लोगों में जागरूकता पैदा करना और साथ ही प्रदूषण के समाधान को बढ़ावा देना भी है।

### तेज गेंदबाजों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद



**दुबई।** न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज टिम साउदी को भरोसा है कि पाकिस्तान में हाल ही में समाप्त हुई त्रिकोणीय श्रृंखला में प्रभावशाली प्रदर्शन करने वाले उनके देश के कम अनुभवी तेज गेंदबाज चैंपियंस ट्रॉफी में भी अपनी इस फॉर्म को बरकरार रखेंगे। पिछले साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाले 36 वर्षीय साउदी ने न्यूजीलैंड की तरफ से तीनों प्रारूप में 776 विकेट लिए हैं। चैंपियंस ट्रॉफी में न्यूजीलैंड को ट्रेंट बोल्ट की सेवाएं नहीं मिल पाएंगी जबकि लॉकी फर्ग्यूसन का चोटिल होने के कारण खेलना संदिग्ध है।

### हार के बाद अंपायरिंग पर उठाए सवाल



**वड़ोदरा।** मुंबई इंडियंस की कोच चार्लोट एडवर्ड्स ने महिला प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ उनकी टीम की आखिरी गेंद पर दो विकेट से हार पर अंपायरिंग की आलोचना की है। बड़ी भूमिका निभाने वाले विवादास्पद रन आउट फैसलों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि इस तरह के निर्णय को समझना वास्तव में मुश्किल है जो मैच के अंतिम परिणाम को प्रभावित करते हैं। रन आउट के तीन विवादास्पद फैसले मुंबई इंडियंस के खिलाफ गए जिसका फायदा उठाकर दिल्ली जीत हासिल करने में सफल रही।

### दिल्ली और बेंगलुरु में मुकाबला आज

**वडोदरा।** अपने पहले मैच में विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करने वाले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और दिल्ली महिला प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां जब आमने-सामने होंगे तो उनका लक्ष्य अपना विजय अभियान जारी रखना होगा। मौजूदा चैंपियन आरसीबी ने टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में गुजरात जायंट्स को छह विकेट से हराया जबकि दिल्ली कैपिटल्स ने मुंबई के खिलाफ अंतिम गेंद पर जीत दर्ज की।

## बीसीसीआई ने की आईपीएल के 18वें सत्र के कार्यक्रम की घोषणा

# कोलकाता-बेंगलुरु के मैच से आईपीएल का आगाज, 65 दिन में खेले जाएंगे 74 मुकाबले

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग के 18वें सत्र के कार्यक्रम की घोषणा की जिसमें 22 मार्च से 13 आयोजन स्थलों पर 74 मुकाबले खेले जाएंगे। इस दौरान तीन फ्रेंचाइजी अपने कम से कम दो घरेलू मैच अपने दूसरे निर्धारित घरेलू मैदान पर खेलेंगी। आईपीएल के 2025 सत्र की शुरुआत 22 मार्च को ईडन गार्डन्स में कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच मुकाबले के साथ होगी और इसका समापन 25 मई को इसी स्थल पर होगा। प्रतियोगिता के दौरान 12 दिन दो मैच खेले जाएंगे।

टूर्नामेंट 65 दिन चलेगा जिसके मुकाबले 13 स्थानों पर आयोजित किए जाएंगे जिसमें धर्मशाला, गुवाहाटी और विशाखापत्तनम में कम से कम दो-दो आईपीएल मुकाबलों का आयोजन होगा। जैसा कि पहले भी होता रहा है मुल्लांपुर (न्यू चंडीगढ़) के साथ धर्मशाला पंजाब किंग्स का दूसरा घरेलू स्थल होगा जबकि राजस्थान रॉयल्स जयपुर के अलावा गुवाहाटी में अपने घरेलू मुकाबले खेलेगी। दिल्ली कैपिटल्स का दूसरा घरेलू स्थल विशाखापत्तनम होगा और वे 24 मार्च को लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ अपना लीग अभियान यहीं से शुरू करेंगे। गुवाहाटी और विशाखापत्तनम दो-दो मैच की मेजबानी करेंगे जबकि धर्मशाला में तीन मैच होंगे।



### कोलकाता में होगा प्लेऑफ

लीग चरण के बाद हैदराबाद और कोलकाता में प्लेऑफ का आयोजन किया जाएगा। हैदराबाद 20 मई और 21 मई को क्रमशः पहले क्वालीफायर और एलिमिनेटर की मेजबानी करेगा जबकि 23 मई को दूसरा क्वालीफायर कोलकाता में होगा। प्रत्येक टीम अपने समूह की अन्य सभी टीम और दूसरे समूह की एक पूर्व निर्धारित टीम के साथ दो बार खेलेगी जबकि दूसरे समूह की बाकी चार टीम के साथ एक बार खेलेगी।

### 23 मार्च को पहला डबल हेडर



सत्र में पहली बार 23 मार्च को एक दिन में दो मुकाबले खेले जाएंगे जिसमें हैदराबाद में दिन के मैच में सनराइजर्स हैदराबाद का सामना राजस्थान रॉयल्स से होगा जबकि इसके बाद चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच मुकाबला होगा।

### मुंबई-चेन्नई सबसे सफल टीम

आईपीएल भारत का फ्रेंचाइजी क्रिकेट टूर्नामेंट है। यह हर साल मार्च से मई के दौरान टी-20 फॉर्मेट में खेला जाता है। इसकी शुरुआत 2008 में 8 टीमों के साथ हुई थी। राजस्थान ने चेन्नई को फाइनल हराकर पहले सीजन का टाइटल जीता था। मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स ने सबसे ज्यादा 5-5 टाइटल जीते हैं। केकेआर 3 खिताब जीतकर तीसरी सबसे सफल टीम है।

### ग्रुपवार टीमें

ग्रुप ए : कोलकाता, बैंगलुरु, राजस्थान, चेन्नई, पंजाब
ग्रुप बी : हैदराबाद, दिल्ली, गुजरात, मुंबई, लखनऊ

### 13 वेन्यू पर 10 टीमों के मुकाबले

अहमदाबाद, मुंबई, चेन्नई, बेंगलुरु, लखनऊ, मुल्लांपुर (मोहाली), दिल्ली, जयपुर, कोलकाता, हैदराबाद 10 टीमों के होम ग्राउंड हैं। इनके अलावा गुवाहाटी, विशाखापट्टनम और धर्मशाला यानी कुल 13 वेन्यू पर मैच खेले जाएंगे।

### आईपीएलः समय सारिणी

| दिनांक | मैच | समय | जगह |
|---|---|---|---|
| 22 मार्च | कोलकाता/बेंगलुरु | 7:30 बजे | कोलकाता |
| 23 मार्च | हैदराबाद/राजस्थान | 3:30 बजे | हैदराबाद |
| 23 मार्च | चेन्नई/मुंबई | 7:30 बजे | चेन्नई |
| 24 मार्च | दिल्ली/लखनऊ | 7:30 बजे | विशाखापत्तनम |
| 25 मार्च | गुजरात/पंजाब | 7:30 बजे | अहमदाबाद |
| 26 मार्च | राजस्थान/कोलकाता | 7:30 बजे | गुवाहाटी |
| 27 मार्च | हैदराबाद/लखनऊ | 7:30 बजे | हैदराबाद |
| 28 मार्च | चेन्नई/बेंगलुरु | 7:30 बजे | चेन्नई |
| 29 मार्च | गुजरात/मुंबई | 7:30 बजे | अहमदाबाद |
| 30 मार्च | दिल्ली/हैदराबाद | 3:30 बजे | विशाखापत्तनम |
| 30 मार्च | राजस्थान/चेन्नई | 7:30 बजे | गुवाहाटी |
| 31 मार्च | मुंबई/कोलकाता | 7:30 बजे | मुंबई |
| 1 अप्रैल | लखनऊ/पंजाब | 7:30 बजे | लखनऊ |
| 2 अप्रैल | बेंगलुरु/गुजरात | 7:30 बजे | बेंगलुरु |
| 3 अप्रैल | कोलकाता/हैदराबाद | 7:30 बजे | कोलकाता |
| 4 अप्रैल | लखनऊ/मुंबई | 7:30 बजे | लखनऊ |
| 5 अप्रैल | चेन्नई/दिल्ली | 3:30 बजे | चेन्नई |
| 5 अप्रैल | पंजाब/राजस्थान | 7:30 बजे | चंडीगढ़ |
| 6 अप्रैल | कोलकाता/लखनऊ | 3:30 बजे | कोलकाता |
| 6 अप्रैल | हैदराबाद/गुजरात | 7:30 बजे | हैदराबाद |
| 7 अप्रैल | मुंबई/बेंगलुरु | 7:30 बजे | मुंबई |
| 8 अप्रैल | पंजाब/चेन्नई | 7:30 बजे | चंडीगढ़ |
| 9 अप्रैल | गुजरात/राजस्थान | 7:30 बजे | अहमदाबाद |
| 10 अप्रैल | बेंगलुरु/दिल्ली | 7:30 बजे | बेंगलुरु |
| 11 अप्रैल | चेन्नई/कोलकाता | 7:30 बजे | चेन्नई |
| 12 अप्रैल | लखनऊ/गुजरात | 3:30 बजे | लखनऊ |
| 12 अप्रैल | हैदराबाद/पंजाब | 7:30 बजे | हैदराबाद |
| 13 अप्रैल | राजस्थान/बेंगलुरु | 3:30 बजे | जयपुर |
| 13 अप्रैल | दिल्ली/मुंबई | 7:30 बजे | दिल्ली |
| 14 अप्रैल | लखनऊ/चेन्नई | 7:30 बजे | लखनऊ |
| 15 अप्रैल | पंजाब/कोलकाता | 7:30 बजे | चंडीगढ़ |
| 16 अप्रैल | दिल्ली/राजस्थान | 7:30 बजे | दिल्ली |
| 17 अप्रैल | मुंबई/हैदराबाद | 7:30 बजे | मुंबई |
| 18 अप्रैल | बेंगलुरु/पंजाब | 7:30 बजे | बेंगलुरु |
| 19 अप्रैल | गुजरात/दिल्ली | 3:30 बजे | अहमदाबाद |
| 19 अप्रैल | राजस्थान/लखनऊ | 7:30 बजे | जयपुर |
| 20 अप्रैल | पंजाब/बेंगलुरु | 3:30 बजे | चंडीगढ़ |
| 20 अप्रैल | मुंबई/चेन्नई | 7:30 बजे | मुंबई |
| 21 अप्रैल | कोलकाता/गुजरात | 7:30 बजे | कोलकाता |
| 22 अप्रैल | लखनऊ/दिल्ली | 7:30 बजे | लखनऊ |
| 23 अप्रैल | हैदराबाद/मुंबई | 7:30 बजे | हैदराबाद |
| 24 अप्रैल | बेंगलुरु/राजस्थान | 7:30 बजे | बेंगलुरु |
| 25 अप्रैल | चेन्नई/हैदराबाद | 7:30 बजे | चेन्नई |
| 26 अप्रैल | कोलकाता/पंजाब | 7:30 बजे | कोलकाता |
| 27 अप्रैल | मुंबई/लखनऊ | 3:30 बजे | मुंबई |
| 27 अप्रैल | दिल्ली/बेंगलुरु | 7:30 बजे | दिल्ली |
| 28 अप्रैल | राजस्थान/गुजरात | 7:30 बजे | जयपुर |
| 29 अप्रैल | दिल्ली/कोलकाता | 7:30 बजे | दिल्ली |
| 30 अप्रैल | चेन्नई/पंजाब | 7:30 बजे | चेन्नई |
| 1 मई | राजस्थान/मुंबई | 7:30 बजे | जयपुर |
| 2 मई | गुजरात/हैदराबाद | 7:30 बजे | अहमदाबाद |
| 3 मई | बेंगलुरु/चेन्नई | 7:30 बजे | बेंगलुरु |
| 4 मई | कोलकाता/राजस्थान | 3:30 बजे | कोलकाता |
| 4 मई | पंजाब/लखनऊ | 7:30 बजे | धर्मशाला |
| 5 मई | हैदराबाद/दिल्ली | 7:30 बजे | हैदराबाद |
| 6 मई | मुंबई/गुजरात | 7:30 बजे | मुंबई |
| 7 मई | कोलकाता/चेन्नई | 7:30 बजे | कोलकाता |
| 8 मई | पंजाब/दिल्ली | 7:30 बजे | धर्मशाला |
| 9 मई | लखनऊ/बेंगलुरु | 7:30 बजे | लखनऊ |
| 10 मई | हैदराबाद/कोलकाता | 7:30 बजे | हैदराबाद |
| 11 मई | पंजाब/मुंबई | 3:30 बजे | धर्मशाला |
| 11 मई | दिल्ली/गुजरात | 7:30 बजे | दिल्ली |
| 12 मई | चेन्नई/राजस्थान | 7:30 बजे | चेन्नई |
| 13 मई | बेंगलुरु/हैदराबाद | 7:30 बजे | बेंगलुरु |
| 14 मई | गुजरात/लखनऊ | 7:30 बजे | अहमदाबाद |
| 15 मई | मुंबई/दिल्ली | 7:30 बजे | मुंबई |
| 16 मई | राजस्थान/पंजाब | 7:30 बजे | जयपुर |
| 17 मई | बेंगलुरु/कोलकाता | 7:30 बजे | बेंगलुरु |
| 18 मई | गुजरात/चेन्नई | 3:30 बजे | अहमदाबाद |
| 18 मई | लखनऊ/हैदराबाद | 7:30 बजे | लखनऊ |
| 20 मई | क्वालिफायर 1 | 7:30 बजे | हैदराबाद |
| 21 मई | एलिमिनेटर | 7:30 बजे | हैदराबाद |
| 23 मई | क्वालिफायर 2 | 7:30 बजे | कोलकाता |
| 25 मई | फाइनल | 7:30 बजे | कोलकाता |

## स्पेन ने महिला प्रो लीग में जर्मनी को 2-1 से हराया

एजेंसी ▸▸ भुवनेश्वर



स्पेन ने एफआईएच महिला प्रो लीग में रविवार को जर्मनी को 2-1 से हरा दिया। लूसियाना मोलिना ने तीसरे क्वार्टर में विजयी गोल करके स्पेन को जीत दिलाई। जर्मनी के लिए ऐना क्रेस्केन ने पहले ही मिनट में गोल कर दिया लेकिन पहले क्वार्टर के अंत में सोफियो रोगोस्की ने जर्मनी के लिए बराबरी का गोल दागा। दूसरे क्वार्टर में स्पेन की क्लारा बाडिया को ग्रीन कार्ड मिला जबकि कोई टीम गोल नहीं कर सकी।

स्पेन के लिए तीसरे क्वार्टर में मोलिना ने 38वें मिनट में गोल किया। आखिरी क्वार्टर में जर्मनी को कई पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन स्पेन का डिफेंस काफी मजबूत था। इस जीत के बाद स्पेन के छह मैचों में आठ अंक है। चीन आठ मैचों में 16 अंक लेकर शीर्ष पर है जबकि गत चैंपियन नीदरलैंड दूसरे स्थान पर है जिसके चार मैचों में नौ अंक है। आस्ट्रेलिया के चार मैचों में आठ अंक है।

## राउफ फिट, चैंपियंस ट्रॉफी के लिए उपलब्ध



**कराची।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस राउफ चोट से उबर चुके हैं और बुधवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में टीम के पहले मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे। पाकिस्तान टीम के एक करीबी सूत्र ने रविवार को एजेंसी को पुष्टि की कि हारिस चोट से उबर गए हैं और कराची में चैंपियंस ट्रॉफी के पहले मैच में खेलेंगे। इस तेज गेंदबाज को हाल ही में त्रिकोणीय श्रृंखला के दौरान छाती की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था। सूत्र ने कहा, 'हारिस अब ठीक हैं और त्रिकोणीय श्रृंखला के पहले मैच के बाद दिए गए आराम से उन्हें उबरने में मदद मिली है।'

## अमांडा अनिसिमोवा ने जीता कतर ओपन का खिताब



**दोहा।** अमांडा अनिसिमोवा ने शनिवार रात को यहां कतर ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में सीधे सेटों में जीत दर्ज करके अपने करियर का तीसरा और 2022 के बाद पहला खिताब जीता। अनिसिमोवा ने बारिश के कारण दो बार बाधित फाइनल में पूर्व फ्रेंच ओपन चैंपियन येलेना ओस्टापेंको को 6-4, 6-3 से हराया। बारिश के कारण दूसरी बार मैच बाधित होने के बाद जब खेल शुरू हुआ तो अनिसिमोवा ने आखिरी तीन गेम जीतकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। वह 2002 में मोनिका सेलेस के बाद दोहा में खिताब जीतने वाली अमेरिका की पहली खिलाड़ी बन गई।

## अदिति सऊदी लेडीज इंटरनेशनल में 53वें स्थान पर रहीं



*रियाद। भारत की अदिति अशोक तीसरे दौर में तीन ओवर 75 के लचर प्रदर्शन के बाद रविवार को यहां सऊदी लेडीज इंटरनेशल गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 53वें स्थान पर रहीं। तीन दौर में 69, 72 और 75 का स्कोर बनाने वाली अदिति का कुल स्कोर पार 216 रहा। यह अदिति की 2025 में लेडीज यूरोपीय टूर पर पहली प्रतियोगिता थी। अदिति ने तीसरे दौर में पार 72 के रियाद गोल्फ क्लब पर दो बर्डी की लेकिन वह तीन बोगी और एक डबल बोगी भी कर गई जिससे उनका स्कोर तीन ओवर रहा। थाईलैंड की जीनो थिटिकुल ने चार शॉट के अंतर से अपना पांचवां यूरोपीय टूर खिताब जीता।*

रणजी ट्रॉफी

## सेमीफाइनल आज, विदर्भ के खिलाफ मुंबई प्रबल दावेदार



एजेंसी ▸▸ नागपुर

चोटिल यशस्वी जायसवाल का मुंबई की टीम से बाहर रहना लगभग तय है लेकिन इसके बावजूद गत चैंपियन टीम सोमवार से यहां शुरू हो रहे रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में विदर्भ के खिलाफ प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगी। एजेंसी को पता चला है कि जायसवाल अपनी चोट के आगे के आकलन के लिए जल्द ही बेंगलुरु स्थित भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस जा सकते हैं क्योंकि उन्हें भारत की चैंपियंस ट्रॉफी टीम में 'टीम के साथ यात्रा नहीं करने वाले रिजर्व खिलाड़ी' के रूप में रखा गया है।

जायसवाल की अनुपस्थिति किसी भी तरह से मुंबई की ताकत को कम नहीं करती हैं। यह मुकाबला पिछले साल के फाइनल की पुनरावृत्ति है जिसमें मुंबई ने विदर्भ को हराकर खिताब जीता था। मुंबई के पास कप्तान अजिंक्य रहाणे, सूर्यकुमार यादव, शिवम दुबे और शारदुल ठाकुर जैसे कई स्टार खिलाड़ी हैं।

### शानदार फॉर्म में विदर्भ की टीम

*विदर्भ की टीम शानदार फॉर्म में है। उनके गेंदबाजी आक्रमण में बड़े नाम नहीं है लेकिन हर्ष दुबे, यश ठाकुर, आदित्य ठाकरे और नचिकेत भूट ने विदर्भ के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। बाएं हाथ के स्पिनर दुबे मौजूदा रणजी सत्र में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं जिन्होंने 59 विकेट चटकाए हैं। विदर्भ की टीम मुंबई के शीर्ष क्रम के थोड़े डगमगाने वाले स्वभाव का फायदा उठाने और उन्हें शुरू से ही दबाव में डालने की कोशिश करेगी।*

### केरल पर गुजरात का पलड़ा भारी

अहमदाबाद। पूर्व चैंपियन और मेजबान गुजरात अपने आक्रामक खेल और मजबूत बल्लेबाजी के कारण केरल के खिलाफ सोमवार से यहां शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा। गुजरात 2016-17 का चैंपियन है लेकिन वह 2019-20 के सत्र के बाद पहली बार सेमीफाइनल में पहुंचा है। जहां तक सचिन बेबी की अगुवाई वाली केरल की टीम का सवाल है तो उसके लिए अभी तक का सफर काफी भावनात्मक रहा है। उसने क्वार्टर फाइनल में जम्मू कश्मीर पर पहली पारी में एक रन की बढ़त हासिल करने के दम पर दूसरी बार सेमीफाइनल में जगह बनाई है।

## गार्डनर के हरफनमौला प्रदर्शन और प्रिया के तीन विकेट से गुजरात की शानदार जीत

**वडोदरा।** कप्तान एशले गार्डनर के हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर गुजरात जाइंट्स ने महिला प्रीमियर लीग में रविवार को यूपी वारियर्स को छह विकेट से हरा दिया। गार्डनर ने 39 रन देकर दो विकेट लिये और उसके बाद 32 गेंद में 52 रन बनाये। यह उनका लगातार दूसरा अर्धशतक है जिसके दम पर गुजरात ने तीसरे सत्र में पहली जीत दर्ज की। उसे पहले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने हराया था। पहले गेंदबाजी करते हुए युवा स्पिनर प्रिया मिश्रा के तीन विकेट की मदद से गुजरात जाइंट्स ने यूपी वारियर्स को नौ विकेट पर 143 रन पर रोक दिया। मिश्रा ने चार ओवर में 25 रन देकर तीन विकेट लिये। कप्तान ने 39 रन देकर और डिएंड्रा डोटिन ने 34 रन देकर दो दो विकेट चटकाये। केशवी गौतम को एक विकेट मिला। जीत के लिये 144 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात ने दो विकेट 22 रन पर गंवा दिये थे। यूपी वारियर्स ने दोनों छोर से स्पिनरों को गेंद सौंपी और गुजरात की सलामी बल्लेबाज बेथ मूनी और डी हेमलता सस्ते में आउट हो गईं। इसके बाद गार्डनर ने लौरा वोल्वार्ट (22) के साथ 42 गेंद में 55 रन की साझेदारी की। गार्डनर ने क्रांति गौड़ को दो चौके लगाकर दबाव हटाया। इसके बाद साइमा ठाकोर को दो छक्के लगाये। वोल्वार्ट ने भी एक छक्का जड़ा और उस ओवर में 20 रन बने। गार्डनर ने अपनी पारी में पांच चौके और तीन छक्के लगाये। वह 12वें ओवर में ताहलिया मैकग्रा का शिकार हुईं। इसके बाद हरलीन देयोल (34) और डोटिन (33) ने दो ओवर बाकी रहते गुजरात को जीत तक पहुंचाया। इससे पहले यूपी वारियर्स के लिये कप्तान दीप्ति शर्मा ने 27 गेंद में 39 रन बनाये जबकि उमा छेत्री ने 24 और श्वेता सहरावत ने 16 रन का योगदान दिया। अलाना किंग (19) और साइमा ठाकोर (15) ने 13 गेंद में 26 रन बनाये। किरण नवगिरे और वृंदा दिनेश ने कुछ अच्छे शॉट खेले लेकिन डोटिन और गार्डनर ने उन्हें सस्ते में आउट कर दिया।

## एफआईएच प्रो लीगः भारतीय पुरूष टीम ने स्पेन को 2-0 से हराया

**भुवनेश्वर।** तीसरे क्वार्टर में दो गोल करके भारतीय पुरूष हॉकी टीम ने एफआईएच प्रो लीग में शानदार वापसी करते हुए रविवार को रिटर्न चरण के मैच में स्पेन को 2-0 से हरा दिया। पहले चरण में शनिवार को भारत को स्पेन ने 3-1 से मात दी थी। भारतीय टीम ने रविवार को हालांकि बेहद आक्रामक खेल दिखाते हुए स्पेन को कोई मौका नहीं दिया। मनदीप सिंह ने 32वें और दिलप्रीत सिंह ने 39वें मिनट में फील्ड गोल करके भारत को पूरे तीन अंक दिलाए। अब भारत का सामना मंगलवार को जर्मनी से होगा। भारतीय टीम ने गेंद पर नियंत्रण के मामले में बाजी मारी और पहले दो क्वार्टर में कई मौके बनाये हालांकि खाता नहीं खोल सकी। पांचवें मिनट में मनदीप को गोल करने का सुनहरा मौका मिला लेकिन स्पेन के गोलकीपर रफेल रेविला ने जबर्दस्त बचाव किया। पहले क्वार्टर से चंद पल पहले भारत को लगातार पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन जुगराज सिंह गोल नहीं कर पाये। वहीं भारतीय गोलकीपर कृशन बहादुर पाठक ने 14वें मिनट में स्पेन को मिले पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील नहीं होने दिया। पहले दोनों क्वार्टर में भारत ने गोल करने के काफी प्रयास किया लेकिन स्पेनिश डिफेंस को भेद नहीं सके। पहले हाफ में कोई टीम गोल नहीं कर पाई। ब्रेक के बाद भारत को दूसरे ही मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन जुगराज का शॉट फिर स्पेन के गोलकीपर रेविला ने बचा लिया। मनदीप ने हालांकि करीब से दिलप्रीत के पास पर गेंद को गोल के भीतर डाला।

## भारतीय महिला हॉकी टीम शूटआउट में इंग्लैंड से हारी



**भुवनेश्वर।** भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग के मैच में रविवार को इंग्लैंड से शूटआउट में 1-2 से हार गई जबकि निर्धारित समय तक स्कोर 2-2 से बराबर था। इंग्लैंड के लिए निर्धारित समय में पेजी गिलोट (40वां मिनट) और टेसा हॉवर्ड (56वां) ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल किए। भारत के लिए नवनीत कौर (53वां) और ऋतुजा दादोसा पिसल (57वां) ने गोल किए। नवनीत ने पेनल्टी स्ट्रोक पर गोल किया जबकि ऋतुजा का फील्ड गोल था। शूटआउट में नवनीत ही भारत के लिए गोल कर सकी जबकि कप्तान सलीमा टेटे, सुनेलिता टोप्पो और लालरेम्सियामी नाकाम रहे। इंग्लैंड के लिए लिली वाकर और कप्तान सोफी हैमिल्टन ने गोल दागे। इस जीत से इंग्लैंड को एक बोनस अंक भी मिल गया। भारत ने शनिवार को पहले चरण में इंग्लैंड को 3-2 से हराया था। भारत का सामना अब मंगलवार को स्पेन से होगा।

### मामला निपटाने लगा है तीन महीने का डोपिंग प्रतिबंध

# सिनर और वाडा के बीच समझौते की आलोचना

एजेंसी ▸▸ लंदन





विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर पर डोपिंग मामले में तीन महीने का प्रतिबंध लगाने के समझौते की टेनिस खिलाड़ियों ने कड़ी आलोचना की है। सिनर और विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी के बीच निलंबन को लेकर समझौता हो गया है जिसका मतलब है कि इटली का यह खिलाड़ी पांच मई से फिर से खेल सकता है। इससे उनकी विश्व में नंबर एक रैंकिंग पर भी कोई असर नहीं पड़ेगा तथा वह सभी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट खेल पाएंगे।

पिछले साल मार्च में प्रतिबंधित एनाबॉलिक स्टेरॉयड के सेवन का दोषी पाए जाने वाले सिनर को कोई खिताब या पुरस्कार राशि भी नहीं गंवानी पड़ेगी। तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन स्टैन वावरिंका ने एक्स पर लिखा, 'मैं अब साफ-सुथरे खेल में विश्वास नहीं करता।' विंबलडन उपविजेता निक किर्गियोस ने एक्स पर कहा, 'टेनिस में निष्पक्षता मौजूद नहीं है। सिनर की टीम ने केवल तीन महीने का प्रतिबंध लगाने के लिए अपनी तरफ से पूरी शक्ति लगा दी। कोई खिताब नहीं खोया, कोई पुरस्कार राशि नहीं खोई। दोषी है या नहीं? टेनिस के लिए दुखद दिन।' विश्व के आठवें नंबर के खिलाड़ी दानिल मेदवेदेव ने मार्सिले ओपन के सेमीफाइनल में हारने के बाद कहा, 'मुझे उम्मीद है कि हर कोई वाडा के साथ चर्चा कर सकता है और अब से यानिक सिनर की तरह खुद का बचाव कर सकता है।'

### जोकोविच के संघ ने जताई आपत्ति

*विश्व के पूर्व नंबर एक ब्रिटिश खिलाड़ी टिम हेनमैन ने स्काई स्पोर्ट से कहा, 'उसने अभी ऑस्ट्रेलियाई ओपन जीता है और वह अगले तीन महीने तक एटीपी टूर में नहीं खेल पाएगा लेकिन फ्रेंच ओपन में खेलने का पात्र होगा। सिनर के लिए प्रतिबंध झेलने का इससे बेहतर समय नहीं हो सकता था लेकिन यह इस खेल के लिए कड़वे घूंट की तरह है।' नोवाक जोकोविच और वासेक पोस्पिसिल द्वारा स्थापित प्रोफेशनल टेनिस प्लेयर्स एसोसिएशन ने भी निर्णय लेने की प्रक्रिया में शामिल पार्टियों की आलोचना करते हुए एक्स पर जारी बयान में कहा, 'प्रणाली कोई प्रणाली नहीं है। यह एक क्लब है। यह केवल अनुरुप सौदों, अनुचित व्यवहार और असंगत निर्णयों के लिए कवर है। इसमें पारदर्शिता की कमी और प्रक्रिया का अभाव है।'*

# शहरी युद्ध और आतंकवाद जैसी घटनाओं से निपटने के लिए भारत और जापान के सैनिक मिलकर करेंगे अभ्यास



**द्विपक्षीय रक्षा सहयोग और मजबूत होगा**

रक्षा मंत्रालय (सेना) के आईएचक्यू के अतिरिक्त जनसंपर्क महानिदेशालय ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी दी। इसमें कहा गया, सेना प्रमुख (सीओएएस) की 14 से 17 अक्टूबर, 2024 तक जापान की सफल यात्रा के सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए, अभ्यास 'धर्म गार्जियन 2025' भारत और जापान के बीच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और मजबूत करेगा।

## भारत-जापान संयुक्त सैन्य अभ्यास 25 से माउंट फूजी में शुरू होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

शहरी युद्ध और आतंकवाद जैसी घटनाओं से निपटने के लिए भारत और जापान के सैनिक मिलकर अभ्यास करेंगे। भारत और जापान के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'धर्म गार्जियन (संरक्षक)' का छठा संस्करण 25 फरवरी से 9 मार्च तक जापान के माउंट फूजी में आयोजित किया जाएगा। भारतीय सेना ने रविवार को यह जानकारी दी। अभ्यास का मकसद संयुक्त राष्ट्र के आदेश के तहत शहरी युद्ध और आतंकवाद विरोधी अभियानों को अंजाम देते हुए सेनाओं के बीच अंतर-संचालन को बढ़ाना है।



### जनवरी 2024 में मिस्र में आयोजित किया गया था अभ्यास

इससे पहले 11 फरवरी को भारत और मिस्र के विशेष बलों ने राजस्थान के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में 'साइक्लोन -3' अभ्यास शुरू किया था। एक अधिकारी ने बताया कि अभ्यास 23 फरवरी को समाप्त होगा। अधिकारी ने कहा कि अभ्यास 'साइक्लोन' भारत और मिस्र में बारी-बारी से आयोजित होने वाला एक वार्षिक कार्यक्रम है। इसी अभ्यास का पिछला संस्करण जनवरी 2024 में मिस्र में आयोजित किया गया था।

### संयुक्त अभ्यास का उद्देश्य दोनों देशों के बीच सैन्य संबंधों को मजबूती देना

'साइक्लोन 3' में भारतीय दल में 25 जवान शामिल हैं, जिसका प्रतिनिधित्व दो विशेष बल बटालियनों के सैनिक कर रहे हैं। मिस्र के दल में भी 25 जवान शामिल हैं, जिसका प्रतिनिधित्व मिस्र के विशेष बलों के विशेष बल समूह और टास्क फोर्स के सैनिक कर रहे हैं। अभ्यास साइक्लोन का उद्देश्य अंतर-संचालन, संयुक्तता और विशेष संचालन रणनीति के आपसी आदान-प्रदान को बढ़ाकर दोनों देशों के बीच सैन्य संबंधों को मजबूती देना है।

## खबर संक्षेप

### शांतिः पश्चिम एशिया का दौरा करेंगे मार्को

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो रविवार से पश्चिम एशिया के दौरे की शुरुआत कर रहे हैं। इस दौरे पर मार्को



रूबियो गाजा पर राष्ट्रपति ट्रंप के प्रस्ताव पर सहमति बनाने की कोशिश करेंगे। डोनाल्ड ट्रंप ने बीते दिनों सुझाव दिया था कि गाजा पट्टी का नियंत्रण अमेरिका को दिया जाना चाहिए और अमेरिका वहां पुनर्निर्माण कराएगा। साथ ही ट्रंप ने अरब देशों से गाजा से विस्थापित लोगों को अपने यहां बसाने की मांग की है। इसराइली पीएम नेतन्याहू ने ट्रंप के प्रस्ताव का स्वागत किया था,अरब देशों ने इसे खारिज किया।

### भारत पर हमला करने में असमर्थ आतंकी

**नई दिल्ली।** आतंकी समूह इस्लामिक स्टेट भारत में बड़े पैमाने पर हमले करने में असमर्थ रहा,



लेकिन इसके आकाओं ने देश में स्थित समर्थकों के माध्यम से लोन ऐक्टर हमलों को अंजाम देने का प्रयास किया। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। लोन ऐक्टर हमले विचारधारा से प्रेरित हिंसा की घटनाएं होती है, जिसे ऐसे व्यक्तियों द्वारा अंजाम दिया जाता है, जो संगठित आतंकवादी समूहों का हिस्सा नहीं होते हैं या दूसरों के प्रत्यक्ष आदेशों का पालन नहीं करते हैं।

### पाक दुर्घटनाओं में 16 की मौत, 45 लोग घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में 16 लोगों की मौत हो



गयी और 45 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि पहली दुर्घटना सिंध के शहीद बेनजीराबाद जिले के काजी अहमद कस्बे के निकट हुई। इस हादसे में एक वैन और ट्रेलर के बीच टक्कर होने से पांच लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। काजी अहमद के थाना प्रभारी (एसएचओ) वसीम मिर्जा ने कहा कि वैन जामशोरो जिले के सेहवान शहर में धर्म स्थल लाल शाहबाज कलंदर की ओर जा रही थी।

## रूस-यूक्रेन युद्ध पर बोले जेलेंस्की

# संघर्ष को सुलझाने के लिए अमेरिकी टीम के साथ कर रहे हैं बड़े काम



एजेंसी ▶▶ कीव

यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने रविवार को कहा कि उन्होंने यूएस प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रंप की टीम के साथ मिलकर संघर्ष सुलझाने की दिशा में काम करना शुरू कर दिया है। उनका कहना है कि दोनों देशों के बीच सहयोग से युद्ध को रोकने और शांति स्थापित करने की उम्मीद जग गई है। जेलेंस्की ने बताया कि दुनिया अब अमेरिका को उस शक्ति के रूप में देख रही है जिसके पास न केवल युद्ध को समाप्त करने की क्षमता है, बल्कि स्थायी शांति सुनिश्चित करने में भी वह महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा, हमने प्रेसिडेंट ट्रंप की टीम के साथ काम करना शुरू कर दिया है और हम देख रहे हैं कि सफलता प्राप्त की जा सकती है।

जेलेंस्की ने बताया कि म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन से पहले उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति के साथ बातचीत की, साथ ही उपराष्ट्रपति वेंस और विदेश मंत्री रुबियो के साथ भी महत्वपूर्ण बैठक की। इसके अलावा, जेलेंस्की ने उम्मीद जताई कि जल्द ही जनरल कीथ केलॉग (यूक्रेन और रूस के लिए अमेरिका के विशेष दूत) यूक्रेन का दौरा करेंगे ताकि स्थिति का और अधिक आकलन किया जा सके। वह चाहते हैं कि राष्ट्रपति ट्रंप के द्वारा प्रस्तुत किए जा रहे मजबूत समाधानों पर चर्चा की जाए, जो वास्तव में शांति स्थापित करने वाले हो सकते हैं। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा कि हमारी टीमें हमारे देशों के बीच एक विशेष समझौते पर काम कर रही हैं।

### अमेरिका और यूक्रेन दोनों को मजबूत करेगा समझौता

*एक ऐसा समझौता जो निश्चित रूप से अमेरिका और यूक्रेन दोनों को मजबूत करेगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वे इस समझौते को सफल बनाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं, जैसा कि पहले से सहमति व्यक्त की गई थी। इससे पहले म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में बोलते हुए जेलेंस्की ने यह आशा भी व्यक्त की कि राष्ट्रपति ट्रंप यूक्रेन की मदद करेंगे। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि हम इस बात पर भरोसा कर सकते हैं कि वास्तव में राष्ट्रपति ट्रंप हमारी मदद करेंगे, क्योंकि मैं उन पर पूरी तरह से भरोसा करता हूं।हालांकि कई मीडिया रिपोर्ट्स में यह भी कहा जा रहा है कि जेलेंस्की ने यूरोप के लिए गारंटीकृत अमेरिकी समर्थन के खत्म होने की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा, पुराने दिन खत्म हो गए हैं। जब अमेरिका ने यूरोप का समर्थन सिर्फ इसलिए किया क्योंकि उसने हमेशा किया है।*

## जयशंकर ने इजराइल के विदेश मंत्री से की मुलाकात

# एशिया, यूरोप और अमेरिका को जोड़ने वाले कई मामलों पर जयशंकर ने की लंबी चर्चा

*भारत से इजराइल, इटली और फिर अमेरिका तक जाएगा मार्ग, कई देशों को होगा फायदा*

*इजराइल और भारत के बीच और अधिक मजबूत होंगे रिश्ते, व्यापारिक लाभ होंगे*

एजेंसी ▶▶ यरुशलम

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जर्मनी में अपने इजराइली समकक्ष गिदोन सार से मुलाकात की और पश्चिम एशिया की स्थिति और एशिया, यूरोप और अमेरिका को इजराइल के माध्यम से जोड़ने के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दृष्टिकोण सहित कई महत्वपूर्ण मामलों पर चर्चा की। दोनों नेताओं ने शनिवार को म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन के इतर मुलाकात की, जो सुरक्षा-कूटनीतिक मामलों पर चर्चा के लिए एक प्रमुख वैश्विक मंच है। इजराइल के विदेश मंत्री कार्यालय ने कहा कि सार ने इस बात पर प्रकाश डाला कि इजराइल भारत के साथ अपने संबंधों को रणनीतिक महत्व देता है। इजराइल के माध्यम से एशिया, यूरोप और अमेरिका को जोड़ने पर चर्चा की।

### अमेरिका और भारत मिलकर करेंगे काम



वाशिंगटन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ संयुक्त सम्मेलन में ट्रंप ने कहा था कि अमेरिका और भारत इतिहास के सबसे महान व्यापार मार्गों में से एक के निर्माण में मदद करने के लिए मिलकर काम करने पर सहमत हुए हैं। यह भारत से इजराइल, इटली और फिर अमेरिका तक जाएगा, जो हमारे भागीदारों को बंदरगाहों, रेलवे और समुद्र के नीचे केबलों से जोड़ेगा। जयशंकर और सार ने हाउती और ईरान द्वारा व्यापार मार्गों पर हमलों से उत्पन्न चुनौतियों के बारे में भी बात की।

### भारत में हुए जी20 में बनी थी बात

पश्चिम एशिया के जरिए भारत को यूरोप तक जोड़ने के लिए एक परियोजना मौजूद है। इस परियोजना की घोषणा नयी दिल्ली में 2023 जी20 शिखर सम्मेलन में की गई थी। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने तब इसे इतिहास की सबसे बड़ी सहयोग परियोजना बताया था और कहा था कि यह पश्चिम एशिया, इजरायल की सूरत बदल देगी तथा पूरे विश्व को प्रभावित करेगी।

### सफल मुलाकात

### जयशंकर ने एक्स जाहिर की खुशी

*दोनों नेताओं ने शनिवार को म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन के अवसर पर मुलाकात की, जो सुरक्षा-कूटनीतिक मामलों पर चर्चा करने के लिए एक प्रमुख वैश्विक मंच है। जयशंकर ने एक्स पर लिखा कि एमएससी2025 के मौके पर इजराइल के विदेश मंत्री गिदोनसार से मिलकर बहुत खुशी हुई। पश्चिम एशिया/मध्य पूर्व की मौजूदा स्थिति पर विचारों का आदान-प्रदान हुआ। हमारी द्विपक्षीय साझेदारी की मजबूती और महत्व को रेखांकित किया गया। इजराइली विदेश मंत्री के कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया इजराइल भारत के साथ अपने संबंधों को रणनीतिक महत्व देता है। बयान में कहा गया कि उन्होंने (सार ने) इजराइल से होकर एशिया, यूरोप और अमेरिका को जोड़ने के ट्रंप के दृष्टिकोण पर चर्चा की।*

### नेतन्याहू ने बताई थी सबसे बड़ी सहयोग परियोजना

*इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने तब इसे हमारे इतिहास की सबसे बड़ी सहयोग परियोजना बताया था और कहा था कि यह मध्य पूर्व, इजरायल की सूरत बदल देगी और पूरे विश्व को प्रभावित करेगी। इजराइल के बयान में कहा गया कि जयशंकर और सार ने हूथियों और ईरान द्वारा व्यापार मार्गों पर हमलों से उत्पन्न चुनौतियों के बारे में भी बात की। हाल ही में इजराइल और हमास के बीच संघर्ष के दौरान हुतियों ने रणनीतिक बाब-अल-मन्देब क्षेत्र में जहाजों पर बार-बार हमले किए हैं, उनका दावा है कि वे इजराइल से जुड़े जहाजों को निशाना बना रहे हैं।*



# ट्रंप ने बांग्लादेश को दे दिया बड़ा झटका 29 मिलियन डॉलर की मदद रोक दी गई

## हाल ही में पीएम मोदी ने की थी अमेरिका यात्रा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिकी यात्रा के 48 घंटे के भीतर अमेरिका ने बांग्लादेश को बड़ा झटका दिया है। एलन मस्क के नेतृत्व वाले सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) ने कई विदेशी परियोजनाओं को रद्द करने का फैसला किया है। इनमें से एक परियोजना बांग्लादेश की भी है। अमेरिका की सरकार बांग्लादेश को 29 मिलियन अमेरिकी डॉलर की धनराशि देने वाली थी, ताकि बांग्लादेश में राजनीतिक परिदृश्य को मजबूत बनाया जा सके। मगर



अब एलन मस्क के विभाग ने फंडिंग को रद कर दिया है। अमेरिका के सरकारी दक्षता विभाग ने सोशल मीडिया वेबसाइट एक्स पर पूरी सूची जारी की गई। इसमें कहा गया है कि बांग्लादेश को दी जाने वाली 29 मिलियन डॉलर की फंडिंग को रोक दिया गया है। हाल ही में पीएम मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ बांग्लादेश के मुद्दे पर चर्चा की थी। ट्रंप ने बांग्लादेश में अमेरिकी सरकार के शामिल होने से इनकार किया था। उन्होंने यह भी कहा था कि बांग्लादेश को पीएम मोदी पर छोड़ दिया है। अमेरिका राजनीतिक परिदृश्य को मजबूत करने के तहत बांग्लादेश में राजनीतिक दलो में क्षमता का निर्माण, पर्टियों के बीच संबंधों को मजबूत करने और हिंसा को कम करने की फंडिंग करता है। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के छात्रों और राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं को भी शामिल किया जाता था।

## करीब दो लाख लोग होंगे प्रभावित

# ट्रंप सरकार में वीडियो कॉल के जरिए निकाले जा रहे सरकारी कर्मचारी

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

ट्रंप प्रशासन में संघीय कर्मचारियों की बड़े पैमाने पर छंटनी की जा रही है, जिसने पूरे अमेरिका में हलचल मचा दी है। बीते कुछ दिनों में ही हजारों संघीय कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कई कर्मचारियों को तो माइक्रोसॉफ्ट टीम पर वीडियो कॉल के जरिए नौकरी से निकाला जा रहा है। सरकार के इस फैसले से प्रोबेशनरी कर्मचारी सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं और करीब दो लाख कर्मचारियों को नौकरी से निकाला जा सकता है। छंटनी का नया दौर शुक्रवार को शुरू हुआ, जिसमें अमेरिकी सरकार के



आंतरिक विभाग से करीब 2300 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया गया। जिन कर्मचारियों को नौकरी से निकाला गया, वे सार्वजनिक भूमि, राष्ट्रीय उद्यान और तेल-गैस के पट्टों के प्रबंधन से जुड़े थे। इस छंटनी की आलोचना इस वजह से भी हो रही है कि ट्रंप सरकार कर्मचारियों को अपने बचाव का मौका भी नहीं दे रही है और लोगों को वीडियो कॉल के जरिए नौकरी से निकाला जा रहा है।

## हिंदी को महत्वपूर्ण बताया

# संयुक्त राष्ट्र से मान्यता मिलने से हिंदी वैश्विक भाषा बन जाएगी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दुनिया में 60 करोड़ लोगों की ओर से बोली जाने वाली हिंदी भाषा संयुक्त राष्ट्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। संयुक्त राष्ट्र के एक शीर्ष अधिकारी ने यह बात कही है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन ने यहां अपने परिसर में 'बहुभाषिकता और विदेशों में हिंदी का प्रचार' विषय पर विश्व हिंदी दिवस मनाया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि, महिला व बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि भारत का सामाजिक ताना-बाना बहुभाषीय और बहुसांस्कृतिक है। मिशन की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, उन्होंने कहा कि हिंदी को और अधिक लोकप्रिय भाषा बनाने के लिए कई पहल की जा रही हैं और संयुक्त राष्ट्र की ओर से मान्यता मिलने से यह वैश्विक भाषा बन जाएगी।

### दुनिया में 60 करोड़ लोग हिंदी भाषी

संयुक्त राष्ट्र की वैश्विक संचार उप महासचिव मेलिसा फ्लेमिंग ने कहा कि 60 करोड़ लोगों की ओर से बोली जाने वाली हिंदी भाषा संयुक्त राष्ट्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि 'हिंदी परियोजना और विभिन्न सोशल मीडिया अपडेट संयुक्त राष्ट्र की गतिविधियों को हिंदी भाषियों के करीब ला रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी. हरीश ने इस बात पर जोर दिया कि हिंदी को संयुक्त राष्ट्र में गैर-आधिकारिक भाषाओं की सूची में शामिल कर लिया गया है।

### 70 लाख डॉलर का योगदान दिया

इसके अलावा, संयुक्त राष्ट्र में भारत ने हिंदी में संयुक्त राष्ट्र समाचार को बढ़ावा देने के लिए लगभग 70 लाख डॉलर का योगदान दिया। कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं में प्रमुख शिक्षाविद शामिल थे, जिन्होंने अमेरिका में हिंदी को बढ़ावा देने के अपने अनुभव साझा किए।भारत सरकार ने वैश्विक स्तर पर हिंदी को बढ़ावा देने और लोकप्रिय बनाने के प्रयासों को मजबूत करने के लिए 10 जनवरी, 2006 को विश्व हिंदी दिवस की शुरुआत की। तब से, विश्व हिन्दी दिवस हर वर्ष दुनिया भर में मनाया जाता है।

## दुनिया से बेहतर डिजिटल कनेक्टिविटी के लिए हो रहा बड़ा प्रयास

# भारत-अमेरिका के बीच समुद्र में 50 हजार किमी की अंडरसी केबल बिछाएगा मेटा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

फेसबुक, इंस्टाग्राम और वॉटसएप की प्रवर्तक कंपनी मेटा ने 50 हजार किमी की लंबाई के अंडर सी केबल प्रोजेक्ट 'वाटरवर्थ' का ऐलान किया है। इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य भारत-अमेरिका के बीच डिजिटल कनेक्टिविटी को बढ़ाना है। माना जा रहा है कि इस प्रोजेक्ट से दोनों देशों के बीच हाई-स्पीड इंटरनेट कनेक्टिविटी का एक नया दौर शुरू होगा और इससे भारत के डिजिटल इकोसिस्टम को भी सपोर्ट मिलेगा।



मेटा ने बताया कि नया प्रोजेक्ट वाटर बर्थ अमेरिका, भारत, ब्राजील, साउथ अफ्रीका और अन्य महत्वपूर्ण रीजन में इंडस्ट्री-लीडिंग कनेक्टिविटी उपलब्ध कराएगा और यह प्रोजेक्ट इस दशक के अंत तक पूरा हो सकता है। कंपनी ने आगे कहा कि प्रोजेक्ट वाटर बर्थ से इन इलाकों के बीच आर्थिक सहयोग बढ़ेगा, डिजिटल पहुंच बढ़ेगी और टेक्नोलॉजी विकास के नए अवसर खुलेंगे।

भारत के डिजिटल ईकोसिस्टम को भी सपोर्ट मिलेगा

प्रोजेक्ट इस दशक के अंत तक पूरा हो सकता है

दुनिया का सबसे लंबा समुद्री केबल प्रोजेक्ट होगा

7,000 मीटर तक की गहराई में




### मेटा के लिए यह प्रोजेक्ट है काफी अहम

*मेटा के लिए यह प्रोजेक्ट काफी अहम है, क्योंकि कंपनी के सभी प्लेटफॉर्म पर भारत में यूजर्स की संख्या 100 करोड़ से भी ऊपर है। भारत में हाई-स्पीड इंटरनेट भी तेजी से गांव और कस्बों तक पहुंच रहा है। ऐसे में मेटा इन सभी को अपने यूजर्स के रूप में देखती है और इससे कंपनी के लिए कमाई के नए रास्ते खुलेंगे। मेटा ने अपने ब्लॉग पोस्ट में लिखा कि कंपनी अपनी तरह की पहली रूटिंग का उपयोग कर रही है, जिसके तहत समुद्र में 7,000 मीटर तक की गहराई पर पानी में केबल बिछाई जाएगी। इसके अलावा जहाज के लंगरों और अन्य खतरों से होने वाले नुकसान से बचने के लिए उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों, जैसे कि तट के पास उथले पानी में दफन टेक्नोलॉजी का उपयोग किया जाएगा।*

### डिजिटल हाईवे की विश्वसनीयता में बढ़ोतरी होगी

प्रोजेक्ट वाटर वर्थ एक मल्टी-बिलियन डॉलर प्रोजेक्ट है। इससे डिजिटल हाईवे की विश्वसनीयता और पैमानों में बढ़ोतरी होगी। यह प्रोजेक्ट इस दशक के अंत तक पूरा हो सकता है। मेटा के आधिकारिक प्रवक्ता ने कहा कि भारत में डिजिटल सेवाओं की बढ़ती मांग से प्रेरित होकर, यह निवेश आर्थिक विकास, मजबूत इन्फ्रास्ट्रक्चर और डिजिटल समावेशन के प्रति मेटा की प्रतिबद्धता को दिखाता है और यह भारत के संपन्न डिजिटल परिदृश्य और टेक्नोलॉजी इनोवेशन को भी बढ़ावा देता है। अंडरसी केबल प्रोजेक्ट दुनिया के डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर की रीढ़ की हड्डी है। दुनिया का 95 प्रतिशत डेटा ट्रैफिक इन्हीं केबलों से होकर गुजरता है।



हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109